हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



भारत ने दुनिया को दिखाया 'दम'...
घर में घुसकर भी 'मारते' हैं, घर से 'उठाकर' भी लाते हैं...



# 'आतंकी राणा' बोलेगा 26/11 के राज खोलेगा

केंद्र सरकार ने नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया, जो एनआईए की तरफ से सुनवाई में शामिल होंगे। वही, पहुंचाएंगे उसे फांसी तक

मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे

1 खत्म हुआ 17 साल का लंबा इंतजार... शिंकजे में आ गया मुंबई हमले का गुनहगार

2 स्वाट कमांडो की टीम राणा को पालम टेक्निकल एयरपोर्ट ले लेकर एनआईए मुख्यालय पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के 17 साल बाद गुरुवार मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा भारत आ गया है। अपरान्ह 4 बजे के आसपास उसका विमान दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। एनआईए ने उसे अपने कब्जे में ले लिया है। कुछ जरूरी कागजी कार्रवाई के बाद उसे एनआईए दफ्तर ले जाया गया।

मेडिकल जांच के बाद उसे सीधे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश करेंगे। राणा की कस्टडी की मांग कोर्ट से की जाएगी। वो एक दशक से भी अधिक वक्त से अमेरिका की जेल में बंद था। पीएम मोदी के प्रयासों के बाद उसे भारत लाया जा सका है। मुंबई हमलों में 175 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 300 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है 64 वर्षीय राणा मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा है।

राणा को प्रत्यर्पण कर भारत लाने के बाद सबसे पहले एनआईए ने उसे 26/11 हमले को लेकर दर्ज अपने केस में गिरफ्तार किया। कई लेयर सिक्योरिटी लगाई गई है।

## मुंबई से राणा के लौटने के बाद ये ताबड़तोड़ हमले हुए थे

### और, पाकिस्तान हो जाएगा बेपर्दा

▶▶ अब उससे पूछा जाएगा कि पाक में बैठे किन आकाओं ने भारत के खिलाफ छेड़ा था रण

▶▶ जैसे ही वह यह राजफाश करेगा पाकिस्तान आतंकवाद पर दुनिया के सामने हो जाएगा एक्सपोज

### एनआईए ने जारी किया आतंकी का पहला फोटो




### कई गाड़ियों ने राणा के काफिले को एस्कॉर्ट किया

राणा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एसडब्ल्यूएटी (स्वाट) यानी स्पेशल वेपन्स एंड टेक्टिस के कमांडो की सुरक्षा घेरे में है। स्वाट कमांडो की टीम एयरपोर्ट पहुंची। दिल्ली पुलिस की कई गाड़ियों ने राणा के काफिले को एस्कॉर्ट किया। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तहव्वुर राणा को लेकर तीन रूट बनाए। पहला रूट जिस पर लेकर जाया गया। इसके अलावा 2 वैकल्पिक रूट भी तैयार किए गए थे।

### पाकिस्तान ने पल्ला झाड़ा कहा-राणा कनाडाई नागरिक

*तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत है। हालांकि ये राह आसान नहीं रही और मुंबई हमले के साजिशकर्ता राणा ने अपना प्रत्यर्पण रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन भारत के प्रयासों के सामने उसकी एक न चली। अब पाक ने राणा से किनारा कर लिया है। कहा- राणा कनाडाई नागरिक है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि तहव्वुर ने दो दशकों से अधिक समय से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों का नवीनीकरण नहीं कराया है।*

आतंकी को भारी सुरक्षा के बीच एयरपोर्ट से लाया गया




### गिरफ्तारी के बाद एनआईए राणा के साथ क्या करेगी?

*इससे पहले तहव्वुर राणा की हवाई अड्डे पर मेडिकल जांच की गई और और पालम टेक्निकल हवाई अड्डे पर मौजूद डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उसकी गिरफ्तारी ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद ही एनआईए की टीम आगे की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गई। एनआईए की स्पेशल कोर्ट के जज चंद्रजीत सिंह के सामने पेश किया गया। राणा के भारत में आते ही एनआईए ने एक प्रेस रिलीज जारी की है। बताया कि तहव्वुर हुसैन राणा को कैसे भारत लाया गया। एनआईए ने बताया कि हमने सफलतापूर्वक उसका प्रत्यर्पण कर लिया है। राणा न्यायिक हिरासत में था। एक डील के तहत उसका प्रत्यर्पण हुआ है।*

### ये है भारत के बढ़ते कद के सबूत

▶▶ पहला फैक्टर है कानूनी दांव-पेच, दरअसल तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है, ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया।

▶▶ राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बढ़ती हुई कूटनीतिक पहुंच, इसके अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का सबूत है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व की बाइडेन सरकार या मौजूदा ट्रंप सरकार दोनों ने ही राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। ट्रंप ने तो अपने एक बयान में साफ कर दिया था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण में कई बार मुश्किलें भी आईं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों का फायदा उठाते हुए उन मुश्किलों को समाप्त कर दिया।

### कहां रखा जाएगा राणा को?

▶▶ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फरवरी में संकेत दिए थे कि तहव्वुर राणा को उसी जेल में रखा जाएगा, जहां 26/11 हमले को अंजाम देने वाले आतंकी अजमल कसाब को रखा गया था।

▶▶ दूसरी तरफ दिल्ली के तिहाड़ जेल प्रशासन ने भी तहव्वुर राणा के लिए उच्च सुरक्षा वाला जेल वार्ड बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, राणा को कहां रखा जाएगा इस पर अंतिम फैसला गृह मंत्रालय लेगा।




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई कोलकाता
शाम 7.30 बजे से

## तेज रफ्तार से आ रही एसयूवी बेकाबू होकर सोमती नदी में गिरी



# 4 की मौत 2 गंभीर, सब्बल से दरवाजे तोड़ निकालना पड़े शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे, तभी करीब 45 किलोमीटर दूर सोमती नदी में तेज रफ्तार एसयूवी पुल से गिर गई। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सभी लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे। खास बात ये है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कार में 6 लोगों के अलावा एक बकरा भी सवार था जो सुरक्षित बाहर निकल आया। हादसे की जानकारी मिलते ही चरगंवा थाना प्रभारी अभिषेक प्यासी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्कॉर्पियो (एमपी 04 बीए 6954) में फंसे लोगों का रेस्क्यू कर उन्हें बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने कार की बॉडी को सब्बल से फैलाया और अंदर फंसे दो लोगों को बाहर निकाला।

▶▶ स्कॉर्पियो में सवार 6 लोग चरगंवा से जबलपुर आ रहे थे

▶▶ एक बकरा भी सवार था जो सुरक्षित बाहर निकल आया

### अचानक तेज आवाज आई

प्रत्यक्षदर्शी रामकुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तेज रफ्तार कार जबलपुर की तरफ जाती दिखी थी, अचानक तेज आवाज आई। गांव के लोग दौड़कर पुल के पास पहुंचे तो देखा कि कार पुल से 30 फीट नीचे गिरी है। गांव के लोगों ने तुरंत ही पुलिस और 108 को सूचना दी। कुछ ही देर बाद मौके पर पुलिस पहुंची। जिनके साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

### लैंडिंग के बाद हार्ट अटैक से पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई।



यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य फॉर्मेलिटीज कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होना शुरू हो गई थी, थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा

## 3 महीने में पैकेज्ड फूड पर 'चेतावनी' लेबल लगवाएं

केंद्र ने कहा-जनता से आपत्तियों के रूप में लगभग 14,000 टिप्पणियां प्राप्त हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पैकेज्ड फूड पर चेतावनी लेबल लगाने की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह अगले तीन महीनों में सिफारिशों को लागू करे। कोर्ट ने इसी अवधि में वार्निंग लेबलिंग और डिस्प्ले रेगुलेशन, 2020 में संशोधन पर फैसला लेने को कहते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और आर.महादेवन की खंडपीठ ने पैकेज्ड फूड के पैकेट पर चेतावनी की मांग करने वाली पब्लिक चेरिटेबिल ट्रस्ट थ्रीएस एंड आवर हेल्थ सोसाइटी की याचिका में कहा गया कि नागरिकों को ग्रहण किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की पूर्ण जानकारी के आधार पर अपने निर्णय लेने का अधिकार है। जस्टिस



पार्डीवाला ने कहा कि वह विशेषज्ञ समिति को तीन महीने में अपनी सिफारिशें देने के निर्देश के साथ ही इस याचिका का निस्तारण कर रहे हैं। इस मामले की जब सुनवाई हुई तो केंद्र ने हलफनामे की ओर कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें कहा गया है कि हितधारकों सहित जनता से आपत्तियों के रूप में लगभग 14,000 टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं और केंद्र वार्निंग लेबलिंग और डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 में संशोधन करने का फैसला किया है।

1 लाख का जुर्माना और एफआईआर के निर्देश

## 44 पर पारा...पर स्कूल प्रबंधन ने कटवाया हरा-भरा बरगद का पेड़

***महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि सूखे पेड़ काटने की परमीशन ली थी, हरा भरा बरगद का पेड़ काट दिया***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम

सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन द्वारा गुरुवार को हरा-भरा घना बरगद का पेड़ कटवा दिया गया। जिसके बाद बवाल हो गया। पेड़ काटने की सूचना मिलने पर महापौर प्रहलाद पटेल पहुंच गए। अधिकारियों को स्कूल प्रबंधन पर 1 लाख रुपए का जुर्माना और एफआईआर दर्ज करने को कहा।

### एबीवीपी ने दिया धरना, एक हजार पेड़ लगाने की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता पेड़ की काटी गई टहनियों को लेकर स्कूल के बाहर मुख्य सड़क पर बैठ गए। एसडीएम अनिल भाना व स्टेशन रोड थाना प्रभारी डाबी को कार्रवाई के लिए ज्ञापन सौंपा। अभाविप के नगर मंत्री सिद्धार्थ मराठा ने बताया स्कूल के परिसर के बाहर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की है।

पांच जिलों में 42 डिग्री के करीब पारा, भोपाल में 41 पर थमा

# प्रदेश में 'भीषण गर्मी' के बीच बादल, बारिश और ओले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में दो दिन से जारी बादल, बारिश और ओले के असर से गुरुवार को प्रदेशभर में लू से राहत रही। लेकिन, भीषण गर्मी का असर बना रहा। अधिकांश जिलों में दिन के औसत तापमान में एक डिग्री तक गिरावट रही।

■ पचमढ़ी से ठंडा रहा सीधी प्रदेशभर के तापमान में मामूली गिरावट

प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री रहा। धार, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा और रतलाम में पारा 42 डिग्री तक रहा। भोपाल में पारा दशमलव 3 डिग्री बढ़कर 41.3 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 25 डिग्री पर थमा रहा। दिन के पारे में सर्वाधिक कमी सीधी में 6.8 डिग्री की रही, दिन का पारा 31.8 डिग्री पर पहुंच गया।

### दो दिन बाद 2 से 3 डिग्री तक और गिरेगा दिन का पारा, भोपाल में भी होगी बारिश



दोपहर 1:30 बजे, ज्योति टॉकीज चौराहा



### लू लगने से इंदौर में चार मोरों की मौत

**इंदौर।** जीपीओ क्षेत्र में चार मोरों की मौत हो गई। लोगों ने जब मोरों को जमीन पर मृत अवस्था में देखा तो पशु चिकित्सालय को सूचना दी। इसके बाद विभाग की टीम आई और मोरों को पशु चिकित्सालय ले गई। वहां चारों मोरों का पोस्टमार्टम किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान



**उपलब्धि** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों का तेजी से हो रहा जीर्णोद्धार

# मप्र में जनसहयोग से 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' पीएम मोदी का सिद्धांत ले रहा आकार

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण में जनता की भागीदारी का विशेष रूप से उल्लेख किया है। उन्होंने 'खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में' के सिद्धांत को अपनाने पर जोर दिया है। इसी सोच को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य- 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के द्वारा जल संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ-साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ सफाई, जल स्त्रोतों के आस-पास पौध रोपण के कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। इसके साथ ही समाज की सहभागिता के लिए जल संरक्षण जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अभियान जनप्रतिनिधि और जनमानस बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

### शाजापुर में 1800 कार्यों का लक्ष्य, तेजी हो रहे काम

मध्यप्रदेश शाजापुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में 1800 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिले में वॉटर शेड कार्य, 19 प्रमुख नदियों के उद्गम क्षेत्रों में साफ-सफाई, 87 पुराने तालाबों की सफाई की कार्य योजना पर जिले की 352 ग्राम पंचायतों में पानी चौपाल की शुरूआत कर दी गयी है। यह मध्यप्रदेश में किसी भी जिले का सबसे बड़ा टारगेट है। 19 प्रमुख नदियों के उद्गम क्षेत्रों में साफ-सफाई केवल अच्छा काम नहीं है बल्कि पुण्य का काम भी है।



### बुरहानपुर में 44 तालाब संचालित

जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत से जिले की सिंचाई परियोजना के कार्य में तेजी लाई गई है। जिले की प्रमुख सिंचाई योजना पांगरी से 4400 हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जिले की 112 करोड़ 50 लाख रुपये की सिंचाई परियोजना से 15 गांव के लगभग 3200 किसान लाभान्वित होंगे। जल संसाधन विभाग द्वारा 44 तालाब संचालित किये जा रहे हैं। ग्रामीणों को जल संरचनाओं की सफाई कार्य के महत्व के बारे में बताया गया।

### क्या है जल गंगा संवर्धन अभियान

यह प्रदेशव्यापी अभियान खासतौर से गर्मी के मौसम में 30 जून तक, यानी 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसे बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है।

### क्यों जरूरी है संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमपी में प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर तालाबों के निर्माण, वन्य जीवों के लिए वन क्षेत्र और प्राणी उद्यानों में जल संरचनाओं के पुनर्विकास के कार्य किए जा रहे। अभियान के 90 दिनों में प्रदेश की 90 लघु एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। नदियों में जलीय जीवों को पुनर्स्थापित करने की संभावनाएं तलाशने के साथ ही, लघु एवं सीमांत किसानों के लिए 50 हजार नए खेत-तालाब बनाए।

### बनाए जाएंगे एक हजार नए तालाब

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण कर रहा है। साथ ही, प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया गया है। नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित हो रही है। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## विदिशा में 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी का जीर्णोद्धार

विदिशा जिले के सिरोंज में 100 साल पुरानी चेतन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया। बावड़ी के संरक्षण से आसपास के क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। नागरिकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी जल संरक्षण कार्य में शामिल हुए। ऐतिहासिक काम किया गया है। 100 साल पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार, जल संरक्षण, इतिहास, संस्कृति और पर्यटन सभी दृष्टि से महत्वपूर्ण है।




### ग्वालियर के ग्राम छिरेंटा में पोखर गहरीकरण

ग्वालियर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। किसानों से ग्रीष्मकालीन धान की फसल के स्थान पर कम पानी में अधिक पैदावार वाली मूंग की फसल लेने का आह्वान किया गया। युवाओं को आदर्श ग्राम बनाने के लिये संकल्प दिलाया गया। जल संरचनाओं में पोखर सबसे छोटी इकाई है परंतु कई बार यह जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह किसी भी क्षेत्र को भयंकर सूखा और लोगों को प्यास से मौत की स्थिति से बचाते हैं। यहां जल स्रोतों को निखारने का काम तेजी से चल रहा है।

## 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के दिखने लगे परिणाम

### चंबल की नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य

चम्बल नहर प्रणाली की अम्बाह शाखा द्वारा नहर में जंगल सफाई और चोई हटाने का कार्य किया गया। सफाई कार्य में विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया। जल की महत्ता और स्रोतों के संरक्षण पर जोर देते हुए धरोहर को बचाने के लिये जागरूक किया। निश्चित रूप से अच्छा काम है। नहर की सफाई होते रहना चाहिए।



### झाबुआ में कुए की सफाई एवं गहरीकरण

झाबुआ जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। जन-अभियान परिषद के नेतृत्व में पेटलावद की आदर्श ग्राम पंचायत असालिया में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से कुएं की सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया। लगातार काम से कुएं के जल-स्तर में सुधार और जल संरक्षण को बल मिलेगा।

### मुलताई में मां ताप्ती नदी तट की सफाई

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मुलताई में मां ताप्ती नदी तट के सफाई अभियान की शुरूआत की गयी। नगर परिषद नारायणगढ़ में पेयजल प्याऊ लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी।

### शहडोल में कलेक्टर के साथ श्रमदान

शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान में एक नया नारा जन-सामान्य के बीच गढ़ा गया है। यह नारा है आप पानी बचाओ, पानी आपको बचायेगा। इसके लिये सरकार और समाज, दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना होगा। जन-सामान्य को बताया जा रहा है कि जल जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना न तो कृषि संभव है और न ही उद्योग।

## जलदूत.. जल मित्र और अमृत मित्र तैयार



**भोपाल**

नगरीय निकायों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि जल संरचनाओं में मिलने वाले गंदे पानी के नालों को स्वच्छ भारत मिशन-2.0 के अंतर्गत लिक्विड बेस्ट मैनेजमेंट परियोजना के माध्यम से डायवर्सन के बाद शोधित कर जल संरचनाओं में छोड़ा जाये।

पेयजल सुविधा के लिये शहर के मुख्य स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की जाये। नगरीय क्षेत्र की कॉलोनी में रैन-वॉटर हॉर्वेस्टिंग प्रणाली को स्थापित किया जाये। घरों और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकने के लिये लीकेज सुधारने की व्यवस्था की जाये। नगरीय निकायों को उक्त निर्देशों के साथ हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) बनाये जाने के लिये भी कहा गया है। जल संरचनाओं के गहरीकरण के दौरान निकलने वाली मिट्टी को किसानों को दिये जाने के लिये कहा गया है। प्रत्येक नगरीय निकाय को जलदूत, जल मित्र और अमृत मित्र तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगरीय निकायों द्वारा कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिये माय भारत पोर्टल का उपयोग किया जायेगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग 1000 नए तालाबों का निर्माण कर रहा है। साथ ही, प्रदेश की 50 से अधिक नदियों के वॉटर शेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं।

नदियों की जल धाराओं को जीवित रखने के लिए गेबियन संरचना, ट्रेंच, पौध-रोपण, चेकडैम और तालाब निर्माण पर जोर दिया गया है। नर्मदा परिक्रमा पथ का चिन्हांकन कर जल संरक्षण एवं पौध-रोपण की कार्य योजना तैयार की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित हो रहीं हैं। स्थानीय लोगों को जल संरचनाओं के रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव खुद इस काम में इंट्रेस्ट ले रहे हैं। वे चाहते कि राज्य में हर एक खेत में पानी और घर में पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध है। आज मध्यप्रदेश एक खुशहाल और संपन्न राज्य कहलाने लगा है।

**प्रयास** राज्य के हर एक जिले में जल स्त्रोतों को संवारा जा रहा

# प्रदेश के सभी जिलों में मिले अपार जन सहयोग से हो रहे हैं जल संरक्षण कार्य

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान की राज्य स्तरीय शुरुआत की गई है। जन सहयोग के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण और जल संवर्धन के कार्यों में अपार जन सहयोग मिल रहा है।

### जल संवाद एवं श्रमदान

रीवा जिले के इटौरा ग्राम की भेड़ौरा नदी के पुनर्जीवन के उद्देश्य से जल संवाद आयोजित किया गया। संवाद में जल संरक्षण के महत्व के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने भेड़ौरा नदी को आदर्श नदी के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। अब नदी पर प्रतिदिन श्रमदान हो रहा है। नदी की सफाई और गहरीकरण के कार्य को पूरी लगन के साथ किया जा रहा है।

**तालाब के गहरीकरण के लिए श्रमदान:** मंदसौर जिले में तालाबों, नदी और पुरानी बावड़ी को चिन्हित किया गया है। जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को पानी चौपाल में जल के महत्व और दिन पर दिन बढ़ते जल संकट के बारे में जानकारी दी। पौध-रोपण के लिये अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्राम रोज्या में तालाब की सफाई और गहरीकरण के लिये ग्रामीणों ने श्रमदान किया।



## संवारी जा रही अमरावती नदी

बुरहानपुर जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं बारिश के पानी को सहेजने के लिये चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटे-छोटे प्रयासों से कार्यों को गति दी जा रही है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के संचालन के लिये कार्य योजना तैयार की गई है। शहर की अमरावती नदी पर जन भागीदारी से सफाई का कार्य शुरू हुआ। नदी के किनारे जमी हरी काई और झाड़ियों को हटाया गया। कचरे को ट्रैक्टर ट्रॉली के माध्यम से उचित स्थान पर पहुंचाया गया। शहरी क्षेत्र में मोहल्लों में पानी चौपाल लगाई गई।

### आर्दश ग्राम खजुरिया बीना में जल चौपाल

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में जागरूकता के कार्यक्रम गांव-गांव में किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था ने खजुरिया बीना में जल चौपाल ग्रामीणों की उपस्थिति में लगायी। ग्रामीणों को जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण के संबंध में जानकारी दी गई। समिति के सदस्यों ने खेतों में पहुंचकर स्वयं के खर्च पर बनाये गये तालाबों का अवलोकन किया। ग्रामीणों को व्यापक पौध-रोपण की अभी से तैयारी करने की समझाइश दी गई। ग्रामीणों ने गांव में पानी की बर्बादी पर पूरी तरह से रोक लगाने की शपथ ली।

## महिलाओं ने जल संरक्षण का दिया संदेश

छिंदवाड़ा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में नवदुर्गा महिला मंडल द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई। जल यात्रा में महिलाओं ने पानी के महत्व से जुड़े नारे लगाये और जल संरक्षण की शपथ ली। जिले के परासिया विकासखंड के पर्यटन स्थल देवरानी दाई की घटामाली नदी में श्रमदान कर कचरा एवं पॉलीथिन की सफाई की गई। महिलाओं ने सार्वजनिक मंदिर प्रांगण को भी साफ किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्मस्थली डुंगरिया तितरा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिले में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये दीवार लेखन का कार्य भी पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है।

### बोरी बांध निर्माण

धार जिले के विकासखंडा मनावर के ग्राम देवरा में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये सामुहिक श्रमदान किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर 60 बोरियों का बोरी बांध बनाया। ग्राम देवरा के स्कूल फलिये के पास बहते पानी को रोकने के लिये 25 से अधिक ग्रामीणों ने श्रमदान किया। श्रमदान में नवांकुर संस्था के पदाधिकारी भी शामिल हुए। ग्रामीणों को बताया गया कि गांव में मौजूद कुएं, बावड़ी, स्टॉप डेम और तालाब आदि की नियमित सफाई की और जल स्त्रोतों उसके महत्व के बारे में समझाइश दी गई।





### अभियान के दौरान विशेष दिनों पर आयोजन

जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान गंगा दशहरा 5 जून को नगरीय निकायों में प्रसिद्ध लोक कलाकार की सांगीतिक प्रस्तुति होगी। वट सावित्री पूर्णिमा के अवसर पर जल संरचनाओं के आसपास पौध-रोपण का कार्य भी किया जायेगा। इस दिन मातृ शक्ति को वृक्षों के लाभ से परिचित कराते हुए प्रकृति और पौध-संरक्षण की शपथ दिलायी जाएगी। विक्रमोत्सव-2025 में 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन होगा।

D-19003/25

जबलपुर
शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025
■ चैत मास शुक्ल पक्ष-14
■ वर्ष : 19, अंक : 335
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 39
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ

# पीएम मोदी आज ईसागढ़ के आनंदपुर धाम आएंगे

*गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर धाम आएंगे। मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे और आनंदपुर धाम स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण भी करेंगे। आध्यात्मिक और पारमार्थिक उद्देश्य से स्थापित आनंदपुर धाम 315 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां आधुनिक गो-शाला संचालित है, जिसमें 500 से अधिक गो-वंश है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट ग्राम सुखपुर तहसील ईसागढ़ में 1977 से चैरिटेबल अस्पताल संचालित है। यहां वर्ष में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। ट्रस्ट द्वारा कई स्कूल संचालित हैं। जहां 1215 छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के अन्य महत्वपूर्ण सत्संग केंद्र कई अन्य महानगरों में संचालित हैं। श्री आनंदपुर ट्रस्ट एवं इसके अन्य आश्रमों में वैशाखी, गुरु पूर्णिमा, दीपावली, मकर संकाति और श्री परमहंस जी का जन्मोत्सव पर्व मनाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### मस्क का ऐलान, छात्रों के लिए सुपरग्रोक फ्री

**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में एक पोस्ट के जरिए बताया कि छात्रों के लिए सुपर ग्रोक फ्री में उपलब्ध है, लेकिन इस ऑफर के साथ कुछ शर्तें भी जुड़ी हुई हैं। पोस्ट में साफ किया है कि छात्रों को ग्रोक डॉट कॉम पर सुपर ग्रोक की सुविधा सिर्फ दो महीने के लिए मुफ्त में मिलेगी और यह तभी संभव है जब छात्र (ईडीयू) ईमेल आईडी के जरिए लॉगिन करें। ईडीयू डोमेन सिर्फ अमेरिका की यूनिवर्सिटीज को दिया जाता है, इसलिए भारत में पढ़ रहे छात्रों के लिए यह सुविधा अभी उपलब्ध नहीं है। आने वाले समय में वे दूसरे देशों के ईडीयू जैसे ईमेल एड्रेस को भी सपोर्ट देना शुरू करेंगे।




### बेटी ने लव मैरिज की पिता ने खुद को उड़ाया

**ग्वालियर।** झांसी रोड थाना क्षेत्र में बेटी के लव मैरिज से आहत एक पिता ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान ऋषिराज उर्फ संजू जायसवाल के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सुसाइड नोट में अपने इस दुख का जिक्र किया है।



### ट्रैक्टर पलटने से दंपती की मौत, बेटी बची

**डिंडौरी।** शाहपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर इंजन पलटने से दबकर पति-पत्नी की मौत हो गई। उनकी 6 माह की बच्ची की जान बच गई है। जंगल के रास्ते में हादसा हुआ। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंचे। मोहन दास निर्माणाधीन प्रधानमंत्री सड़क परियोजना में ट्रैक्टर ड्राइवर के रूप में काम करता था।



### सौ बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक

**श्योपुर।** श्योपुर के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम आमल्दा के हार में गुरूवार की दोपहर अचानक आग भड़क उठी। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं है। लेकिन इस आग से करीब दो दर्जन से अधिक किसानों की करीब सवा सौ बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने बताया कि आग से किसानों की फसल जली है। जिसका सर्वे शुक्रवार से कराया जाएगा।



## लॉस एंजिलिस 2028 में हिस्सा लेंगी पुरुष और महिलाओं की 6-6 टीमें

# ओलंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी, पांच नए खेल भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर आयोजकों ने बड़ा ऐलान किया। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के आयोजकों ने इस बहुराष्ट्रीय आयोजन में क्रिकेट के लिए टीमें तय कर दी हैं। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे। छह टीमें स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के लिए टक्कर लेती दिखेंगी।

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है।

*साल 1900 में क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा था*

### आईसीसी के 12 नियमित सदस्य

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### लैक्रॉस जैसे खेल को शामिल किया गया

क्रिकेट उन पांच नए खेलों में शामिल है, जिन्हें लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने इन पांच खेलों के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल किए जाने की पुष्टि साल 2023 में की थी। क्रिकेट के अलावा इनमें बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस और स्क्वॉश शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने 5800 करोड़ की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

# 3 साल में अमेरिका से भी 'अच्छा' हो जाएगा मप्र का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क



*गडकरी ने कहा कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्टर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएंगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से मुक्ति मिलेगी*

▶▶ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मांगे 12 हजार करोड़

▶▶ गडकरी ने दी 33 हजार करोड़ की सौगातें

गडकरी ने मंच से ही मांगें मंजूर कर निर्माण पूरा होने की समय-सीमा भी तय कर दी

**राजमार्ग हैप्पीनेस लाने वाले हाई-वे होते हैं। हम मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे**

**ताकि यहां सबको शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य उपचार और विकास का लाभ मिले**



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को मप्र दौरे के दौरान सौगातों की झड़ी लगा दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जितना मांगा, उन्होंने उससे ज्यादा घोषणाएं कीं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केंद्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 किमी लंबाई की 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी।

### जो बात करूंगा, डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा

गडकरी ने कहा कि मैं इस बात का विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आने वाले तीन साल के अंदर मध्यप्रदेश का नेशनल हाईवे नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनेगा। मैं जो बात करूंगा, वो डंके की चोट पर पूरी करके दूंगा। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्टर का काम पूरा करके देंगे। केवल रोड नहीं बनेंगे। दिल्ली-मुंबई से आप जुड़ जाएंगे तो जमीनों की कीमत बढ़ जाएंगी। इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे, गोडाउन बनेंगे। रोजगार मिलेगा तो गरीबी-भुखमरी से मुक्ति मिलेगी।

### गडकरी देश के राजमार्ग विकास पुरुषः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि हम गांव-गांव तक रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर हम मध्यप्रदेश की जनता की जिंदगी में बदलाव लाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

### इन कामों की डेडलाइन तय

- ▶▶ 18 हजार करोड़ से 687 किलोमीटर लंबा इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेस वे मार्च 2026 में पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ 27 करोड़ की लागत से 138 किलोमीटर लंबा उज्जैन से गरोठ फोरलेन ग्रीनफील्ड हाईवे के पहले चरण का काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ 11,500 करोड़ की लागत से भोपाल से कानपुर सिक्सलेन इकोनॉमिक कॉरिडोर मार्च 2027 में पूरा हो जाएगा।
- ▶▶ जबलपुर-दमोह फोरलेन का पहला चरण जुलाई में शुरू होगा।
- ▶▶ 1500 करोड़ से 80 किलोमीटर सतना-चित्रकूट रोड का काम मार्च 2026 के पहले शुरू हो जाएगा।
- ▶▶ 3400 करोड़ से इंदौर-हरदा फोरलेन मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा।

## गडकरी का यह मजाकिया अंदाज

# बढ़ गया उज्जैन सांसद का वजन, वापस ले लेंगे सड़कें

*फिरोजिया को वजन कम करने दिया था चैलेंज*

*पहले वजन घटाया लेकिन अचानक फिर बढ़ा*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 23 फरवरी 2022 को उज्जैन में एक कार्यक्रम के दौरान मंच से भाजपा सांसद अनिल फिरोजिया को चैलेंज दिया था कि वे अपना वजन कम करें। जितने किलोग्राम वजन घटाएंगे, उन्हें उतने हजार करोड़ रुपए शहर के विकास के लिए दिए जाएंगे।

इसके बाद फिरोजिया ने 32 किलो वजन कम कर लिया था। इसके बदले उज्जैन को सौगातें मिलीं। लेकिन उनका फिर से वजन बढ़ने के बाद गडकरी ने वजन कम करने के बदले में दी सड़कों की सौगात वापस लेने की बात कही है।

### सात माह में कम किया था 32 किग्रा वजन

सांसद फिरोजिया ने कहा गडकरी जी ने जो कहा था वो किया। एक किलोग्राम कम करने पर एक हजार करोड़ दिया। उन्होंने करीब 3 हजार करोड़ की उज्जैन-झालावाड़ फोरलेन की सौगात दी है जो 134 किमी की है। ये सही है कि चुनाव के बाद मेरा वजन बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महज तीन महीने में ही उन्होंने 12 किलो और सात महीने में 32 किलो वजन कम कर लिया था।


### बाद में बोले गडकरी- मैं तो मजाक कर रहा था

गडकरी ने बदनावर में उज्जैन-बदनावर सड़क के लोकार्पण के दौरान कहा कि मै जब उज्जैन में आया था तब अनिल फिरोजिया को कहा था की वजन कम करो। जितना कम करोगे, उतना पैसा दूंगा, लेकिन अब वजन बढ़ रहा है तो दिए हुए रोड वापस ले जाने का काम करना पड़ेगा।

## ग्वालियर की मल्टी में भीषण आग

# 5 सिलेंडर ब्लास्ट, 2 फायरकर्मी सहित एक बच्चा भी घायल

धागे के गोदाम तक पहुंचने से भड़की, एयरफोर्स की फायरब्रिग्रेड तक बुलानी पड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

जनकगंज थाना क्षेत्र स्थित खासकी बाजार में अल सुबह एक मल्टी में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं और लपटों में घिर गई।

### आग बुझाते समय फटा सिलेंडर

जिस वक्त आग लगी, बिल्डिंग में रहने वाले लोग गहरी नींद में थे। फ्लैट्स में धुआं भरने से उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई तो नींद खुली। आग की लपटें देखकर वे नीचे की तरफ भागे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री चौबे ने कहा

# नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाया जाना चाहिए

उन्होंने कहा कि ये मेरी व्यक्तिगत राय



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बड़ी मांग कर दी है। उन्होंने गुरुवार को अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त की कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाया जाना चाहिए। केंद्र में आने से पहले नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में शामिल रहे अश्विनी चौबे ने कहा कि वह जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार को दिवंगत जगजीवन राम के बाद बिहार से दूसरे उपप्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहतेहैं। अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि एनडीए में नीतीश कुमार का उल्लेखनीय योगदान है।

## पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिया वक्फ बिल के खिलाफ धरना

# कहा-वक्फ संपत्तियों को लेकर गलत धारणाएं फैलाई जा रहीं



**भोपाल।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में गुरुवार को राजधानी में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सेंट्रल लाइब्रेरी ग्राउंड पर धरना-प्रदर्शन किया। बोर्ड के बैनर तले हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग धरना स्थल पर जमा हुए। प्रदर्शन को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य आरिफ मसूद ने पहले ही वीडियो जारी कर दिया था। धरना स्थल पर जमीयत-ए-उलेमा के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद हारून ने कहा कि ये संशोधन देश के एक बड़े समुदाय के हितों को नजरअंदाज करते हुए जबरन थोपे जा रहे हैं,।

## हबीबगंज थाने में शिकायत की

# रिटायर्ड डीजीपी जोशी को केयर टेकर ने पीटा, गला दबाकर मारने की भी कोशिश

जोशी 1948 बैच के रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर

डरा-धमकाकर पैसे ऐंठना चाहता था केयर टेकर रफीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

100 साल की उम्र के पूर्व डीजीपी के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एचएम जोशी पॉश अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। केयरटेकर ने पैसों के लिए उनका गला दबोचा और धमकाया। केयरटेकर का नाम रफीक है जो निजी एजेंसी के माध्यम से काम पर रखा गया था। वो डरा धमकाकर पैसे ऐंठना चाहता था। संयोग से एक्स डीजीपी के घर खाना बनाने का काम करने वाली गीता उसी समय पहुंची। गीता को देखकर रफीक ने कदम पीछे खींचे। एचएम जोशी 1948 बैच के रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर हैं। 80 के दशक में मध्यप्रदेश के डीजीपी रहे। जोशी केयरटेकर के हर महीने 18 से 20 हजार रुपए सैलरी भी देते थे। पूर्व डीजीपी ने हबीबगंज पुलिस थाने में मामले की शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूर्व डीजीपी ने अपनी शिकायत में बताया कि 8 अप्रैल को शाम साढ़े 4 बजे ड्राइंग रूम में खबर पढ़ रहा था कि तभी रफीक ने घर से 15-20 मिनट के लिए बाहर जाने की अनुमति मांगी।

## रेप केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट का एक और विवादित फैसला

# रेप पीड़िता महिला को ही घटना के लिए ठहराया जिम्मेदार,आरोपी को दी जमानत

छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेप के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़िता को ही कथित अपराध का जिम्मेदार बताया और आरोपी को जमानत दे दी। मामला सितंबर 2024 का है, जहां एक यूनिवर्सिटी की छात्रा ने आरोप लगाए थे कि बार में मिले एक शख्स ने उसके साथ नशे की हालत में रेप किया था। जबकि, आरोपी ने जमानत याचिका में कहा है कि महिला ही उसके साथ जाने को तैयार हुई थी और सहमति से सेक्स हुआ था। जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। आरोपी को 11 दिसंबर 2024 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर दिल्ली के हौज खास के एक बार में मिली लड़की के साथ बलात्कार के आरोप थे। कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वह ही इस कथित वारदात की जिम्मेदार है।

कोर्ट का कहना है कि लड़की ने खुद ही परेशानी को न्योता दिया था और वही इस कथित वारदात की जिम्मेदार



### और, कोर्ट ने दे दी बेल

अदालत का कहना है कि मामले के तथ्य और हालात के साथ-साथ अपराध की प्रकृति, सबूत और पार्टियों के वकीलों की तरफ से दी गई जानकारी पर विचार करने के बाद मेरा मानना है कि आवेदक को बेल दी जा सकती है। ऐसे में जमानत के आवेदन को स्वीकार किया जाता है।

### यह है मामला?

बार से रिश्तेदार के फ्लैट में ले जाकर किया रेप
-नोएडा की एक बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा तीन सहेलियों के साथ दिल्ली के एक बार में गई थी। छात्रा का कहना था कि वहां उसे कुछ परिचित व्यक्ति मिले, जिनमें आरोपी भी शामिल था। पीड़िता ने नोएडा पुलिस को बताया कि शराब पीने के बाद वह नशे की हालत में थी।

# ग्लोबल स्किल पार्क की सभी सीटें भरी जाएंगी, हर विकासखंड में होंगे आईटीआई

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल स्किल पार्क की ब्रांड वैल्यू को स्थापित करते हुए यहां की सभी सीटें भरना सुनिश्चित किया जाएं। स्किल पार्क में संचालित सभी तकनीकी पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता और रोजगारपरक क्षमता पर केंद्रित प्रचार-प्रसार अभियान का संचालन व्यापक स्तर पर किया जाए। प्रदेश में विद्यमान उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और युवाओं को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार विभाग की समीक्षा में यह निर्देश दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**युवाओं के व्यवहारिक प्रशिक्षण और अनुभव के लिए तकनीकी विशेषज्ञता वाले विश्वविद्यालयों और निजी औद्योगिक इकाइयों को शैक्षणिक संस्थाओं से जोड़ा जाएगा**



**तकनीकी शिक्षा कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता और रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति के प्रति असंतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास और उनके लिए रोजगारपरक कार्यक्रमों के लक्ष्य और समय-सीमा निर्धारित कर परिणाममूलक गतिविधियां संचालित की जाए।

### जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मन और जापानी भाषाओं में दक्ष व्यक्तियों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन भी भाषाओं में रोजगार के अवसरों की अधिक संभावना है, उनके प्रशिक्षण की प्रदेश में उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने तकनीकी रूप से दक्ष विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के औद्योगिक इकाइयों को जोड़ते हुए युवाओं को व्यवहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**भाषा रोजगार के लिए प्रदेश में प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था के निर्देश**

### स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर विकासखंड में आईटीआई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई और पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय स्तर पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं। इससे युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### जरूरत के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इससे प्रदेश के उद्योगों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल और दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध होंगे तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। बैठक में कौशल विकास नीति, रोजगार कार्यालयों और कौशल विकास के विलय, स्थानीय एवं परम्परागत पद्धतियों की पहचान के लिए आरंभ श्रुति कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई।*

---

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गडकरी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 के उन्नयन की स्वीकृति और अन्य विकास कार्यों की बहुमूल्य सौगात प्रदान करने पर केंद्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार माना। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गति को और अधिक बढ़ाने के लिए रोड और हाईवे का विशाल नेटवर्क आकार ले रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### शांति बनाए रखने तीन बदमाश जिला बदर

**धमतरी।** धमतरी जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बदमाशों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अविनाश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर वर्ष 2025 में जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। कलेक्टर ने जिले के तीन बदमाशों को आगामी एक वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव को जिला बदर का आदेश पारित किया है। जिला बदर किए गए बदमाशों भावेश मंडावी निवासी बनिया पारा, हिमांचल गौतम निवासी मोटर स्टैंड वार्ड और साहिल गौली निवासी रिसाई पारा पूर्व जिला बदर किया गया है।

---

## आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका

# स्व-सहायता समूह से बहनों के जीवन में नए सूर्य का उदय

**मुख्यमंत्री कुक्षी में स्व सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़े कार्यक्रम में हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्व-सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध भी हो रही है। आत्मनिर्भर मप्र बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व-सहायता समूह सम्मेलन सह-पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया जा रहा है। साथ ही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33% आरक्षण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जमीन या मकान की रजिस्ट्री महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है। लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिला स्व-सहायता समूह की बहनों ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर अपना सामर्थ्य दिखाया है।

*बहनों को निकाय चुनाव में 50% आरक्षण दिया*

*लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को सशक्त किया*



### भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे

*केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने बताया कि बाल्यावस्था में बच्चों को भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होंगे। हमारा दायित्व है कि हम भारत के भविष्य को पोषण दें। वर्तमान सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।*

### कपड़ा कारखानों में काम करने वाली महिलाओं को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार कपड़ा कारखानों में काम करने वाली बहनों को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में अलग से देगी। कंपनी मालिक भी 8 हजार रुपए मेहनताना देंगे। इस प्रकार उनकी मासिक आय 14 हजार 250 रुपए सुनिश्चित हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। राज्य सरकार ने एक लाख शासकीय पदों पर भर्ती का अभियान शुरू किया है।

### 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर

*सरकार अगले 5 साल में ढाई लाख नौकरी के अवसर प्रदान करेगी। हमारी सरकार में हर बेरोजगार के हाथ में रोजगार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार के बदनावर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 10 अप्रैल को धार को देवास से जोड़ने वाली 4 लेन का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की नई सौगातें मिलेंगी। 30 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण की सौगात भी मिलेगी। शुक्रवार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम आ रहे हैं। इसके बाद रविवार 13 अप्रैल को केन्द्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह सहकारी सम्मेलन में भोपाल आएंगे। सहकारिता कार्यों को गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ अनुबंध करेंगे।*

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव

समारोह में ग्राम पिपलिया सरपंच श्रीमती अनीता लोकेश पांचाल ने मंच से जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए बावड़ी जीर्णोद्धार कार्य के अनुभव साझा कर बताया कि पहले बावड़ी बहुत गंदी थी। जनसहयोग एवं जन भागीदारी से बावड़ी का पानी पीने योग्य हो गया है। ग्राम झड़दा निवासी सुखली बाई ने स्व-सहायता समूह के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में उनके घर की स्थिति खराब थी लेकिन श्री सांई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद ऋण प्राप्त किया।

---

**भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हरदा के ग्राम पोखरनी पहुंचे**




## वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर हितानंद ने किया गोशाला में श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी के स्थापना दिवस के अंतर्गत गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत बुधवार को हरदा जिले के टिमरनी विधानसभा के करताना मंडल के ग्राम पोखरनी में बूथ समिति की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया एवं गोशाला में श्रमदान कर शोभायात्रा में शामिल हुए।

प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बूथ समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से दो सांसदों से देश सेवा का सफर शुरू करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है। भाजपा राष्ट्र प्रथम व अंत्योदय के सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी गरीब, युवा, महिला व किसान कल्याण के साथ भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।



### भाजपा ने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित दल है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने विचारों से कभी समझौता नहीं करता। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा का हर कार्यकर्ता देश और समाज की सेवा कर रहा है और जरूरत पड़ने पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को भी तैयार रहता है। पार्टी का स्थापना दिवस हमें अपने संगठन के महापुरूषों के पथ पर चलते हुए देश और समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है।*

---

## एक मई से मप्र में लागू होगी स्मार्ट पीडीसी स्कीम, अब शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण ई-केवाईसी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब उसी हितग्राही को पीडीएस का खाद्यान्न मिलेगा, जिनका ई-केवाईसी हो चुका है। बगैर ई-केवाईसी के किसी भी हितग्राही को अब खाद्यान्न नहीं मिल सकेगा। राज्य शासन ने कहा कि मप्र में स्मार्ट पीडीएस एक मई से लागू किया जाना प्रस्तावित है। पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों से हर हाल में ई-केवायसी 30 अप्रैल तक कराने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि इस कार्य में लगी टीम ग्राम, मोहल्ले में जाकर ई-केवायसी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी अभियान के दौरान राशन वितरण प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अमले का भी सहयोग लिया जाए। बैठक में आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम अनुराग वर्मा, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा

*एसीएस शमी ने गेहूं उपार्जन की प्रगति की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र पर बारदाना एवं हम्माल, तुलावटी की समुचित व्यवस्था करें। स्लॉट बुकिंग अनुसार उपार्जन केन्द्रों में तौलकांटों की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन किसानों की ओर से स्लॉट बुक कर लिया गया है, उनसे उपज विक्रय के लिए सम्पर्क करें। भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के गेहूँ का ही उपार्जन करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन पर विशेष ध्यान दें। असामयिक वर्षा से उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। किसानों को बैठने के लिए छायादार स्थल, पेयजल एवं जनसुविधा की व्यवस्था करें।*

### गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की

अपर मुख्य सचिव (खाद्य) रश्मि अरूण शमी ने बुधवार को ई-केवायसी अभियान और न्यूनतम समर्थन मूल्य गेहूं उपार्जन की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों का ई-केवाईसी कर दोहरे एवं मृत हितग्राहियों के नाम सूची से विलोपित करवाएं। ई-केवायसी की सुविधा पीओएस मशीन पर उपलब्ध है। मोबाइल एप से भी ई-केवाईसी किया जा सकता है।

---

**मुख्यमंत्री ने की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना**

## माता खल्लारी और श्रीराम-जानकी मंदिर में सीएम ने की पूजा-अर्चना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को महासमुंद जिले के खल्लारी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रसिद्ध माता खल्लारी मंदिर और श्रीराम-जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के बाद वे आदिवासी कंवर पैकरा समाज की महासभा में शामिल होने पहुंचे। कंवर पैकरा समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम साय ने समाज के लोगों के साथ हिस्सा लिया और उनके बीच मौजूद रहे। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री का यह कदम क्षेत्रीय संस्कृति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला माना जा रहा है।

---

**बालको थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस कर रही जांच**

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



बालको थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। परसाभांटा शिव मंदिर के पास 22 वर्षीय जयप्रकाश यादव ने अज्ञात कारणों से अपने घर के आंगन में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह पिता ने बेटे का शव फंदे पर लटकता देखा तो उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते इलाके में खबर फैल गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

पिता ने बताया कि वे नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर गए थे। घर पर जयप्रकाश और उनकी पत्नी अकेले थे। सुबह ड्यूटी से लौटने पर उन्होंने बेटे को पेड़ पर लटका पाया और तुरंत आसपास के लोगों व पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, जयप्रकाश पहले ड्राइवर था, लेकिन काम बंद होने के बाद मजदूरी कर रहा था। रात को खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने गया था। उनकी शादी को अभी 11 महीने ही हुए थे और कोई संतान नहीं थी। बालको पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारा। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के कारणों की जांच जारी है।

---

**नक्सलियों के पत्र का गृहमंत्री ने दिया जवाब**

## गृहमंत्री विजय शाह की दो टूक कहा 'नक्सली बंदूक छोड़ें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने सप्ताहभर के भीतर दूसरी बार राज्य सरकार को पत्र लिखकर शांतिवार्ता बात कही है। इस पर राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बंदूक का जवाब बंदूक से होता है। अगर नक्सली चर्चा चाहते हैं, तो मुख्यधारा में आना होगा। दरअसल, नक्सली लीडर रूपेश ने बुधवार को पर्चा जारी किया। पर्चा में उन्होंने शांतिवार्ता के लिए हम तैयार हैं, इसके लिए अनुकूल माहौल बनाने की बात कही थी।

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों ने शांति वार्ता के लिए अपील की है, लेकिन वे सामने आएं। उन्होंने किसी 'समिति' का जिक्र किया है, तो उस समिति को स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इसके के लिए कोई समिति की गठन नहीं की है। सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग बातचीत करना चाहते हैं, वे मुझसे संपर्क करें। मैं उन्हें सुरक्षा देने को तैयार हूं, लेकिन यह स्पष्ट है कि बंदूक का जवाब बंदूक से ही दिया जाएगा। हमारी सरकार कई बार नक्सलियों को मुख्यधारा में आने की अपील कर चुके हैं। मैं सभी से कहना चाहूंगा कि वे बंदूक छोड़ें।

---

**प्रोत्साहन राशि में हेराफेरी का आरोप, 26 लाख से ज्यादा नकदी बरामद**

# ईओडब्ल्यू और एसीबी ने जारी किया छापेमारी का ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ईओडब्ल्यू और एसीबी ने तेंदूपत्ता बोनस गबन मामले में गुरुवार को हुई छापेमार कार्रवाई का ब्यौरा जारी किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले में 12 स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की गई। इस दौरान मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक अकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं।

साथ ही कई बड़े खुलासा करते हुए बताया कि, डीएफओ कार्यालय के कर्मचारी के निवास से नगद 26 लाख रुपये मिले हैं साथ ही ईओडब्ल्यू की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अशोक कुमार पटेल, डीएफओ, वनमंडल सुकमा ने लोकसेवक के पद पर पदस्थ होते हुए अपने पद का दुरूपयोग किया। इसके साथ ही वन विभाग के अधिकारियों, संबंधित विभिन्न प्राथमिक लघुवनोपज समिति के प्रबंधकगण, पोषक अफसरों के साथ-साथ मिलकर अपने-अपने पदों का दुरूपयोग किया।




### बैंक अकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले

आपराधिक षड़यंत्र कर वर्ष 2021- 2022 सीजन के तेंदुपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक के लिए प्रदान की जाने वाली राशि (करीब 7 करोड़) को संग्राहकों को वितरित नहीं किया। बल्कि सभी ने मिलकर उस राशि का गबन कर लिया। जिसके संबंध में आपराधिक न्यास भंग करने और उसमें से कुछ राशि निजी व्यक्तियों को दिये जाने के संबंध में अपराध दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर गुरुवार को संदेहियों के निवास स्थान और संबंधित जगहों पर ईओडब्ल्यू/एसीबी की टीमों ने जिला सुकमा में 12 स्थानों पर रेड की कार्यवाही की। कार्यवाही में मनीष कुंजाम, कार्यालय डीएफओ सुकमा के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक एवं प्राथमिक लघुवनोपज समिति के प्रबंधकगण शामिल हैं। कार्यवाही में संदेहियों के निवास स्थानों और अन्य जगहों से प्रकरण के संबंध में महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाईल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कई बैंक एकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। डीएफओ कार्यालय सुकमा के कर्मचारी राजशेखर पुराणिक के निवास से 26 लाख 63 हजार 700 रू. नगद सर्च के दौरान जप्त किया गया है। प्राप्त दस्तावेजों का विश्लेषण एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। कुछ दिनों पहले इस प्रकरण के मुख्य अभियुक्त अशोक कुमार पटेल, तत्का. वनमंडलाधिकारी, सुकमा के विरूद्ध अनुपातहीन सम्पत्ति का मामला दर्ज कर उनसे सबंधित स्थानों पर सर्च कार्यवाही की गई थी जिसमें अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## चरगवां अंतर्गत गोमती नदी के पुल पर हादसा, दो घायल

# रैलिंग तोड़कर नदी में गिरी कार, चार की मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

चरगवां थाना अंतर्गत गुरुवार को गोमती नदी के पुल पर एक बेकाबू कार रैलिंग तोड़कर नीचे गिर गई। दुर्घटना में कार एमपी 04 बीए 6954 क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में किशन पटेल (40), महेन्द्र पटेल (35), सागर पटेल (17), राजेन्द्र पटेल (36) है। जितेंद्र पटेल और मनोज पटेल घायल है। दोनों को गंभीर चोट है। मृतक और घायल, सभी भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के चौकीताल के निवासी है। आपस में रिश्तेदार है।

### दर्शन कर लौट रहे थे वापस

चौकीताल निवासी किशन पटेल, अपने रिश्तेदारों के साथ कार से गोटेगांव दादा दरबार गए थे। दर्शन करने के बाद सभी जबलपुर लौट रहे थे। चरगवां के पास गोमती नदी पुल पर कार अनियंत्रित हो गई। पुल से नीचे गिर गई। अचानक हुए घटना में किसी को संभलने का अवसर नहीं



मिला। घटना में घायल जितेंद्र और मनोज को गंभीर चोट है। वे बोल तक नहीं पा रहे थे। दोनों को मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### घायलों को बाहर निकाला

तेज गति से जा रही कार पुल से नीचे जिस जगह पर गिरी वहां पानी नहीं था। पचास से ज्यादा फीट ऊंचाई से जाकर जमीन से टकराकर कार पिचक गई। कार गिरने पर हुई तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। उन्होंने देखा तो चरपट हुई कार के अंदर सभी सवार फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने सब्बल एवं अन्य औजारों से कार के दरवाजे एवं चादर को काटकर अलग किया। उसके बाद अंदर से घायलों और मृतकों के शव को बाहर निकाला गया।

### कार में मिला बकरा सुरक्षित

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार अत्यधिक तीव्र गति से जा रही थी। कार के अंदर शराब की बोतल, एक मुर्गा और बकरा मिला है। गंभीर दुर्घटना में बकरा सुरक्षित है। कार चालक के नशे में होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

# बिजली कंपनी छतरपुर कार्यपालन अभियंता आरके पाठक निलंबित

**हरिभूमि, जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा छतरपुर कार्यपालन अभियंता एसटीसी एसडीएम संभाग को आज निलंबित कर दिया गया। निलंबित करने का मुख्य आधार छतरपुर कार्यपालन अभियंता में पदस्थापना के दौरान आरके पाठक द्वारा अपनी सगे भाई लीलाधर पाठक फर्म बालाजी इंटरप्राइजेज एवं भांजे राघवेंद्र उपाध्याय एवं कई अन्य के द्वारा ठेकेदारी करते हुए पाया जाना है। इसके जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है जिसे 7 दिन में अपनी रिपोर्ट देनी है इस कमेटी में शक्ति भवन एवं सागर के अधिकारी शामिल है। प्रथम दौर पर जब उन्हें वहां से स्थानांतरित करके विजिलेंस में पदस्थापना की की गई थी उसे दौरान कुछ लोगों ने एवं उनके भांजो ने अन्य ठेकेदारों को धमकी देने का प्रयास किया। छतरपुर जिले में पैनल ठेकेदार केवल नाम मात्र के लिए थे उनके नाम का सहारा लेते हुए उनके भांजे एवं परिवार के अन्य लोग कार्य कर रहे थे, विगत सप्ताह उनके द्वारा ठेकेदारी करने की शिकायत मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन के अध्यक्ष ने छतरपुर जिले से आए लोगों के कहने पर की थी, जिस पर उनका स्थानांतरण आदेश छतरपुर एसटीसी से करके विजिलेंस छतरपुर में ही कर दिया गया था। विजिलेंस में ट्रांसफर की खबर पाकर उनके द्वारा स्थानीय होने का फायदा उठाते हुए जांच प्रभावित करने एवं जिन लोगों ने शिकायत की है उन्हें धमकाने का कार्य किया जाने लगा। उनका स्थानांतरण जब भी छतरपुर जिले से बाहर होता था तब मंत्री एवं अन्य लोगों से दबाव बनवा कर वापस पुनः छतरपुर करवा लिया जाता था। मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जनार्दन प्रताप सिंह दुबे एवं संगठन के पदाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए यह बताया कि विगत कई वर्षों से वह लगातार मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निवेदन करते आए हैं कि वह ठेकेदारों के हक का कार्य न छीने। परंतु कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी इस चीज से बाज नहीं आ रहे हैं, सरकारी नौकरी करने के साथ में उन्हें ठेकेदारी भी करनी है एवं अतिरिक्त पैसा भी कमाना है।



## इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

# एनएसयूआई ने धूमधाम से मनाया 55वां स्थापना दिवस

जबलपुर।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा संगठन के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर स्थित पार्क में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन की संस्थापक, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री व 'आयरन लेडी' कही जाने वाली स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में जबलपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सागर शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुराग शुक्ला, शफी खान, प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, सक्षम यादव, अंकित शुक्ला, निखिल वंशकार, एश्वर्य नायर, हेमंत द्विवेदी, राज वंशकार, सौर्यम चौधरी, युग ठाकुर, सोनू मौर्य सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# टीकेएम ने अर्बन क्रूजर हाइराइडर और शानदार बनाया



**जबलपुर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि उसने अर्बन क्रूजर हाइराइडर की खासियतें बेहतर (फीचर अपग्रेड) की हैं। ये खासियतें सुरक्षा, आराम और सुविधा को नये सिरे से परिभाषित करती हैं। नवीनतम बेहतरी ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ड्राइविंग अनुभव को शानदार बनाने के लिए इसमें मूल्यवान फीडबैक और उभरते बाजार रुझानों को शामिल किया गया है। भारत की पहली सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के रूप में व्यापक तौर पर प्रशंसित और लोकप्रिय, अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पहले ही एक लाख गाड़ियों की बिक्री का रिकार्ड छू लिया है। यह अपनी अभिनव तकनीक, ईंधन की असाधारण किफायत, गतिशील प्रदर्शन और प्रीमियम ड्राइविंग अनुभव के साथ दिल जीतना जारी रखता है।



# पंजाब नेशनल बैंक मना रहा है अपना 131वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** पंजाब नेशनल बैंक, जो कि देश का एक प्रतिष्ठित स्वदेशी बैंक है, 12 अप्रैल 2025 को अपना 131वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर बैंक द्वारा विभिन्न जागरूकता और ग्राहक-संलग्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत 10 अप्रैल 2025 को एक साइबर सुरक्षा जागरूकता वॉकथॉन से हुई, जो भंवरताल गार्डन, नेपियर टाउन, जबलपुर में प्रातः 7:00 बजे आयोजित किया गया। इस वॉकथॉन का उद्देश्य आमजन को साइबर धोखाधड़ी से बचाव और इंटरनेट तथा मोबाइल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक करना था। बैंक के कर्मचारियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डिजिटल सुरक्षा संबंधी उपयोगी जानकारियाँ नागरिकों से साझा कीं।11 अप्रैल 2025 को, स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर, बैंक की सभी शाखाओं में ग्राहकों के साथ उत्सव मनाया जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर द्वापर युग के बाल विगृह हनुमान के दर्शन

**जबलपुर।** हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर सिद्ध पीठ श्रीराम लला मंदिर ग्वारीघाट में द्वापर युग के अति प्राचीन बाल विग्रह हनुमान जी प्रातः 7:30 बजे गर्भगृह से निकलकर उनका विधिवत पूजन अर्चन एवं अभिषेक उपरांत सार्वजनिक मंच पर स्थापित कर जन सामान्य हेतु श्रद्धालुजन अपने हाथों से स्पर्श कर उनका पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तदुपरांत पूर्वान्ह 11 बजे से मध्य रात्रि तक अनवरत महा भंडारे का आयोजन किया जायेगा, विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्रीराम लला मंदिर ग्वारीघाट में एक नारियल के साथ वर्ष भर अर्जी लगाने से मनोकामना पूर्ण होती है। साबूत सवा लाख नारियलों से भक्तगण हवन कुण्डी में हवन करेंगे। सांयकाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। श्रीराम लला मंदिर आयोजन समिति द्वारा रात्रि 12 बजे बाल हनुमान की महाआरती होगी, तत्पश्चात एक वर्ष के लिये द्विव्य मूर्ति पुनः गर्भगृह में स्थापित हो जायेगी। श्रीराम लला मंदिर समिति ने सभी भक्तजनों से द्वापर युग के स्वयं प्रगट बाल विग्रह हनुमानजी के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

**सवा लाख साबूत नारियलों की दी जाएगी आहुति**

# होम्योपैथस को आधुनिक एआई तरीके उपयोग करना होंगे : आशीष दुबे



हरिभूमि, जबलपुर।

ग्लोबल आयुष मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस पर डॉ हैनिमैन जयंती समारोह कार्यक्रम,अपोलो हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा श्री आशीष दुबे जी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति अपने आप में परिपूर्ण पद्धति है, आज के ए आई युग में, होम्योपैथी से लाभ प्राप्त किए लोगो के अनुभव की जानकारी कॉर्पोरेट तर्ज पर आम जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। होम्योपैथिक चिकित्सकों को अपने मरीजों का विश्वास प्राप्त करने के लिए आधुनिक तरीके भी अपनाने होंगे। नगरीय निकाय और शासन स्तर पर होम्योपैथिक चिकित्सा की उपलब्धता बढ़ाने के समुचित प्रयास करने के लिए मैं कटिबद्ध हूं तथा हर स्तर पर प्रयास करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के विश्वसनीय व चमत्कारिक परिणाम आते हैं, चिकित्सकों को आपस में प्रभावी ढंग से अपने अनुभवों को आपस में शेयर कर जन सामान्य को और बेहतर ढंग से उपचार देने के प्रयास करना चाहिए। ग्लोबल आयुष मेडिकल एसोसिएशन द्वारा इस अवसर पर होम्योपैथी के क्षेत्र में 42 वर्षों से बेहतर कार्य करने के लिए डॉ अभय कुमार राय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, अच्छी होम्योपैथी प्रैक्टिस करने के लिए डॉ अभिषेक भारद्वाज व डॉ ए एन शुक्ला को होम्योपैथी एक्सीलेंसी अवॉर्ड, युवा होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा अच्छी होम्योपैथी प्रैक्टिस को प्रोत्साहित करने के लिए डॉ विकास शुक्ला को होम्योपैथी राइजिंग अवॉर्ड प्रदान किया गया।

**मंच संचालन डॉ विनोद बड़गैंया व आभार प्रदर्शन डॉ प्रवीण मल्होत्रा ने किया।**

कार्यक्रम में महात्मा गांधी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की डायरेक्टर सुश्री कृतिका वर्मा, संगठन के डॉ मदन गोस्वामी, महासचिव डॉ सुनील मिश्र कोषाध्यक्ष डॉ राजेश मिश्र,डॉ गिरीश त्रिपाठी, डॉ एल बी मौर्य, अनुश्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ विकास त्रिपाठी, डॉ राजेश कौरव, डॉ दीप्ति लहरिया, डॉ अभिषेक दुबे, डॉ आशीष वैद्य, डॉ ख्याति यादव, डॉ सुनील दुबे, डॉ आर के चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में होम्योपैथिक चिकित्सक शामिल हुए।





# अहिंसा का संदेश देते निकली भगवान महावीर की शोभायात्रा

## रजत पालकी में सवार होकर निकले श्रीजी





जबलपुर।

श्रवण संस्कृति के उन्नायक अहिंसा धर्म के प्रणेता जियो और जीने दो के उद्‌घोषक श्री 1008 भगवान महावीर की जयंती कल यहां पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी की इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा नयानाभिराम झांकियों के साथ निकाली गईं रजत पालकी में सवार श्रीजी के झांकी श्रद्धा और आस्था का केन्द्र रही। दोपहर में शोभायात्रा का समापन बड़े फुहारे पर हुआ जहां श्रीजी का महामस्तिकाभिषेक किया गया। इस बार आचार्य समय सागर महाराज, विराग सागर का दिव्य सानिध्य मिला। शोभायात्रा में शहर के सभी जैन मंदिरों की पालकियां शामिल हुईं, जिससे जुलूस अत्यंत भव्य हो गया था। महावीर जयंती पर श्री दिगंबर जैन पंचायत सभा और जैन नवयुवक सभा व अन्य समाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान बड़े जैन मंदिर से भगवान महावीर स्वामी की एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर अश्वों पर केसरिया ध्वज लेकर चल रहे युवा चाचर नृत्य, डांडिया, बीजाडांडी का आदिवासी, नृत्य जनाकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण आचार्यश्री विद्यासागर के जीवन पर आधारित झांकियां शामिल थी।शोभायात्रा मार्ग पर रजत पालकी पर विराजमान श्रीजी का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पूजन अर्चन एवं आरती की गई। आदिनाथ जैन नवयुवक समिति, राष्ट्रीय दिगम्बर जैन युवा, महासभा, जैन अल्पसंख्यक संगठन, श्रमण संस्कृति सेवा संघ, आदिनाथ पूजन मंडल, वीर मण्डल सेवा दल, जैन जागृति संघ, द्वारा शोभायात्रा का स्वागत कर मिष्ठान व फल वितरित किये गये। शोभायात्रा में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, अखिलेश जैन (सीए), पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, अजीत संदड़िया, सतेंद्र जैन जग्गू चाचा, संदेश जैन, संदीप जैन, पीआरओ आनंद जैन, आशीष कोठारी, राजनीत जैन, कैलाश चंद्र जैन, राजेश जैन, एडवोकेट अनामिका सिंघाई, पवन चौधरी, डॉक्टर अंबुज जैन, हर्षित सिंघाई, अमित जैन, रिंकू जैन, सुमित जैन, श्रेयांश जैन, अरिहंत जैन, रजनीश जैन पप्पू, डॉक्टर भावना जैन, लोक सेवा से सम्यक जैन डॉक्टर नेहाल जैन, संजीव चौधरी, सविता चौधरी, गौरव जैन, स्वाति मोदी, मंजुला जैन, ज्योति जैन, नेहा जैन, किड्स वेयर से मेघना जैन, आशीष जैन, भूरेलाल से मोनिका जैन, अजय जैन, सन्मति ज्वेलर्स से श्रुति जैन, सम्राट गारमेंट से राखी जैन, ऋतु जैन, अंशी जैन, संगीत जैन बरगी, धीरेन्द्र जैन बिर्रा सेठ, राहुल जैन भेड़ाघाट, अंकित जैन आदि उपस्थित रहे।

### सिविक सेंटर व्यापारी संघ ने किया स्वागत




भगवान महावीर स्वामी की जयंती के उपलक्ष्य में सिविक सेंटर व्यापारी संघ द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मालवीय चौक स्थित अंजुमन स्कूल के सामने समिति द्वारा विशाल स्वागत पंडाल लगाया गया। संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने बताया कि यह आयोजन का 30 वां वर्ष रहा। इस दौरान आइसक्रीम व खोवे की जलेबी का वितरण किया गया। आयोजन में सिविक सेंटर व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, उपाध्यक्ष बल्लू जैन, पवन समदड़िया, संजय जैन, प्रभात कुमार जैन, जिनेंद्र कुमार जैन,संतोष कुमार जैन रानू भाई तारादेही वाले, कमलेश जैन,अनिल जैन, विशाल जैन, रतन जैन,मनीष कुमार जैन, मामू भाई, विकास कुमार जैन खेमचंद जैन, टीनू जैन,रितेश जैन,संदीप जैन, राकेश, मनीष एसटीडी, अनु जैन, भद्दू जैन, संजय टीनू, पवन विनोद आदि उपस्थित रहे।

## 24 वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव उत्साह से मनाया



**सिहोरा।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की 2624 वीं जयंती सकल जैन समाज ने जन्म कल्याणक के रुप में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई। इस अवसर पर सिहोरा खितौला में श्री जी की भव्य विमान शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकाली गई।

1008 श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर पंचायती जैन मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर कालभैरव चौक,झंडा बाजार,गौरी तिराहा,पुराना बस स्टेंड,मैना कुआं,महावीर चौक से होकर शुभारंभ स्थल पर सपन्न हुई।भगवान महावीर स्वामी की अष्टधातु की प्रतिमा के विमान पालकी को सारथी के रुप में पुरुष वर्ग खींचते हुए चल रहे थे। इसके पीछे महिला परिषद की महिलाएं तथा बच्चे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

**विमान यात्रा में जगह जगह पुष्प वर्षा**

जैन धर्मावलम्बियों के द्वारा जगह-जगह भगवान महावीर स्वामी की फूलों से सजी थाली से आरती उतारी गई तथा श्रीफल अर्पित करने के पुष्प वर्षा भी की गई।शोभायात्रा के बाद श्री पार्श्वनाथ पंचायती दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक पूजन शांतिधारा के माध्यम से किया गया। तथा रात्रि में जैन नवयुवक मंडल, प्रसाद सागर सेवा समिति,जैन महिला परिषद तथा सकल समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रश्नमंच एंव महाआरती का आयोजन किया गया।

**बेड़ियों में जकड़ी चंदनबाला की झांकी**

शोभायात्रा में बेड़ियों में जकड़ी चंदनबाला की झांकी आकर्षक का केन्द्र रही बताया जाता है कि ढाई हजार साल पहले कौशांबी के सेनापति शतनिक ने चौक पर पैसों के लिए वसुमति की नीलामी की। जिसे खरीदने धनावह नाम का एक निसंतान सेठ भी आया। सेठ ने वसुमति को घर लाकर पिता की तरह उसका पालन-पोषण किया। वसुमति ने सबका मन मोह लिया। लोग उसे प्यार से चंदनबाला कहने लगे। एक बार धनावह काम से बाहर गए। उनके जाते ही सेठ की पत्नी मूला ने चंदनबाला को गंजा करा दिया उसके पैरों में लोहे की जंजीरें डाल दीं और उसे एक कोठरी में बंद कर दिया। कोठरी में चंदनबाला ने आठ दिन का व्रत किया। व्रत पूरा होने पर भगवान महावीर उधर से गुजरे। उन्होंने चंदनबाला के हाथों से भिक्षा ग्रहण की। राजमहल से कोठरी तक के जीवन ने चंदनबाला को यह ज्ञान दिया कि संसार दुख की जगह है जिससे छुटकारा पाने का रास्ता त्याग है। आगे यही चंदनबाला भगवान महावीर की बड़ी अनुयायी हुईं। उनकी उतार-चढ़ाव भरी जीवनी आज भी लोगों को दुख की घड़ी में जीने की राह दिखाती है। रात्रि में मंदिर में अनेक कार्यक्रमों के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# पंचकोषी परिक्रमा कल

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकल जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा 12 अप्रैल चैत्र पूर्णिमा पर प्रात 6:00 बजे परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में संत महात्माओं के सानिध्य में निकाली जाएगी। बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में होगा एवं विशाल भंडारे के साथ परिक्रमा का समापन होगा।



उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलब्बानी सुरेश विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा विशाल पड्या आदि ने की है।

# दादा वीरेंद्रपुरी के जन्मोत्सव पर नेत्र शिविर 13 को

**जबलपुर।** दादा वीरेंद्रपुरी महाराज के 99वें जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा विश्वनाथपुरी के पावन संरक्षण में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन बजरंग मठ सूपाताल में 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक किया जा रहा है। शिविर के संयोजक बाबूशंकर सोनकर ने बताया की प्रतिवर्ष की भांति मरीजों का पंजीयन, नेत्र परिक्षण कर चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए तिलवारा घाट स्थित देवजी नेत्रालय ले जाया जायेगा। डॉ. पवन स्थापक ने बताया की मरीजों का ऑपरेशन अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से होगा, मोतियाबिंद के ऑपरेशन में निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण होगा। दवाइयाँ, भोजन, चश्मा एवं आवागमन की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। दादा वीरेंद्रपुरी जी महाराज शिष्य मंडल के भोलाराम खत्री,अरुण शर्मा, नीरज बरसैयाँ,अरुण त्रिपाठी,हेमराज अग्रवाल,राजेश सोनकर,बलदेव आनंद, महेश श्रीवास्तव ने समाज के सभी वर्गों से बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# हनुमान जी के जन्मोत्सव पर होंगे विभिन्न आयोजन

## अंतर्राष्ट्रीय कलाकार देंगे प्रस्तुति गूंजेंगे सुंदर कांड के स्वर

**जबलपुर।** स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं. 2 राईट टाऊन मंदिर संचालक आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी श्री हनुमान जन्मोस्तव में विविध आयोजन होंगे। आयोजन की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। श्री दुबे ने बताया कि 12 अप्रैल 2025 शनिवार चैत्र पूर्णिमा विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय तीन दिवसीय आयोजन शहर के हृदय स्थल स्वयं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में होंगे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में मध्य भारत के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों की शानदार भजनों की प्रस्तुतियों एवं असंख्य कन्याओं का कन्यापूजन, कन्या भोग एवं 24 घंटे विशाल भंडारा एवं निशुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है इस दौरान में निशुल्क चश्मा वितरण, निशुल्क दवाई वितरण एवं निशुल्क जाँचे की जाएगी आचार्य पं इस सुविधा का उपयोग सभी आम जन के द्वारा किया जा सकता है। आचार्य पं श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजनों में सारे गा.मा.पा. विजेता कु इशिता विश्वकर्मा, अंतर्राष्ट्रीय श्याम बैंड के संचालक मनोज भाई (पूरी टीम) एवं अंतर्राष्ट्रीय भजन गायिका तेजल विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय भजन गायक अजीत मिनोचा एवं ईशान मिनोचा, राष्ट्रीय कलाकार दिलीप कोरी जी, राष्ट्रीय कलाकार मिठाई लाल चक्रवर्ती जी, राष्ट्रीय कलाकार रज्जन सूर्यवंशी, एवं उत्तर प्रदेश मेरठ शहर के अवि तिलकधारी झांकी कलाकारों की टीम की कला का प्रदर्शन करेगी एवं राष्ट्रीय कलाकार सारनी जिला व बैतूल के मनोज कामडे जी एवं आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के राष्ट्रीय भजन गायक रवि शंकर श्रीवास्तव जी एवं राष्ट्रीय भजन गायिका रुपाली कुसुमकर जी एवं राष्ट्रीय शहनाई वादकों द्वारा शहनाई वादन किया जाएगा इसके साथ ही भगवान का जन्म पूजन सुबह 4 बजे से होगा ।




# भेड़ाघाट मार्ग के दिन कब फिरेंगे

## सरस्वती घाट मोड़ पर गड्ढा दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा से धुंआधार जलप्रपात तक की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं भेड़ाघाट जाने वाले मुख्य मार्ग के आस पास की बस्तियों का पानी बहकर सड़क पर गढ्डों में जमा हो रहा है जिससे वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लोकनिर्माण विभाग द्वारा बोल्डर डालने से दो पहिया वाहन चालक गिर रहे हैं लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस सड़क पर गढ्डों से आये दिन सड़क पर दुघर्टना हो रही है भेड़ाघाट पर्यटन स्थल की छवि धूमिल हो रही है 6 साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क का सुधार का कार्य किया गया था लेकिन उसके बाद सड़क का मेंटेनेंस नहीं किया गया जिससे ना केवल पर्यर्टकों को बल्कि आसपास रहने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है भेड़ाघाट और धुआंधार का लुत्फ उठाने शहर ही नहीं बल्कि करई राज्यों और विदेशी पर्यटकों का रोजाना आगमन होता है खस्ता हाल सड़क से दुर्घटनाएं घट रही है।भेड़ाघाट विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राष्ट्रीय राजमार्ग 12से सड़क पर धूल के गुब्बारे उड़ रहे हैं और आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की संगमरमर की वादियों का नजारा देखने पर्यटक देश विदेश से आते हैं साथ ही मां नर्मदा परिक्रमा वासी डेली हजारों की संख्या में नर्मदा प्रेमी श्रद्धालुजन दर्शन करने आते हैं भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी मार्ग पर देशी विदेशी दुकान होने से झूमते शराबियों का नाटक देखा जा सकता है कई शराबियों की ज्यादा शराब होने पर सड़क किनारे पड़े रहते हैं यह शराबी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल की छवि धूमिल मिल कर रहे हैं। सड़क किनारे सरस्वती घाट मोड़ पर गड्ढा खोदा गया है जो समझ में नहीं आ रहा हैं कि लोक निर्माण विभाग द्वारा यह मौत का गढ्डा क्यों खोदा गया है यह समझ से परे हैं जब किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना होने के बाद ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारी चेतेंगे क्या।



# भगवान महावीर की निकली भव्य शोभायात्रा



पाटन। भगवान महावीर जी के जन्म कल्याण महामहोतसव पर दिगंबर जैन बडा मंदिर पाटन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जगह जगह भगवान की आरती पूजन हुआ। जयकारा के साथ नगर भ्रमण के बाद पुरानी कचहरी कीर्ति स्तंभ पर पूजन हुआ। जगह जगह पर लोगों को मिठाई बांटी गई। बैंड बाजे ढोल के साथ लोगों का उत्साह चरम पर था। समापन पर मंदिर में अभिषेक के साथ श्रीजी को विराजमान किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक सहित सभी पार्षद गण एव जैन समाज कै नागरिक महिला भी उपस्थित रही।

**नाम सुधार सूचना**

मैं RUCHI THOMA W/o SANJAY THOMA यह घोषणा करती हूं कि मेरी कक्षा दसवीं की मार्कशीट में मेरे नाम की स्पेलिंग RUCHHI PALIWAL लिखा है जिसमें सुधार कर निवासिक दस्तावेज के अनुसार RUCHI THOMA W/o SANJAY THOMA रख लिया है अतः आज दिनांक से मुझे मेरे निवासिक दस्तावेज अनुसार नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जाए।

पुराना नाम -RUCHHI PALIWAL
नया नाम-RUCHI THOMA
पता -प्लॉट नंबर 111,प्रगति हाइट्स ,नर्सिंग वार्ड, महानद्दा जबलपुर (मप्र)

**नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं इंदुमति श्रीवास्तव पति आर्मी नंबर 7049909H हवलदार राजमोहन लाल श्रीवास्तव (स्वर्गीय ), बी /5 शक्ति नगर 90 क्वार्टर्स गुप्तेश्वर जबलपुर मध्य प्रदेश पिन - 482001 की निवासी हूं । मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड (ई एम ई सिकंदराबाद) में मेरा नाम इंदुमति श्रीवास्तव और जन्मतिथि 21 मई 1948 दर्ज है जो कि गलत है । मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम इंदु श्रीवास्तव और जन्मतिथि 22 फरवरी 1949 दर्ज है जो की सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता इंदुमति श्रीवास्तव

**U/0-5, R-20, C.P.C**
IN THE COURT OF S.D.J.M., PAJPOSH, ROURKELA
Crl. Execution Case No- 175/ 2023
Gagandeep Kour. ...Petitioner
Vrs.
Bhupindra Singh Notey. ... OP/Respondent.
To, Bhupindra Singh Notey, aged about 49 years. S/o Tarsem Singh Notey, resident of House No- 405, Rajul Flats, Gyan Vihar, Adarsha Nagar, Jabalpur, Madhya Pradesh, PIN- 482008.
Whereas, the Petitioner, has instituted a Criminal Execution case against you all for a Decree for (a)......
(c) any other relief or reliefs.
And whereas, in-spite of repeated summons from the Court in your given address you are avoiding appearance in the Court.
Therefore you are hereby Summoned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed and able to answer all material questions relating to the suit or shall be accompanied by some person able to answer all such questions on 25th the day of April 2025 at 10.30 O' clock in the noon to answer the claim; and further you are hereby directed to produce on that day a written statement of your defense and to produce on the said day all documents in your possession or power upon which you base your defense or claim for set off or counter Claim, and when you rely on any other document whether in your possession or power or not, as evidence in support of your defense or claim for set off or counter claim, you shall enter such documents in a list to be annexed to the written statement.
Take notice, that, in default of your appearance on the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this 26th day of March 2025
S.D.J.M., PANPOSH, ROURKELA




**श्रीमती सुशीला रैकवार-** आईटीआई चुंगी नाका माढ़ोताल निवासी श्री सुनील रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला रैकवार (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई सोनी-** हनुमानताल खाई मोहल्ला निवासी श्री हीरा लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई सोनी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीला सेन-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास निवासी श्री पन्ना लाल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती लीला सेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ ठाकुर-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री दशरथ ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रतन लाल साहू-** बजरंग नगर आईटीआई के पास करमेता निवासी श्री रतन लाल साहू (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रभु अहिरवार-** साकेत धाम गौरीघाट निवासी श्री कुंजी लाल अहिरवार के पुत्र श्री प्रभु अहिरवार (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता गौतेल-** प्रेमसागर ननिज क्वार्टर्स के पास निवासी श्री कल्लू गौतेल की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता गौतेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव बालक दाहिया-** कटंगा सदर एपीएन स्कूल के पास निवासी श्री शिव बालक दाहिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महावीर पाल-** सिद्धबाबा वार्ड रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री महावीर पाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक कुमार गोस्वामी-** रवि किरण कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री अशोक कुमार गोस्वामी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संगीता बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड नई कलारी के पास निवासी श्री रमेश बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता बंशकार (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश रजक-** अधारताल धनी कुटिया के पास निवासी श्री कैलाश रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम आसरे विश्वकर्मा-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राम आसरे विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

### भगवान महावीर के जन्म कल्याणक पर निकली शोभायात्रा



**मझौली।** दिगंबर जैन समाज मझौली के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण पर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जैन मंदिर पहुंची जहां पर मूल नायक भगवान महावीर स्वामी का मस्तक का अभिषेक किया गया एवं पूजन पाठ किया गया एवं शाम को भजन आरती का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमोद कुमार जैन बिहारी राहुल जैन श्रीकांत जैन शुभम जैन आकाश जैन अप्पा आशीष जैन कलु जैन एवं समस्त समाज के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### 86 वर्षीय बुजुर्ग ने की आराधना

**पाटन।** श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याण पर नगर की सबसे बुजुर्ग श्रीमति आशारानी नायक 86 वर्षीय ने अपनी भक्ति का समर्पण के माध्यम से बडडी दाई मंदिर में भाव प्रकट करते हुए महामहोत्सव को मनाया। वात्सल्य भाव से सभी जन्म कल्याण की बधाई दी। इस उम्र के पडाव पर भी रोज सुबह से पूजन विधान नित्य नियम से करती हैं।



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/05/अ-6/2024-25
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती फ्रांसिस्का डियास पति डोमनिक डियास एवं मीसेल एलिजा डायस/ श्रीमती मोनिका डायस पुत्री स्व. डोमनिक डियास ने नजूल ब्लाक नं.-32 प्लाट नं.-2/1, 2/4, 2/5 एवं 2/7 निर्मित रकवा/ रकवा 500 व.फु./ अवि. हिस्सा-/ व.फु./हे.विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक-03/11/1998 मृत्यु दिनांक 04/11/2022 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.-32 प्लाट नं. -2/1, 2/4, 2/5 एवं 2/7 निर्मित रकवा/ रकवा-500 व.फु./ अवि. हिस्सा- / व.फु. हे./ग्राम -सिविल स्टेशन प.ह.नं.- खसरा नं.- रकवा-500 व.फु./ हे. श्री डोमनिक डियास के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/04/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 02/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-02/04/2025
पेशी दिनांक-21/04/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# मूडीज ने 2025 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा कंपनी मूडीज एनालिटिक्स ने 2025 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने यह कदम अमेरिका के जवाबी शुल्क से जुड़े जोखिमों को देखते हुए उठाया है।

- मूडीज ने अमेरिका के जवाबी शुल्क के जोखिमों को देखते उठाया कदम

मूडीज ने कहा कि अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, इसलिए भारतीय वस्तुओं के आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापार संतुलन पर भारी असर पड़ेगा।


## जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 फीसदी किया

### 75 देशों पर लागू होने वाला था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को 75 देशों पर नौ अप्रैल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। हालांकि, अमेरिका ने चीनी आयात पर कर की दर को 'तुरंत प्रभाव' से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है।

### 10 फीसदी का उच्च शुल्क जारी रहेगा

हालांकि, पांच अप्रैल से लागू 10 प्रतिशत का उच्च शुल्क जारी रहेगा। भारत के मामले में, अमेरिका को निर्यात के लिए चुकाए जाने वाले 26 प्रतिशत के अतिरिक्त शुल्क को 90 दिन के लिए रोक दिया गया है।




### मुद्रास्फीति की गति में कमी आ रही

मूडीज ने कहा, "चूंकि सकल मुद्रास्फीति में अच्छी गति से कमी आ रही है, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो दर में कमी करेगा, जो संभवतः 0.25 प्रतिशत की कटौती के रूप में होगी, जिससे वर्ष के अंत तक नीतिगत दर 5.75 प्रतिशत रह जाएगी।"

### पहले 6.4 फीसदी अनुमानित था

मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट 'एपीएसी आउटलुकः यू.एस. वर्सेज देम' में कहा गया है, "हमने भारत के 2025 में जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को मार्च के 6.4 प्रतिशत से संशोधित कर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इसने कहा कि रत्न एवं आभूषण, चिकित्सा उपकरण और कपड़ा उद्योग सबसे बुरी तरह प्रभावित होंगे।

*बाहरी मांग अपेक्षाकृत कम रहेगी* : मूडीज एनालिटिक्स ने कहा कि फिर भी, 'हम उम्मीद करते हैं कि समग्र वृद्धि इस झटके से अपेक्षाकृत अछूता रहेगी क्योंकि बाहरी मांग जीडीपी का अपेक्षाकृत काफी छोटा हिस्सा है।'

*कर प्रोत्साहनों से मिलेगा बढ़ावा* : मूडीज ने कहा, "इसी वर्ष घोषित कर प्रोत्साहनों से घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और अन्य कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में समग्र वृद्धि पर शुल्क के झटके को कम करने में मदद मिलेगी।"

## खबर संक्षेप

### डायरेक्ट सेलिंग उद्योग में चार फीसदी की वृद्धि




**नई दिल्ली।** 'डायरेक्ट सेलिंग' उद्योग वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर 4.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 22,150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जारी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग से इस दौरान लगभग 1.86 लाख सक्रिय प्रत्यक्ष विक्रेता जुड़ें जिससे इनकी कुल संख्या लगभग 88 लाख हो गई।

### डीपी वर्ल्ड मुंद्रा ने 14 लाख टीईयू का किया संचालन



**नई दिल्ली।** वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड के मुंद्रा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (एमआईसीटी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक आधार पर 13 प्रतिशत अधिक 14,97,228 टीईयू का संचालन किया। कंपनी बयान के अनुसार, टर्मिनल ने 762 जहाजों को सेवाएं दीं जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 6.57 प्रतिशत अधिक है।

### लेक्सस इंडिया की खुदरा बिक्री 19 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी लेक्सस इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़ गई। कंपनी बयान के अनुसार, चौथी (मार्च) तिमाही में उसकी खुदरा बिक्री पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ी है। कंपनी ने बिक्री के सटीक आंकड़े साझा नहीं किए।

### सिंगर इंडिया का 30 फीसदी वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** सिलाई मशीन और घरेलू उपकरण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सिंगर इंडिया का लक्ष्य घरेलू उपकरण बाजार में 30 प्रतिशत वृद्धि हासिल करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिंगर इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक राकेश खन्ना ने कहा कि घरेलू उपकरण खंड में कंपनी का लक्ष्य 30 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने का है।

### हिताची ने भरत कौशल को बनाया कार्यकारी चेयरमैन



**नई दिल्ली।** जापान की कंपनी हिताची ने अपने भारतीय प्रबंध निदेशक भरत कौशल को कार्यकारी चेयरमैन बनाने की जानकारी दी। भरत कौशल हिताची के पहले भारतीय प्रबंध निदेशक हैं। वह हिताची इंडिया के कार्यवाहक प्रबंध निदेशक और हिताची लिमिटेड के कॉरपोरेट अधिकारी, क्षेत्रिय रणनीतियों (भारत) भी बने रहेंगें।

### महावीर जयंती के अवसर पर बाजार रहा बंद

**मुंबई।** महावीर जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, और जिंस बाजार बंद रहा। बाजार में रोज की तरह शुक्रवार से फिर कामकाज शुरू होगा।

### निंबसपोस्ट में इरविन मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त

**मुंबई।** लॉजिस्टिक प्रौद्योगिकी मंच और एक्सप्रेसबीज की अनुषंगी कंपनी निंबसपोस्ट ने इरविन आनंद को मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। कंपनी के बयान के अनुसार, इरविन आनंद वैश्विक शिक्षण मंच उडेमी में भारत एवं एशिया-प्रशांत के प्रबंध निदेशक रहे हैं।

## आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने किया आगाह

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर विचार करे भारत, शून्य-से-शून्य शुल्क करे पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर गुरुवार को आगाह किया और कहा कि इसके तहत अमेरिका की कई मांगें जैसे कि न्यूनतम मूल्य समर्थन के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि को कम करना, आनुवंशिक रूप से संशोधित खाद्य आयात की अनुमति देना, कृषि शुल्क कम करना, दवा एकाधिकार को बढ़ाने के लिए पेटेंट कानूनों में बदलाव करना और अमेरिकी ई-कॉमर्स दिग्गजों को सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचने की अनुमति देना... बड़े जोखिम उत्पन्न करते हैं।

### खुदरा विक्रेताओं को हानि हो सकती है

जीटीआरआई ने कहा कि इन जोखिमों में किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और छोटे खुदरा विक्रेताओं के अस्तित्व को होने वाली हानि शामिल है। इसमें कहा गया, कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

*भारत को अमेरिका के साथ व्यापक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि इससे कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे घरेलू क्षेत्रों के लिए चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं।*

- एफटीए पर बातचीत पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए
- कृषि, मोटर वाहन और दवा जैसे क्षेत्रों में चुनौतियां उत्पन्न हो सकती है
- ' कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने से करोड़ों लोग होंगे प्रभावित



*यूरोप ने भी इसी तरह के सौदे सुझाए* : यूरोप ने अमेरिका को इसी तरह के सौदे का सुझाव दिया है। 'शून्य-से-शून्य' शुल्क से तात्पर्य किसी देश से निर्यात किए जाने वाले उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाना है। श्रीवास्तव ने रसायन, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों में चीन के साथ उत्पाद मूल्य श्रृंखला बनाने का सुझाव दिया।

### एफटीए से भारत बचे

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 'अमेरिका के साथ व्यापक एफटीए से बचें क्योंकि इससे भारत को नुकसानदेह रियायतें देने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा, यह ऐसा सौदा है जिससे भारत को जितना लाभ होगा, उससे कहीं अधिक नुकसान होगा।

### औद्योगिक वस्तुओं पर समझौता कर सकते हैं

श्रीवास्तव ने कहा कि भारत कार जैसी संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर 90 प्रतिशत औद्योगिक वस्तुओं पर अमेरिका के साथ सीमित 'शून्य-से-शून्य' शुल्क समझौते का प्रस्ताव कर सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक ने कहा, '' यदि अमेरिका इसे स्वीकार कर लेता है, तो यह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के अनुरूप केवल वस्तुओं का समझौता बन सकता है।

### कार पर शुल्क कम करने से होगा नुकसान

कार पर शुल्क कम करने से उस क्षेत्र को नुकसान हो सकता है जो भारत के विनिर्माण उत्पादन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है। 1990 के दशक में भारी शुल्क कटौती के बाद ऑस्ट्रेलिया के कार उद्योग का पतन एक चेतावनीपूर्ण उदाहरण है।

### पांच अप्रैल से 10 फीसदी मूल शुल्क लागू रहेगा

आर्थिक शोध संस्थान ने अमेरिका के भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के कदम को 90 दिन के लिए टालने के निर्णय की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की है। हालांकि अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले घरेलू सामानों पर पांच अप्रैल से 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने बृहस्पतिवार को कर्ज पर ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की घोषणा की।


एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। बैंक ने उसी फैसले का लाभ अपने ग्राहकों को देने के लिए कर्जों पर ब्याज की दर घटा दी है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि उसने खुदरा और एमएसएमई क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण के लिए मानक-संबद्ध कर्ज की दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि ग्राहकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति के कदम से तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है। इस बीच, बैंक ने कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा है।

- बैंक ने कर्जों पर ब्याज दर घटा दी
- बैंक ने एमसीएलआर को अपरिवर्तित रखा

### एमसीएलआर नौ फीसदी पर स्थिर

मानक एक साल की अवधि के एमसीएलआर को नौ प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। वाहन और व्यक्तिगत उपभोक्ता ऋणों की दर तय करने के लिए एमसीएलआर का ही इस्तेमाल किया जाता है।

### हवाई अड्डा परिचालकों के लिए वृद्धि 20 प्रतिशत रहेगी : इक्रा



**मुंबई।** भारतीय हवाई अड्डा परिचालकों को चालू वित्त वर्ष (2025-26) में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिलेगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह वृद्धि यात्रियों की संख्या में निरंतर सुधार और शुल्क वृद्धि के साथ-साथ गैर-वैमानिकी राजस्व में वृद्धि के कारण है। कुल हवाई यात्री यातायात सालाना आधार पर सात से नौ प्रतिशत की अच्छी वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 44-45 करोड़ तक पहुंच जाएगा। हालांकि, हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 में इसमें लगभग 10 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि हुई है।

# मर्सिडीज बेंज इंडिया की बिक्री में चार प्रतिशत का इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 18,928 इकाई बेची

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की भारत में बिक्री पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 4.44 प्रतिशत बढ़कर 18,928 इकाई रही है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसकी बेची गई प्रत्येक चार में से एक कार का दाम 1.5 करोड़ रुपये से अधिक था। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में मर्सिडीज-बेंज इंडिया की बिक्री 11.8 प्रतिशत घटकर 4,775 इकाई रह गई।

पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 5,412 गाड़ियों की बिक्री की थी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो दर में कटौती से मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी के फ्रेंचाइजी साझेदार उभरते और मौजूदा महानगरों में ब्रांड की मौजूदगी बढ़ाने के लिए अगले तीन साल में 450 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "पिछले वित्त वर्ष में हमारी वृद्धि अबतक की सर्वश्रेष्ठ है। यह वृद्धि महंगी कारों में 34 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के कारण हुई, तथा इलेक्ट्रिक कारों में भी 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।"

### बिक्री में चार में से एक कार कीमती रही

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने इससे पहले 2023-24 में 18,123 इकाइयों की अपनी सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की थी। वित्त वर्ष 2024-25 और 2025 की पहली तिमाही में मर्सिडीज-बेंज इंडिया द्वारा बेची गई चार में से एक से अधिक कारें एस-क्लास, मर्सिडीज-मेबैक और एएमजी जी 63 जैसी 'टॉप-एंड लक्जरी' (महंगी) गाड़ियां थीं, जिनकी कीमतें 1.5 करोड़ रुपये से शुरू होकर चार करोड़ रुपये तक जाती है।

# टाटा की दिग्गज कंपनी के मुनाफे में गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 1.68 प्रतिशत घटकर 12,224 करोड़ रुपये रह गया है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के साथ आमतौर पर आईटी कंपनियों के तिमाही नतीजों की घोषणा की शुरुआत होती है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में




- बावजूद हर शेयर पर 30 रुपए का डिविडेंड देने का ऐलान
- मार्च में लाभ 1.68 प्रतिशत घटकर 12,224 करोड़ रुपए

कुल राजस्व 64,479 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत अधिक है। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए टीसीएस का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.76 प्रतिशत बढ़कर 48,553 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष के दौरान कंपनी का कारोबार 5.99 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,55,324 करोड़ रुपये रहा।

हम वार्षिक राजस्व में 30 अरब अमेरिकी डॉलर को पार करने और लगातार दूसरी तिमाही में मजबूत ऑर्डर बुक हासिल कर खुश हैं। इस बीच, टीसीएस के निदेशक मंडल ने कंपनी के एक रुपये मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 30 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

*अनिश्चितता के कारण परिणाम प्रभावित*
*टीसीएस का चौथी तिमाही का परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर छाए अनिश्चितता के बादलों के बीच आया है, जो अमेरिका के शुल्क के कभी लागू होने तो कभी हटने के रुख से उत्पन्न हुआ है।*

### अदाणी समूह के बांड में ब्लैकरॉक फर्म बना सबसे बड़ा निवेशक

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश फर्म ब्लैकरॉक द्वारा प्रबंधित कोष अदाणी समूह की तरफ से जारी 75 करोड़ डॉलर के निजी बांड के सबसे बड़े ग्राहक बनकर उभरे हैं।

मामले के जानकार सूत्रों ने कहा कि करीब 12 लाख करोड़ डॉलर की संपत्तियों की देखरेख करने वाली अमेरिकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने 75 करोड़ डॉलर के बॉन्ड निर्गम का एक-तिहाई हिस्सा लिया है। इन बॉन्ड की अवधि तीन से पांच साल की है। ब्लैकरॉक ने अदाणी समूह में यह निवेश ऐसे समय किया है जब कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अभियोग के बाद अदाणी समूह के कुछ शीर्ष अधिकारी जांच के दायरे में हैं।

# देश में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक 60 प्रतिशत बढ़ेगी

- पीएनजीआरबी ने अध्ययन के बाद जारी की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। वाहन में सीएनजी, खाना पकाने तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए गैस ईंधन के उपयोग में वृद्धि की वजह से प्राकृतिक गैस की खपत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी का अनुमान है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक अध्ययन में यह कहा गया है। पेट्रोलियम नियामक ने कहा कि प्राकृतिक गैस की खपत 2023-24 में 18.8 करोड़ मानक घन मीटर प्रति दिन से बढ़कर 2030 तक 29.7 करोड़ घन मीटर प्रतिदिन (यूनिट) तक पहुंचने की उम्मीद है। यह आकलन 'अच्छे परिदृश्य बने रहने' यानी वर्तमान मध्यम स्तर की वृद्धि और रुख के आधार पर किया गया है। प्राकृतिक गैस का उपयोग बिजली उत्पादन, उर्वरक और वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में पाइन के जरिये गैस (पीएनजी) पहुंचाने के लिए किया जाता है। इसी परिदृश्य के तहत 2040 तक इसके 49.6 करोड़ यूनिट तक पहुंचने का अनुमान है।

## जेएलआर इंडिया का सर्वाधिक खुदरा बिक्री का रिकार्ड दर्ज



**नई दिल्ली।** जगुआर लैंड रोवर इंडिया की वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा बिक्री वार्षिक आधार पर 40 प्रतिशत बढ़कर सर्वाधिक 6,183 वाहन रही। कंपनी की इस दौरान थोक बिक्री भी सालाना आधार पर 39 प्रतिशत बढ़कर 6,266 इकाई हो गई।जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया ने बयान में कहा, चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में खुदरा वार्षिक आधार पर 110 प्रतिशत बढ़कर 1,793 इकाई और थोक बिक्री 118 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,710 इकाई रही। वाहन विनिर्माता कंपनी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में 'डिफेंडर' कंपनी का सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा जिसकी बिक्री में 90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद स्थानीय स्तर पर निर्मित रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट क्रमशः 72 और 42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

## पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक साहा ने कहा

# मुद्रा ऋण से दस साल में 10 लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि बैंक ने पिछले 10 साल में जो मुद्रा ऋण उपलब्ध कराएं उससे जमीनी स्तर पर 10 लाख नौकरियां उत्पन्न हुई हैं।

- बैंक ने इस योजना के तहत 12,820 करोड़ रुपये का कर्ज दिया

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) की गत 10 वर्षों की प्रगति पर साहा ने कहा कि बैंक ने इस योजना के तहत 12,820 करोड़ रुपये का कर्ज दिया है, जिससे देश भर में 6.84 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। साहा ने कहा, इनमें छोटे विक्रेता, महिला उद्यमी, कारीगर और युवा शामिल हैं जो अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए सशक्त हैं।

### बैंक तीन श्रेणियों में देता है ऋण

ये ऋण विनिर्माण, व्यापार व सेवा क्षेत्रों में आय-उत्पादक गतिविधियों और कृषि से जुड़ी कार्यों के लिए दिए जाते हैं। यह योजना छोटे व्यवसायों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई थी और बैंकों को तीन श्रेणियों... शिशु (50,000 रुपये तक), किशोर (50,000 रुपये से पांच लाख रुपये के बीच) और तरुण (20 लाख रुपये) के तहत 20 लाख रुपये तक के गारंटी-मुक्त ऋण प्रदान करने को कहा गया था।




### 20 लाख तक गारंटी मुक्त ऋण

पीएमएमवाई के तहत सदस्य संस्थाओं (एमएलआई) जैसे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), लघु वित्त बैंक (एसएफबी), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और लघु वित्त संस्थान (एमएफआई) आदि द्वारा 20 लाख रुपये तक के गारंटी-मुक्त ऋण दिए जाते हैं।

### शिशु ऋण के तहत 44 फीसदी कर्ज वितरित

हमने ऋण शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण) श्रेणी के करीब 44 प्रतिशत कर्ज वितरित किए है, जो पहली बार कर्ज लेने वालों और जमीनी स्तर पर उद्यमिता पर हमारे ध्यान देने की नीति को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि पंजाब एंड सिंध बैंक ने उद्यमियों को अपना कारोबार स्थापित करने और उसका विस्तार करने में सक्षम बनाया है, जिससे रोजगार सृजन हुआ है।

### 2015 में योजना शुरू की गई थी

साहा ने कहा, '' इस योजना के जरिये बैंक द्वारा जमीनी स्तर पर अबतक करीब 10 लाख नौकरियां सृजित हुईं।' प्रधानमंत्री मोदी ने आठ अप्रैल, 2015 को सदस्य ऋण संस्थानों के माध्यम से गारंटी-मुक्त संस्थागत कर्ज उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शुरू की थी।

### कोशी ने ओएनडीसी के सीईओ का पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** सरकार समर्थित ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी कोशी ने कंपनी में अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पद छोड़ दिया है। ओएनडीसी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक पहल है जिसका उद्देश्य छोटे खुदरा विक्रेताओं को अपना कारोबार बढ़ाने और ई-कॉमर्स दिग्गजों के प्रभुत्व को कम करने में मदद करना है। इसका उद्देश्य एक खुला, अंतर-संचालनीय नेटवर्क बनाना है।

## चिंतन

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड राणा का प्रत्यर्पण बड़ी जीत

मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना आतंकवाद के खिलाफ सरकार की बड़ी कामयाबी है। 17 वर्ष पहले भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पाकिस्तानी आतंकी हमले से दहल उठी थी। इस हमले की साजिश रचने में मुख्य भूमिका निभाने वाले आतंकी मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को लाने में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की अथक भूमिका रही, जिसमें अमेरिकी न्याय विभाग ने मदद की। यह भारत व अमेरिका के बीच मधुर संबंध के चलते भी संभव हो सका है। अमेरिकी न्याय प्रक्रिया इतनी पेचीदी है, जिसमें किसी आरोपित का प्रत्यर्पण कराना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। राणा द्वारा इस कदम को रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाने के बाद आखिरकार प्रत्यर्पण हो पाया। अपीलीय अदालत में कई मुकदमे दायर हुए। सबमें राणा को निराशा मिली। भारत ने पुख्ता सुबूत पेश किए थे। पाकिस्तान में जन्मे कनाडाई नागरिक राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी और नामित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हरकत-उल-जिहादी इस्लामी (एचयूजेआई) के गुर्गों के साथ-साथ अन्य पाकिस्तान स्थित सह-षड्यंत्रकारियों के साथ मिलकर 2008 में मुंबई में विनाशकारी आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। राणा का पाकिस्तान में 1961 में जन्म हुआ था और उसने पाकिस्तान आर्मी मेडिकल कोर में सेवाएं दी थीं और इसके बाद वह 1990 के दशक में कनाडा चला गया, जहां उसे नागरिकता दी गई। भारत सरकार द्वारा गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत एलईटी और एचयूजेआई दोनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। राणा के प्रत्यर्पण के जरिये भारत ने पाकिस्तान समेत अन्य षड्यंत्रकारियों को दो टूक संदेश दिया है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देकर कोई बच नहीं सकता है। न दुनिया के किसी देश में छुपा रह सकता है। देर सबेर भारत के खिलाफ आतंकवाद करने वाले सभी गुनहगारों को भारतीय कानून के कटघरे में आना ही होगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ सख्त है और अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आ गया है। मुंबई में हुए 26/11 के आतंकवादी हमलों के पाकिस्तान में छिपे अन्य साजिशकर्ताओं को भी बेनकाब करने की जरूरत है। राणा को लेकर पाकिस्तान ने बेशक पल्ला झाड़ा हो कि वह कनाडाई नागरिक है, उससे उसका कुछ लेना देना नहीं है, जबकि भारत सबूत दे चुका है कि मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट शामिल था, उसके आतंकी शामिल थे, कसाब पाक नागरिक था। आतंकी कसाब को मुंबई की एक अदालत ने मुंबई हमलों में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया और 2012 में उसे फांसी दे दी गई थी। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के आरोपियों को कितना भी बचाने की कोशिश करे, भारत बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम रहेगा। राणा को न्याय का सामना करने के लिए भारत लाए जाने से भारत में आतंकवाद के अंत की यात्रा आगे बढ़ी है। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई में हुआ आतंकी हमला हमारे देश के लिए एक भयावह घटना थी, जिसमें 166 लोगों की मौत हो गई थी। राणा से भारत में पूछताछ में यह बात सामने आएगी कि हेडली ने उसे क्या बताया था। उस साजिश से जुड़े हर व्यक्ति को न्यायिक प्रक्रिया का सामना करना ही होगा। भारत में आतंक के गुनहगारों को मृत्युदंड जैसी कठोर सजा मिलनी ही चाहिए। देश में इस पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है।

# मुद्रा लोन से युवा हुए आत्मनिर्भर



मुद्रा योजना 10 वर्ष
सतीश सिंह

> प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27 .25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई।

आठ अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए। इन 10 वर्षों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आमूलचूल बदलाव लाने में सफल रही है। वित्तीय समावेशन के सपने को साकार करने, रोजगार सृजन, लोगों को आत्मनिर्भर बनाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करने में भी इसने अहम भूमिका निभाई है। इसके तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 78% या 40 करोड़ खाते शिशु श्रेणी के हैं, 20 प्रतिशत या 10 करोड़ खाते किशोर श्रेणी के हैं, जबकि 2% या 2 करोड़ खाते तरुण एवं तरुण प्लस श्रेणी के हैं।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में देश में लगभग 136 करोड़ की आबादी थी, जिसमें से 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या लगभग 37 करोड़ थी और अब तक 52 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा ऋण की मदद से बैंक से जुड़े चुके हैं। दिलचस्प यह है कि शिशु श्रेणी की हिस्सेदारी 2016 में 93% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक घटकर 51.7% रह गई,जबकि किशोर श्रेणी की 2016 में हिस्सेदारी 5.9% थी, जो वित्त वर्ष 2025 के अंत तक बढ़कर 44.7% हो गई। ये आंकड़े बताते हैं कि विगत सालों में शिशु श्रेणी के प्रमोटरों के कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण को 4 श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है। शिशु श्रेणी के तहत 50,000 रुपये तक ऋण दिया जाता है, जबकि किशोर श्रेणी के अंतर्गत 50,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक का ऋण, तरुण श्रेणी के तहत 5 लाख से 10 लाख रुपये तक का ऋण और तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत 10 लाख से 20 लाख रुपये तक ऋण दिया जाता है। तरुण प्लस के तहत उन्हीं ऋणियों को उधारी दी जाती है, जिन्होंने पहले लोन लिया था और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिये जाने वाले ऋण की राशि को क्रेडिट गारंटी फंड फॉर माइक्रो यूनिट्स द्वारा गारंटी दी जाती है अर्थात अगर किसी भी वजह से ऋणी ऋण नहीं चुका पाता है तो कुछ शर्तों को पूरा करने पर यह संस्थान बकाये ऋण का भुगतान कर देती है, जिससे बैंक का वितीय बोझ नहीं बढ़ता है। विगत 10 सालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा काफी बढ़ा है। शुरुआत में मुद्रा लोन सिर्फ विनिर्माण, ट्रेडिंग, सेवा आदि क्षेत्रों के लिए ही दी जाती थी। बाद में इसके तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। वित्त वर्ष 2018 से ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीदने के लिए भी यह लोन दिया जाने लगा। वहीं, वित्त वर्ष 2019 से मोटरसाइकिल के वाणिज्यिक इस्तेमाल के लिए भी यह ऋण दिया जाने लगा। मुद्रा ऋण लेने में किसी को परेशानी नहीं हो, इस के लिए बैंक शाखाओं में हैंड-होल्डिंग की व्यवस्था की गई है, ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, ऋण आवेदन पत्र का सरलीकरण किया गया है, सरकारी बैंकों में मुद्रा लोन की मोनीटरिंग हेतु नोडल ऑफिसर की पदस्थापना की गई है। मुद्रा योजना के तहत ऋण के वितरण की समय-समय पर सरकार द्वारा समीक्षा की जा रही है, किस्तों के भुगतान के दौरान शिशु श्रेणी के पात्र ऋणियों को दिए जाने वाले 2% के इंटरेस्टसवमेंशन का विस्तार सभी श्रेणियों के लोन के



लिए किया गया है आदि। इन प्रावधानों से मुद्रा ऋण लेने वाले लोगों की संख्या में निरंतर तेजी आ रही है। वर्ष 2025 में लोन का औसत टिकट साइज 1.02 लाख रुपये है, जो वित्त वर्ष 2023 में 72,000 रुपये और वर्ष 2016 में 38,000 रुपये था। अपने आगाज के पहले 3 वर्षों में इस योजना के तहत दी गई उधारी की वृद्धि दर 33% थी, जिसमें कोरोना काल में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन फिर से वित्त वर्ष 2023 में इसमें 36% की वृद्धि देखी गई। इस तरह, आमजन को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह योजना लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना समावेशी विकास को बढ़ाने में भी महती भूमिका निभा रहा है,क्योंकि 52 करोड़ लोगों में से आधे अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग से हैं। इतना ही नहीं, 68% लाभार्थी महिलाएं हैं और 11% लाभार्थी अल्पसंख्यक वर्ग से आते हैं। ये आंकड़े कहते हैं कि इस योजना की सहायता से समाज में आर्थिक समानता आ रही है। साथ ही इससे देश के विकास में सभी वर्गों की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो रही है। इस योजना के सन्दर्भ में यदि राज्यवार महिला उद्यमियों की बात करें तो सबसे अधिक 4.2 करोड़ महिलाएं बिहार से हैं, जबकि तमिलनाडु में महिलाओं की संख्या 4 करोड़ और पश्चिम बंगाल में 3.7 करोड़ है। सबसे अधिक महिला खाताधारक यानी 79% महाराष्ट्र से हैं, जबकि 75% के साथ झारखंड दूसरे स्थान पर है और 73% के साथ पश्चिम बंगाल तीसरे स्थान पर काबिज है। यह भी दिलचस्प है कि विगत 9 वर्षों में प्रति महिला ऋणी को दी गई उधारी की राशि 62,679 रुपये से बढ़कर 95,269 रुपये हो गई है, जो बताता है कि सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उदयम पोर्टल में पंजीकृत उद्यमियों के विश्लेषण से पता चलता है कि कुल पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में महिलाओं की संख्या 20.5% है, जबकि रोजगार सृजन में महिलाओं की हिस्सेदारी 18.73% है। महिला उद्यमी के अगुआई में सबसे अधिक 15.7% रोजगार सृजन तमिलनाडू में हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में 12.1% एवं कर्नाटक और उत्तरप्रदेश में 8% रोजगार सृजित हुआ है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना राज्यों के बीच समानता लाने का भी काम कर रही है। इस योजना की मदद से हाल में पिछड़े राज्यों में ज्यादा लोग बैंक से जुड़े हैं और वहाँ ज्यादा ऋण वितरित किया गया है, जिससे वहां के लोग आत्मनिर्भर हुए हैं और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है। उदाहरण के तौर पर बिहार में ऋण वितरण 5.67% से बढ़कर 10.97% हो गया है, जबकि उत्तरप्रदेश में ऋण वितरण 9.27% से बढ़कर 11.30% हो गया है और ओड़िसा में यह 4.24% से बढ़कर 4.51% हो गया है। मुद्रा लोन के तहत विकसित राज्य गुजरात में विगत 5 सालों यानी वित्त वर्ष 2020-21 से नवंबर 2024 तक के बीच कुल 70,051 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हुए और विगत 4 वर्षों में ऋण वितरण में 74% की वृद्धि हुई है। इस योजना के तहत गुजरात में नवंबर 2024 तक 1.95 करोड़ मुद्रा ऋण के खाते खोले गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के नवंबर महीने तक इस योजना के तहत 80.5 लाख खाते खोले गए थे। इस योजना की मदद से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) में वित्त वर्ष 2024 के दौरान एमएसएमई क्षेत्र में 27.25 लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2025 में इसके बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बीते 10 सालों में वितीय समावेशन के सपने को साकार करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, समावेशी विकास के सपने को सच करने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने आदि में महती भूमिका निभाई है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## प्रौद्योगिकी

डॉ. मोनिका शर्मा




# तकनीकी तरक्की की सकारात्मक स्थितियां

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने अग्रणी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तत्परता के मामले में दुनियाभर के देशों की रैंकिंग जारी की है। समय के साथ विस्तार पाते तकनीकी जुड़ाव के मानस और प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की सहजता के सकारात्मक विस्तार को सामने रखती इस सूची में भारत को शीर्ष देशों में स्थान मिला है। यूएन की यह ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि ब्राजील, चीन, भारत और फिलीपींस ने तकनीक के लिए तत्परता दिखाने में शानदार प्रदर्शन किया है। ज्ञात हो कि प्रौद्योगिकी और नवाचार रिपोर्ट-2025 की यह रैंकिंग संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (यूएनसीटीएडी) द्वारा जारी की गई है। ध्यातव्य है कि वैश्विक स्तर पर की गई रैंकिंग से जुड़ी फेहरिस्त में 170 देशों को शामिल किया गया था। इनमें भारत 36वें स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट कहती है कि हमारे देश की रैंकिंग में पिछले वर्षों की तुलना में सुधार हुआ है। तकनीकी विकास की धुरी पर दौड़ते वैश्विक परिवेश में नई और महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाने में तत्परता दिखाने का यह पहलू सचमुच अहम है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की इस रिपोर्ट में भी कहा गया है कि विकासशील देशों को तेजी से बदल रही तकनीक और एआई के लिए तैयार रहने की आवश्यक है। डिजिटल इंडिया की मुहिम से लेकर आमजन के झुकाव तक, भारत में प्रौद्योगिकी और नवाचार को लेकर सकारात्मक परिवेश स्पष्ट दिखता है। दूरदराज़ के गांवों में खेती किसानी में ड्रोन के इस्तेमाल हो रहा है। बीते दिनों महाकुम्भ के आयोजन में तकनीक के उपयोग को पूरी दुनिया ने देखा है। कमोबेश हर क्षेत्र ने तकनीक से मिली सुविधाओं और बदलावों को जीवन का हिस्सा बनाया जा रहा है। स्पष्ट है कि भारत ने इस मोर्चे पर तरक्की की है। असल में इस रैंकिंग में जिन संकेतकों को आधार बनाकर यह रैंकिंग तय की गई है, उन क्षेत्रों में तो भारत ने विशेष उन्नति की है। इनमें आईसीटी परिनियोजन यानी वैश्विक स्तर पर सूचना साझा करने के लिए इंटरनेट, वायरलेस नेटवर्क एवं मीडिया एप्लिकेशन जैसे डिजिटल उपकरणों और संचार तकनीकों के इस्तेमाल, स्किल, रिसर्च एंड डेवलपमेंट एवं विकास गतिविधियां, औद्योगिक क्षमता और वित्तीय क्षेत्र तक शामिल हैं। ध्यातव्य है कि वर्ष 2022 की इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 48वीं थी। इस वर्ष हमारा देश 36वें स्थान पर है। रेखांकित करने योग्य पहलू यह है कि आईसीटी के मामले में भारत की रैंकिंग 99वीं और वित्त के मामले में 70वीं है। स्किल के मामले में हमारा देश 113वें स्थान पर हैं। वहीं रिसर्च एंड डेवलपमेंट में भारत को तीसरा और औद्योगिक क्षमता के मामले में दसवां स्थान मिला है। साथ ही एआई तकनीक के मामले में भारत को बेहतर काम करने वाला देश माना गया है। 2020 में महिलाओं में डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में 'वी थिंक डिजिटल' नाम के कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी।

फेसबुक, राष्ट्रीय महिला आयोग और साइबर पीस फाउंडेशन के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को संचालित किया गया था। इसके अंतर्गत सात राज्यों में 1 लाख महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिए जाने की योजना थी। ऐसी बहुत सी योजनाओं और कार्यक्रमों के चलते आज तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं का भी महत्वपूर्ण दखल है। नेशनल सेंटर फॉर वूमेन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की बीते साल की रिपोर्ट कहती है कि मौजूदा समय में टेक उद्योग के कार्यबल में महिलाओं की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। साथ ही पिछले पांच वर्षों में तकनीक की दुनिया में महिलाओं की संख्या में 5 फीसदी की बढ़ोतरी भी हुई है। वर्ष 2022 की हुरून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक निजी क्षेत्र की नामी-गिरामी 500 तकनीकी कंपनियों में 11.6 लाख महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही हमारे यहां 'स्टेम' शिक्षा में भी बेटियों को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। 'स्टेम' का अर्थ साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स विषयों से है। आंकड़े बताते हैं कि 1980 में देश में इंजीनियरिंग की सभी डिग्रियों में महिलाओं की हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से भी कम की थी। ऐसे में तकनीकी संसार में बढ़ते महिला श्रमबल ने स्त्रियों के लिए नए मार्ग खोले हैं। विचारणीय है कि बड़ी आबादी और परम्परागत परिवेश वाले हमारे देश में बदलाव की यह दिशा यकीनन सराहनीय है। आम जीवन में भी तकनीकी सुविधाओं से मिली सहजता स्पष्ट दिखती है। हालांकि इस मामले में भारत को लंबा रास्ता तय करना है। एआई यानि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस में निवेश के मामले में अमेरिका सबसे आगे है। विकासशील देशों में चीन दूसरे और भारत 10वें स्थान पर है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
**दर्शन**

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे पर भक्ति न छोड़ें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## सटाका




## आज की पाती

### ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफार्म से उठता विश्वास

पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा की एक शुद्ध शाकाहारी युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसके द्वारा उसने अपने साथ घटित हुई एक गंभीर घटना का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्री के दौरान एक रेस्टोरेंट से स्विगी ऐप के माध्यम से वेज बिरयानी ऑर्डर किया था, लेकिन डिलीवरी के बाद उसे यह जानकर गहरा आघात लगा कि उसके पास जो बिरयानी पहुंची है, वह वेज नहीं बल्कि नॉनवेज थी। युवती ने रोते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जो उसकी आस्था और भावनाओं पर हुए आघात को दर्शाता है। यद्यपि युवती की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। प्रशासन की ओर से रेस्टोरेंट व फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। *– रीमा शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### पोप फ्रांसिस से मिले महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने बुधवार को वेटिकन में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। यह भेंट शाही जोड़े की इटली यात्रा और उनके विवाह की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई। पोप 'निमोनिया' के संक्रमण की वजह से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। संक्रमण से उबरने के बाद यह उनकी पहली निजी भेंट थी। वेटिकन के अनुसार, पोप ने महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला को विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। चार्ल्स और कैमिला ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बर्मिंघम पैलेस ने एक बयान में कहा 'महामहिम इस बात से बहुत प्रसन्न हैं कि उन्हें पोप से व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं प्राप्त करने का अवसर मिला।' इससे पहले, बुधवार को चार्ल्स ने इटली की संसद को संबोधित किया और यूरोप में युद्ध के समय साझा मूल्यों की रक्षा के लिए ब्रिटेन और इटली के बीच मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। अपने संबोधन में उन्होंने यूक्रेन को समर्थन देने, नाटो में सहयोग करने का उल्लेख किया। महाराजा चार्ल्स ने जलवायु परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी और आगाह करते हुए कहा कि वह 16 वर्ष पहले दिए गए अपने ही भाषण की चेतावनियों को आज सच होता देख रहे हैं।



## ऑफ बीट

### महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3 .8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।



## ट्रेंड

### हिंदुओं को अधिकार

1500 साल पुराने मंदिरों पर भी अगर वक्फ दावा करता है, तो क्या हिंदुओं को इतना भी अधिकार नहीं है कि वे अपना पक्ष रख सकें? नए वक्फ कानून में यह अधिकार देने का काम किया गया है।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### महावीर जयंती की बधाई

भगवान महावीर की पावन जयंती की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ! संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह और करुणा का मार्ग दिखाने वाले भगवान महावीर जी की शिक्षाएं समूची मानवता के लिए पाथेय हैं।
-योगीनाथ योगी, सीएम, उप्र



### कांग्रेस का रवैया छलावापूर्ण

कांग्रेस पार्टी के अहमदाबाद अधिवेशन में ख़ासकर भाजपा के 'छद्म राष्ट्रवाद' व दलित एवं पिछड़े बहुजन-हित को लेकर प्रस्ताव छलावा व अविश्वसनीयता से ग्रस्त। इन वर्गों के आरक्षण व अन्य कल्याणकारी संवैधानिक गारंटियों को लागू करने में कांग्रेस का रवैया हमेशा छलावापूर्ण।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### जियो और जीने दो

आज जब देश और दुनियाभर में हिंसक सोच को बढ़ावा देने वाले नकारात्मक तत्व सक्रिय हैं, ऐसे में भगवान महावीर स्वामी जी का 'जियो और जीने दो' का सिद्धांत सबके लिए संजीवनी बन सकता है।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## महाराष्ट्र में महिला ने लगाया था ससुराल पक्ष पर आरोप

# मानव दांत कोई खतरनाक हथियार नहीं, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

## औरंगाबाद पीठ की जज कंकनवाड़ी, न्यायमूर्ति देशमुख ने सुनाया फैसला

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

महाराष्ट्र में एक मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला की अपने ससुराल पक्ष पर दांत से काटे जाने का आरोप लगाया था। बंबई हाईकोर्ट ने महिला द्वारा उसके ससुराल वालों के खिलाफ की गई शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि मानव दांतों को ऐसा खतरनाक हथियार नहीं माना जा सकता है, जिससे गंभीर नुकसान की संभावना हो।हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ की जज विभा कंकनवाड़ी और न्यायमूर्ति संजय देशमुख ने 4 अप्रैल को अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता के चिकित्सा प्रमाणपत्र से पता चलता है कि दांतों के निशान से उसे केवल मामूली चोट लगी। इसी चोट के आधार पर महिला ने अप्रैल 2020 में एफआईआर दर्ज करवाई थी।

### चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था

प्राथमिकी के मुताबिक ससुराल पक्ष के साथ हाथापाई के दौरान एक रिश्तेदार ने महिला को काट लिया, जिससे उसे खतरनाक नुकसान पहुंचा। पुलिस के मुताबिक महिला की शिकायत के आधार पर आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता के अनुसार चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था।



**धारा 324 ने किया बचाव**

भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (खतरनाक हथियार का उपयोग करके चोट पहुंचाना) के तहत, चोट किसी ऐसे उपकरण से लगी होनी चाहिए जिससे मृत्यु या गंभीर नुकसान होने की आशंका हो अगर ऐसा नहीं है तो यह मामला नहीं बनता है


### दांतों से केवल साधारण चोट लगी

कोर्ट ने आरोपियों द्वारा दायर याचिका को स्वीकार करते हुए केस को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता के मेडिकल सर्टिफिकेट से पता चलता है कि दांतों से केवल साधारण चोट लगी थी। इसके कारण यहां पर धारा 324 के तहत अपराध नहीं बनता है। ऐसे में ससुराल पक्ष या अभियुक्त पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट की ओर से कहा गया कि दोनों पक्षों के बीच में संपत्ति का विवाद प्रतीत होता है।

**उम्रकैद की सजा काट रहे व्यक्ति को हाईकोर्ट ने किया बरी**

## बिना गलती जेल में गुजर गए 20 साल, अब दोषमुक्त

चंडीगढ़। हरियाणा के सोनीपत जिले के समचाना गांव के निवासी कृष्ण को लगभग दो दशक बाद हत्या के मामले में बरी कर दिया गया है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने




अपने फैसले में कृष्ण को दोषमुक्त करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष इस मामले में संदेह से परे अपराध सिद्ध करने में विफल रहा है। यह फैसला जस्टिस गुरविंदर सिंह गिल और जस्टिस जसजीत सिंह बेदी की खंडपीठ द्वारा सुनाया गया। यह मामला वर्ष 2001 का है, जब बाला नामक महिला का शव 19 अगस्त को सोनीपत के बख्तावरपुर गांव में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया था। शुरुआत में इसे आत्महत्या का मामला माना गया, लेकिन 4

**अन्य आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं**

उन्होंने आरोप लगाया कि बाला और कृष्ण के बीच कथित अवैध संबंधों के चलते यह हत्या की गई। शिकायत के आधार पर 23 अगस्त 2001 को मुरथल पुलिस स्टेशन में संविधान की धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। दिसंबर 2001 में कृष्ण को गिरफ्तार किया गया और केवल उसी को आरोपित बनाकर हत्या के आरोप में अदालत में पेश किया गया, जबकि अन्य आरोपितों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई।

---

**खबर संक्षेप**

### दिल्ली में आयुष्मान कार्ड के रजिस्ट्रेशन शुरू



**नई दिल्ली।** दिल्ली में सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली सरकार ने गुरुवार से राजधानी में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। वित्त मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि पहले फेज के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। योजना में कमजोर लोगों को प्रति परिवार 5 लाख की वित्तीय मदद मिलती है।

### 3 मासूमों के साथ तालाब में कूद गई महिला




**भदोही।** यहां के दुर्गागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जद्दोपुर गांव में गुरुवार सुबह दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। अन्नू देवी अपने 3मासूम बच्चों के साथ तालाब में कूद गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में कोहराम मच गया है। अब तक केवल एक बच्चे का शव उतराया मिला था। गोताखोरों की टीम उनकी तलाश कर रही है।

### राष्ट्रपति, पीएम ने जयंती की शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दीं।जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की 2623वीं जयंती मनाई जा रही है।राष्ट्रपति ने लिखा, महावीर जयंती के अवसर पर सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई।

### टीचर ने बच्चे को खून से लथपथ कर दिया



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ट्यूशन टीचर ने सिर्फ इसलिए मासूम छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी क्योंकि उसने होमवर्क पूरा नहीं किया था। पिटाई इतनी ज्यादा की कि बच्चा खून से लथपथ हो गया और उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले।

---

## वक्फ कानून पर घमासान नहीं थम रहा, सियासी बयानबाजी चरम पर

**वक्फ बचाओ मुहिम शहर से गांव तक**

# ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देशभर में शुरू करेगा आंदोलन, कोलकाता में सड़क पर बैठा समाज

## हर जिला मुख्यालय पर धरना देकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ कानून को लेकर घमासान कम होने का नाम नहीं ले रहा। इसको लेकर सियासी बयानबाजी चरम पर है। इस बीच अब वक्फ कानून को लेकर सड़कों पर उतरकर देशभर में धरना प्रदर्शन करने की भी तैयारी है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कानून के खिलाफ देशभर में धरना प्रदर्शन शुरू करने जा रही है, जो करीब एक महीने तक चलेगा। बोर्ड ने इसे 'वक्फ बचाओ मुहिम' का नाम दिया गया, जिसके पहले दौर का आगाज 10 अप्रैल से हो गया है और 7 जुलाई तक चलेगा। बोर्ड ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की तैयारी कर ली है। मुंबई में मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू करेगा। इसके अलावा इसे लेकर कोलकाता के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। आगजनी की। रामलीला मैदान में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वक्फ बिल के खिलाफ विशाल प्रदर्शन हुआ. पश्चिम बंगाल जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी ने इसे 'काला कानून' करार दिया।

- भाजपा ने भी काउंटर करने की कर ली तैयारी

**करीब एक महीने तक चलेगा इस पर विरोध**

**बताया जा रहा कि 7 जुलाई को होगा पटाक्षेप**

**50 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला विंग भी उतरेगी**




ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने कहा देश के बड़े 50 शहर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने और सभी बड़े शहरों में बुद्धिजीवी समाज के साथ मीटिंग करने की बात कही। वहीं, महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला विंग भी मैदान में उतरेगी और अलग-अलग प्रोगाम आयोजित करेगी।

**गांव तक चलेगा अभियान,22 को दिल्ली में 'वक्फ की हिफाजत'**

बोर्ड के मुताबिक वक्फ कानून के विरोध में सभी प्रदेशों की राजधानियों में धरना और गिरफ्तारी कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जुम्मे की नमाज के बाद लोग ह्यूमन चेन बनाकर या फिर दूसरे तरीकों से विरोध दर्ज कराएंगे। ये अभियान शाह बानो मामले की तरह शहर से गांव तक चलाया जाएगा। बोर्ड ने 22 अप्रैल को तालकटोरा स्टेडियम में 'वक्फ की हिफाजत' के नाम से एक कार्यक्रम किया जाएगा। लोगों से अपील की गई है कि 30 अप्रैल रात 9 बजे वक्फ के विरोध में लाइटें आंधे घंटे के लिए बंद करें।

**अधिनियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची मोइत्रा**

### ओवैसी समेत 10 याचिकाओं पर 16 को होगी सुनवाई



वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इस बिल के खिलाफ टीएमसी की सांसद महुआ मोइत्रा सुप्रीम कोर्ट चली गई है। महुआ मोइत्रा ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथ की पीठ ने इस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी द्वारा दायर याचिका सहित दस अन्य याचिकाओं को 16 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

**मुस्लिमों के दरवाजे जाकर वक्फ एक्ट के फायदे बताएगी भाजपा**

## अग्रवाल और गौतम को मिली जिम्मेदारी, बिहार पर रखी जा रही नजर

भाजपा अब मुस्लिमों के बीच विरोध की आग को ठंडा करने की कोशिश में जुटेगी। इसकी शुरुआत बिहार से होगी, जहां कुछ महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है। पार्टी के नेता दरवाजे-दरवाजे जाएंगे और विपक्ष के दावों को खारिज करते हुए बताएंगे कि कैसे यह कानून मुसलमानों के हित में होगा। जेडीयू को भी मरहम मिलेगा।




**विपक्ष के नैरेटिव को हर स्तर पर लाएंगे सामने**

पीएम खुद कई बार पसमांदा मुस्लिमों की उपेक्षा का मुद्दा उठा चुके हैं। भाजपा की कोशिश है कि पसमांदा मुस्लिमों के बीच पैठ बनाई जाए। यदि उनका एक हिस्सा भी साथ आया तो विपक्ष का नैरेटिव बुरी तरह बिगड़ेगा। इसे सामने लाएंगे।

### सिद्दीकी और एंटनी भी मैदान में उतरेंगे

बिहार में कैंपेन चलाने की जिम्मेदारी राधा मोहन दास अग्रवाल और दुष्यंत गौतम दी गई है। उनके साथ अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी होंगे और अनिल एंटनी भी साथ होंगे। वर्कशॉप में किरेन रिजिजू समेत कई मंत्री आएंगे और बिल की बारीकियों के बारे में जानकारी देंगे। भाजपा नेताओं को हर पहलू की जानकारी हो ताकि मुस्लिम मोहल्लों में कोई दिक्कत न हो।

### भाजपा भरवाएगी धन्यवाद मोदी फॉर्म

वक्फ बिल के विरोध में इस प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र भाजपा ने भी जनजागृति अभियान चलाने की तैयारी की है। इसके जरिए मुस्लिम इलाकों में संवाद यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा के जरिए मुसलमानों को वक्फ कानून के बारे में ठीक से समझाया जाएगा। साथ ही हर सवालों का जवाब देने के बाद धन्यवाद मोदी का एक फॉर्म भी भरवाया जाएगा।

---

**नाम बदलने पर छिड़ा विवाद**

## एएसआई ने जामा मस्जिद के बोर्ड पर लिखा जुमा, विरोध




एजेंसी ▶▶ संभल

यहां की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। इस बार मसला नाम को लेकर है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मस्जिद के बाहर लगाए जाने वाले नए बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखवाया है। दस्तावेज और पुराने समझौतों में यह जामा मस्जिद के नाम से दर्ज है। यही नहीं, 1927 में मस्जिद कमेटी और एएसआई के बीच हुए समझौते में भी इसी नाम का उल्लेख किया गया था। जामा मस्जिद कमेटी के उप सचिव मशहूद अली फारूखी ने कहा कि जब रिकॉर्ड ,एग्रीमेंट में जामा मस्जिद लिखा है तो मनमाने ढंग से जुमा नाम का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। 1920 से एएसआई द्वारा संरक्षित इस इमारत का बोर्ड पहले मस्जिद परिसर के भीतर लगा था लेकिन अब इसे बाहर लगाया जाना है।

### एएसआई की सुविधा के अनुसार लगी पट्टिका

बोर्ड पर जुमा मस्जिद लिखा गया है। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने कहा कि यह मस्जिद शाही जामा मस्जिद के नाम से प्रसिद्ध है।उन्होंने एएसआई द्वारा नाम बदलने को एक नई गलत शुरुआत बताया और कहा कि इससे एक और विवाद खड़ा हो सकता है। इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी और मांग की जाएगी कि मस्जिद के ऐतिहासिक नाम से कोई छेड़छाड़ न हो। दूसरी तरफ एएसआई के अधिवक्ता विष्णु कुमार शर्मा का कहना है कि मस्जिद पहले से ही संरक्षित इमारत है और उसका बोर्ड परिसर के भीतर लगा था।

---

## जय महावीर स्वामी



अजमेर। जैन समुदाय के सदस्य गुरुवार को अजमेर में महावीर जयंती के अवसर पर जुलूस में भाग लेते हुए।

**मौर्य ने फायदे भी गिनाए**

### राहुल को एक साल संघ की शाखा में जाना चाहिए

**गलखनऊ।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के 2 दिनी अधिवेशन में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संघ पर करारा हमला बोला है। उन्होंनेदावा किया कि ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देशवासियों को मालूम होना चाहिए। इस बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राहुल को एक साल आरएसएस की शाखा में बिताना चाहिए। उन्हें सच्चाई पता चल जाएगी।



**प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में बढ़ाई सुविधा**

# सामग्री लागत में 9.50% की वृद्धि की छात्रों को पर्याप्त-पौष्टिक भोजन मिलेगा

## केंद्र 954 करोड़ अतिरिक्त लागत वहन करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत देश में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में छात्र-छात्राओं को गर्म पका हुआ भोजन दिया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसमें उपयोग होने वाली सामग्री लागत में 9.50 फीसदी की वृद्धि की है। इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 954 करोड़ की अतिरिक्त लागत वहन



करेगी। इससे विद्यार्थियों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि नई दरें 1 मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी। पोषण योजना एक केंद्र प्रायोजित है।

### सरकार दे रही इसकी 'सामग्री लागत'

इस योजना का उद्देश्य पोषण सहायता प्रदान करना और विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना है। शिक्षा मंत्रालय का कहना है कि पीएम पोषण योजना के अंतर्गत भोजन बनाने के लिए दाल, सब्जियां, तेल, मसाले और ईंधन आदि की खरीद के लिए 'सामग्री लागत' प्रदान की जाती है। भारत सरकार भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से लगभग 26 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न भी उपलब्ध कराती है।

---

**बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक काठमांडू में**

# चौहान ने भगवान पशुपतिनाथ के किए दर्शन, रूद्राक्ष व हरसिंगार के पौधे रोपे

## सपरिवार मंदिर में जाकर टेका माथा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक के लिए काठमांडू (नेपाल) के दौरे पर हैं। चौहान ने गुरुवार को बैठक के बाद सपरिवार भगवान पशुपतिनाथ का दर्शन किया। शिवराज ने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। चौहान ने लिखा कि भगवान पशुपतिनाथ के पावन प्रांगण में रुद्राक्ष और हरसिंगार के पौधे रोपने का सौभाग्य मिला।



**श्रद्धालुओं से मुलाकात की**

चौहान ने कहा कि भगवान से यही कामना है कि वो सदबुद्धि दें, सबका कल्याण करें और सबको सही मार्ग पर चलाएं। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। बारिश से बचने हाथ में छाता लेकर चलते दिखाई दिए।

### कर्म के मार्ग को शिव की प्रेरणा बताया

चौहान ने लिखा कि 4 वर्ष पूर्व नर्मदा मैया की गोद में रोपे संकल्प का बीज पशुपति महादेव के आंगन तक पहुंच गया है। मैं तो बस एक निमित्त हूं, कर्म का यह मार्ग, शिव की प्रेरणा है। महादेव की कृपा बनी रहे और प्रकृति की सेवा का यह संकल्प इसी प्रकार पल्लवित, पुष्पित होता रहे। पशुपतिनाथ के चरणों में यही प्रार्थना है। हर हर महादेव। उन्होंने कहा कि जीवन धन्य हो गया। हमें नई उर्जा और प्रेरणा मिली।

**देश के कई भागों में तापमान में दिखी नरमी**

# राजस्थान में आंधी-बारिश के साथ 14 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

## बाड़मेर में पारा रहा 46 के पार, इसके अलावा कई जिले भी 'जल रहे'

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में पिछले 24 घंटे में आंधी तूफान और बारिश से गर्मी का असर कम हुआ है। सीकर, झुंझुनू, जयपुर, उदयपुर समेत कई जिलों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम बदल गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार जल्द ही लोगों को इस गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। बाड़मेर में बुधवार को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य के कई हिस्सों में आंधी और बारिश की संभावना है।बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में हल्की वर्षा और आंधी आने की संभावना है।



**2 दिन मौसम और खराब होगा**

11 और 12 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ का असर सबसे अधिक रहेगा। 11 अप्रैल को बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर और शेखावाटी क्षेत्र में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, 12 अप्रैल को उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

**14 जिलों के लिए चेतावनी**

मौसम विभाग ने 11 अप्रैल को 14 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनमें धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, जयपुर, दौसा, अलवर, टोंक, बीकानेर, चूरू, सीकर, बूंदी, झुंझुनूं, नागौर और भरतपुर शामिल हैं। इन क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है।

### 14 अप्रैल के बाद फिर बढ़ेगी तपिश

13 अप्रैल से मौसम शुष्क होने लगेगा और तापमान में फिर से बढ़ोतरी होगी। 14-15 अप्रैल से दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। राजस्थान के कई जिलों में पारा लगातार ऊपर बना हुआ है। बुधवार को जैसलमेर में 43.6 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 43.1 डिग्री, बीकानेर में 43.4 डिग्री और श्रीगंगानगर में 44.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। जयपुर में 43 डिग्री, फलौदी में 43.8 डिग्री, चूरू में 43.5 डिग्री और कोटा में 43.2 डिग्री तापमान रहा।

# मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों का आरोपी तहव्वुर राणा अमेरिका से लाया गया

# नया भारत घर में घुसकर ही नहीं मारता, घर से उठाकर भी लाता है- राणा के प्रत्यर्पण की कहानी में मोदी सरकार का रहा 'दबदबा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाला तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुए थे। तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी देने के बाद भारतीय एजेंसियां उसे भारत ले आई हैं। बता दें, राणा मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। हेडली ने हमलों से पहले खुद को राणा की आव्रजन कंपनी का कर्मचारी बताकर मुंबई के स्थानों की रेकी की थी। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग का इस्तेमाल करके भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद सीएसएमटी, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी।

भारत पिछले 17 वर्षों से प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था

सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को माना





## डेविड हेडली भी है साजिशकर्ता

मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने में राणा के साथ उसके बचपन को दोस्त डेविड कोलमैन हेडली भी है। वह फिलहाल अमेरिका की जेल में बंद है। उसका असली नाम दाऊद सईद गिलानी था। वह एक पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक है। उसका पिता पाकिस्तानी है और मां अमेरिका से ताल्लुक रखती हैं। वह राणा के साथ लगातार संपर्क में था और उसने अपनी गतिविधियों के लिए मुंबई में एक इमिग्रेशन फर्म खोली थी। वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम का एक इमिग्रेशन और ट्रैवल एजेंसी का मालिक राणा ही था। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने मुंबई हमले की योजना बनाई थी।



## गद्दारों पर कड़ी नजर



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, देश के गद्दारों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत से आतंकवाद का लगभग सफाया हो गया है। पिछले 14 वर्षों में देशद्रोहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। किसी को भी बख्शा नहीं गया है।

## प्रत्यर्पण भारत के संकल्प का प्रतिबिंब



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राणा का प्रत्यर्पण मोदी सरकार और इसकी सुरक्षा एजेंसियों की एक बड़ी उपलब्धि है। यह उन सुरक्षाकर्मियों के प्रति भी श्रद्धांजलि है जिन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमले में मारे गए 160 से अधिक लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## संभवतः राणा को मृत्युदंड मिलेगाः जीके पिल्लई



पूर्व गृह सचिव गोपाल कृष्ण पिल्लई ने कहा कि राणा को निश्चित रूप से देश में दोषी ठहराया जाएगा और उसे इस जघन्य आतंकवादी कृत्य में शामिल होने के लिए संभवतः उसे मृत्युदंड या 10 साल या उससे अधिक की सजा मिलेगी। उन्होंने कहा हमारे पास पाकिस्तान में मौजूद अन्य आरोपियों की जानकारी भी हैं जिनके खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं लेकिन पाकिस्तान ने उन पर अमल नहीं किया है। पाकिस्तान पूरी जांच में बाधा डालता रहा। उसने न तो उन पर (आरोपियों पर) पाकिस्तान में मुकदमा चलाया और न ही उन्हें भारत में मुकदमे चलाने के लिए हमें सौंपा।

## राणा का प्रत्यर्पण देश के लिए बड़ी उपलब्धिः आरके सिंह



पूर्व गृह सचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने कहा कि राणा का प्रत्यर्पण देश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्यर्पण अन्य आतंकवादियों के लिए एक संदेश है कि यदि आप कहीं जाते हैं और किसी देश पर हमला करते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप किसी अन्य देश में रह सकते हैं। आपको उस देश में न्याय का सामना करना पड़ेगा जहां आपने आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया। यह महत्वपूर्ण है कि आतंकवादियों तक ऐसा संदेश जाए। उन्होंने कहा कि राणा की गवाही से उन विवरणों को हासिल करने में मदद मिलेगी जो भारतीय अधिकारियों को ज्ञात नहीं हैं।

## 26/11 के असली हीरो



**हेमंत करकरे:** मुंबई एटीएस के चीफ हेमंत करकरे कामा हॉस्पिटल के बाहर चली मुठभेड़ में आतंकी अजमल कसाब और इस्माइल खान की अंधाधुंध गोलियां लगने से वह शहीद हो गए। मरणोपरांत उन्हें अशोक चक्र से सम्मानित किया था।



**तुकाराम ओंबले:** मुंबई पुलिस के एएसआई तुकाराम ओंबले ने आतंकी अजमल कसाब का बिना किसी हथियार के सामना किया और अंत में उसे दबोच लिया। उन्हें कसाब की बंदूक से कई गोलियां लगीं और वह शहीद हो गए। उन्हें अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।



**अशोक काम्टे:** मुंबई पुलिस में बतौर एसीपी तैनात थे। हमले के दौरान करकरे के साथ थे। कामा हॉस्पिटल के बाहर पाकिस्तानी आतंकी इस्माइल खान ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। एक गोली उनके सिर में आ लगी। घायल होने के बावजूद उन्होंने दुश्मन को मार गिराया।



**विजय सालस्कर:** सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर विजय सालस्कर कामा हॉस्पिटल के बाहर हुई फायरिंग में हेमंत करकरे और अशोक काम्टे के साथ आतंकियों की गोली लगने से शहीद हो गए थे। शहीद विजय को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था।



**मेजर संदीप उन्नीकृष्णन:** नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स के कमांडो थे। वे मिशन ऑपरेशन ब्लैक टारनेडो का नेतृत्व कर रहे थे और 51 एसएजी के कमांडर थे। एक आतंकी ने पीछे से उन पर हमला किया जिससे घटनास्थल पर ही वह शहीद हो गए। मरणोपरांत 2009 में अशोक चक्र से सम्मानित किया।

इनके अलावा हवलदार गजेंद्र सिंह, नागप्पा आर.महाले, किशोर के.शिंदे, संजय गोविलकर, सुनील कुमार यादव और कई अन्य ने भी बहादुरी की मिसाल पेश की।

## तहव्वुर राणा की पूरी कहानी

## मुंबई हमले से लेकर भारत प्रत्यर्पण तक

**26 नवंबर 2008: मुंबई में हुआ आतंकी हमल**
साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहरभर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे।

**अक्तूबर 2009: अमेरिकी एयरपोर्ट पर हुई गिरफ्तारी**
डेविड हेडली और तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका के शिकागो में स्थित ओहारे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया। यह दोनों अमेरिका से पाकिस्तान भागने की कोशिश में थे।

**11 नवंबर 2009: भारत में एनआईए ने हेडली-राणा को बनाया आरोपी**
एनआईए ने मुंबई हमलों के साजिशकर्ता के तौर पर डेविड कोलमैन हेडली और तहव्वुर राणा के नाम का खुलासा किया। इन दोनों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया।

**23 मई 2011-9 जून 2011: अमेरिका में मुकदमा**
2011 में राणा पर अमेरिका में दोनों मामलों में मुकदमा चलाया गया और उसे डेनिश अखबार पर हमला करने की साजिश में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को मदद पहुंचाने का दोषी ठहराया गया। हालांकि, कई सबूत होने के बावजूद अमेरिकी जिला अदालत की जूरी ने उसे मुंबई हमलों में शामिल होने के आरोप से बरी कर दिया।

**24 दिसंबर 2011: एनआईए ने दायर की चार्जशीट**
भारत की एनआईए ने तहव्वुर राणा, डेविड हेडली, लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद, जकी-उर-रहमान लखवी, अल-कायदा के इलियास कश्मीरी और पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की।

**17 जनवरी 2013: राणा को यूएस में 14 साल की सजा**
तहव्वुर राणा को संघीय जेल में 14 साल की सजा सुनाई गई, इसके बाद उसे पांच साल तक निगरानी में रखने का निर्देश दिया गया। यह तब हुआ, जब डेविड हेडली ने दोनों मामलों में अभियोजकों को खुलकर तहव्वुर राणा के खिलाफ सबूत दिए थे। हालांकि, राणा के वकीलों का कहना था कि डेविड हेडली झूठ बोलकर बच निकलने में माहिर रहा है। उसने कई पुराने दोस्तों को आपराधिक मामलों में फंसाया और खुद कम सजा के साथ बच निकला।

**2014: दिल्ली की अदालत ने जारी किए गैर-जमानती वारंट**
दिल्ली की एक सत्र अदालत ने भारत की पकड़ से दूर तहव्वुर राणा समेत नौ आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए।

**दिसंबर 2019: भारत ने फिर की प्रत्यर्पण की मांग**
भारत ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका को राजनयिक नोट सौंपा। तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग उठाई।

**मई 2020: अमेरिका की जेल से मिली आजादी**
अमेरिका में तहव्वुर राणा को को कोरोनावायरस से संक्रमित होने के बाद स्वास्थ्य कारणों से दक्षिण कैलिफोर्निया की टर्मिनल आईलैंड जेल से रिहाई दे दी गई। उसने सजा भी पूरी नहीं की थी।

**10 जून 2020: लॉस एंजेलिस से फिर हुई गिरफ्तारी**
भारत ने राणा के पहुंच से दूर हो जाने की आशंका के मद्देनजर प्रत्यर्पण और अंतरिम गिरफ्तारी की अपील को अमेरिकी प्रशासन के सामने बढ़ाया। इसके बाद राणा को फिर से लॉस एंजेलिस से गिरफ्तार कर लिया गया।

**मई 2023: राणा को अदालत से मिला पहला झटका**
कैलिफोर्निया के एक जिला न्यायालय ने राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने का फैसला दिया। अमेरिकी सरकार ने भी राणा के भारत प्रत्यर्पण को दोनों देशों के बीच की संधि के तहत वैध माना।

**अगस्त 2024: फिर ठुकराई गई अपील**
कैलिफोर्निया में स्थित संघीय अदालत ने भी प्रत्यर्पण के खिलाफ दी गई राणा की अपील को ठुकरा दिया।

**सितंबर 2024: सभी निचली अदालतों से झटका**
राणा की अपील को सैन फ्रैंसिस्को नॉर्थ सर्किट की अपीलीय अदालत ने भी खारिज कर दिया और उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी। इसी के साथ तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को अमेरिका की सभी निचली अदालतों में मंजूरी मिली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत का साथ दिया।

**21 जनवरी 2025: सुप्रीम कोर्ट ने भी दी प्रत्यर्पण को मंजूरी**
अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी तहव्वुर राणा को झटका दिया और उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।

**27 फरवरी 2025: राणा ने दायर की समीक्षा याचिका**
राणा ने एक समीक्षा याचिका दायर कर कहा कि भारत में उसे पाकिस्तानी मुस्लिम होने की वजह से प्रताड़ित किया जाएगा। उसने पार्किन्सन और किडनी की खराबी समेत कई और बीमारियों का बहाना बनाया।

**6 मार्च 2025: अदालत ने नहीं दी कोई राहत**
सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया और प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया।

**20 मार्च 2025: चीफ जस्टिस से प्रत्यर्पण रोकने की मांग**
तहव्वुर राणा ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स को आवेदन देकर प्रत्यर्पण रोकने की मांग उठाई।

**7 अप्रैल 2025: राणा की आखिरी कोशिश भी असफल हुई**
चीफ जस्टिस रॉबर्ट्स ने राणा की मांग को अस्वीकार कर दिया। उसके प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हुआ।

**9 अप्रैल 2025: अमेरिका ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया**
अमेरिका ने तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया। एनआईए के अधिकारी प्रत्यर्पण के लिए अमेरिका पहुंचे। भारत लाने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बलिदानी मेजर संदीप के पिता बोले अभी बहुत सी परतें जिन्हें ढूंढना बाकी



मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए बलिदान हुए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कमांडो मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के पिता के. उन्नीकृष्णन ने कहा कि तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण भारत की 'कूटनीतिक सफलता' है जो भारत को लंबे समय के बाद मिली है। यह कोई अंतिम बात या बड़ी उपलब्धि नहीं है, इसमें बहुत सी परतें हैं जिन्हें हमें हासिल करना है। एक आम आदमी के लिए, वह एक कड़ी था। जब डेविड कोलमैन हेडली भारत में था, तब उसने 231 कॉल किए थे। सारे सबूत यहां मौजूद हैं। यह (राणा) एक विद्वान व्यक्ति है जो अकेले ही सब कुछ संभाल सकता है। देखते हैं इससे क्या निकलता है। उन्होंने आगे कहा कि संदीप 26/11 का पीड़ित नहीं था। वह एक सुरक्षाकर्मी था जो हमले के दौरान ड्यूटी पर था। उसने अपना कर्तव्य निभाया। अगर उसने मुंबई में ऐसा नहीं किया होता, तो वह कहीं और करता। वह अपना कर्तव्य निभा रहा था।

## खबर संक्षेप

### हसीना की बढ़ीं मुश्किलें जारी हुआ एक और वारंट



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें बढ़ रही हैं। एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ एक और गिरफ्तारी वारंट जारी किया। उन पर धोखाधड़ी से आवासीय भूखंड हासिल करने का आरोप लगाया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से चार्जशीट दायर की गई।

### फ्रांस जून में फिलीस्तीन को देगा मान्यता



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस फिलीस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहा है और इसे लेकर जून में न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में ऐलान कर सकता है। मैक्रों ने कहा कि हमें फिलीस्तीन को मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ना होगा और आने वाले कुछ महीनों में हम ऐसा करेंगे।

### इटली के डिप्टी पीएम आज भारत आएंगे



**नई दिल्ली।** इटली के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी 11-12 अप्रैल को भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने यह जानकारी दी। तजानी 11 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और हैदराबाद हाउस में जयशंकर और वाणिज्य भवन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। 12 अप्रैल को वह दोपहर में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

## रूस के खिलाफ नाटो ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया

# मुख्यालय में बुलाई 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक, यूक्रेन में सेना तैनात करने पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

यूक्रेन पर तीन साल से जारी युद्ध में लगातार हावी हो रहे रूस के खिलाफ अब नाटो ने बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। नाटो रूस के खिलाफ बड़ी रणनीति तैयार करने का संकेत दिया है।

इस बाद नाटो ने अपने मुख्यालय में 30 देशों के रक्षामंत्रियों की बड़ी बैठक बुलाई है। इसकी अगुवाई ब्रिटेन और फ्रांस कर रहे हैं, जिन्होंने लगभग 30 देशों के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक बुलाई है। नाटो का कहना है कि बैठक का उद्देश्य रूस के साथ किसी भी भावी शांति समझौते की निगरानी के लिए, यूक्रेन में सेना तैनात करने की योजना पर चर्चा करना है।

### पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा

### रक्षा मंत्रियों की यह पहली बैठक



उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मुख्यालय में होने वाली यह बैठक तथाकथित गठबंधन में शामिल देशों के रक्षा मंत्रियों की पहली बैठक होगी। पिछले सप्ताह वरिष्ठ ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैन्य अधिकारियों ने कीव की यात्रा की थी, जिसके बाद यह बैठक बुलाई गई है। उम्मीद है कि इसमें नेताओं के बीच पहले हुई बैठक में हुए समझौते को मूर्त रूप देने पर काम किया जाएगा।

**बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन और जर्मनी करेंगे**

अमेरिका इस बैठक में भाग नहीं लेगा। शुक्रवार को, यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन जुटाने के लिए लगभग 50 देशों के प्रतिनिधि नाटो मुख्यालय में एकत्रित होंगे। इस बैठक की अध्यक्षता ब्रिटेन और जर्मनी करेंगे। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के इसमें भाग लेने की उम्मीद नहीं है। यूक्रेन सरकार के अधिकारियों और सैन्य विश्लेषकों ने कहा है कि रूसी सेनाएं कीव पर दबाव बढ़ाने और युद्ध विराम वार्ता में क्रेमलिन की स्थिति को मजबूत करने के लिए आने वाले हफ्तों में यूक्रेन में एक नया सैन्य आक्रमण शुरू करने की तैयारी कर रही हैं।

### जेलेंस्की का बड़ा दावा

### 150 से ज्यादा चीनी सैनिक रूस की तरफ से लड़ रहे



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा दावा किया है और आरोप लगाया है कि 150 से ज्यादा चीनी सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन में लड़ रहे हैं। यूक्रेन ने दावा किया है कि उनकी सेना ने पूर्वी डोनेत्सक क्षेत्र में लड़ रहे दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसके एक दिन बाद ही यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा कर दिया है कि उनके पास 150 से ज्यादा चीनी नागरिकों की जानकारी है, जो रूस की तरफ से यूक्रेन में लड़ रहे हैं। वहीं चीन की सरकार ने यूक्रेन के दावे को खारिज कर दिया है और इसे आधारहीन बताया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे यूक्रेन के दावे की जांच कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि युद्ध में चीनी नागरिकों की संलिप्तता से साफ है कि रूस युद्ध को बढ़ाना चाहता है। उन्होंने यूक्रेनी युद्धबंदियों के बदले पकड़े गए चीनी नागरिकों को छोड़ने की भी पेशकश की।

## दीक्षांत समारोह में बोले रक्षा मंत्री

# राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए साइबर हमले बन रहे हैं साधन



एजेंसी ▶▶ वेलिंगटन (तमिलनाडु)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'ग्रे जोन' और 'हाइब्रिड' (मिश्रित) युद्ध के युग में साइबर हमले तथा गलत सूचना अभियान राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों की प्राप्ति के साधन बन रहे हैं। रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि वर्तमान में जारी संघर्ष और समकालीन रुझान इस तथ्य को उजागर करते हैं कि युद्ध की परंपरागत धारणाएं नए सिरे से परिभाषित की जा रही हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के कुन्नूर में वेलिंगटन छावनी के स्मारक चौक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए जान कुर्बान करने वाले सैनिकों को याद किया। यह दौरा आर्मी ट्रेनिंग कॉलेज में पासिंग-आउट परेड के मौके पर हुआ।

### हमारे सामने सतत खतरे बने हुए

रक्षा मंत्री ने कहा कि हम 'ग्रे जोन' और मिश्रित युद्ध के युग में हैं जहां साइबर हमले, गलत सूचनाओं का प्रचार और आर्थिक युद्ध ऐसे साधन बन गए हैं जिनसे एक भी गोली दागे बिना राजनीतिक-सैन्य उद्देश्यों को लक्ष्य बनाने के साथ ही उन्हें हासिल भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर हमारे सामने सतत खतरे बने हुए हैं। छद्म युद्ध और हमारे पड़ोस में आतंकवाद के केंद्र से पैदा होती दहशतगर्दी के कारण यह खतरा और जटिल हो जाता है। रक्षा मंत्री ने युवा अधिकारियों से कहा कि आप भविष्य के सैन्य नेता हैं। आपको बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। आज दुनिया तेजी से बदल रही है। डिजिटल सुरक्षा, तकनीक और नई चुनौतियां आपके सामने होंगी। इनसे निपटने के लिए आपको तैयार रहना होगा।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच गोयल का आश्वासन

# घबराएं नहीं सकारात्मक पहलुओं पर दें ध्यान, सरकार समाधान तलाश रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री (सीआईएम) पीयूष गोयल द्वारा निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग निकायों के साथ आयोजित बैठक में निर्यातकों से कहा कि वे घबराएं नहीं और वर्तमान परिदृश्य में सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम देश के लिए सही परिणाम सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। सरकार वैश्विक व्यापार वातावरण में हाल के बदलावों को सफलतापूर्वक नेविगेट करने में सक्षम बनाने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए काम करेगी।

### माल और सेवा निर्यात 820 बिलियन डॉलर पार



गोयल ने बताया कि भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने लाल सागर संकट, खाड़ी क्षेत्र में इजराइल-हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन संघर्ष के लगातार बने रहने और कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं में धीमी वृद्धि सहित कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद निर्यात में सर्वकालिक उच्च उपलब्धि के लिए निर्यातकों की सराहना की।

## भारत और यूके के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत जारी

# सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए उठाए कदम

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारत और यूके ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) के लिए बातचीत जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

यह जानकारी लंदन में आयोजित '13वें इकोनॉमिक एंड फाइनेंशियल डायलॉग' में दी गई, जिसकी सह-अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन की चांसलर ऑफ एक्सचेकर रेचल रीव्स ने की। एक साझा बयान में कहा गया कि ब्रिटिश पक्ष को अपनी आगामी औद्योगिक रणनीति के बारे में जानकारी देने में खुशी हुई, जिसके तहत यह साझेदारी औद्योगिक रणनीति के प्राथमिकता वाले विकास को बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों, जैसे उन्नत विनिर्माण और लाइफ साइंस, को सपोर्ट कर सकती है, जहां ब्रिटिश विशेषज्ञता और रिसर्च क्षमता भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने में मदद कर सकती है। साथ ही स्वच्छ ऊर्जा, पेशेवर और व्यावसायिक सेवाओं, वित्तीय सेवाओं, क्रिएटिव उद्योगों और रक्षा में नौकरियों और आर्थिक विकास को समर्थन दे सकती है।

### खास बातें

- भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर करेंगे हस्ताक्षर
- स्वच्छ ऊर्जा, व्यावसायिक सेवाओं में करेंगे सहयोग



### औद्योगिक संबंधों को करेंगे मजबूत

दोनों पक्ष औद्योगिक क्षेत्रों के बीच संबंधों को मजबूत करने और सप्लाई चेन को सपोर्ट करने के लिए 'भारत-ब्रिटेन रक्षा औद्योगिक रोडमैप' पर हस्ताक्षर करने पर विचार कर रहे हैं। भारत और यूके ने हाल के वर्षों में हुए फाइनेंशियल सर्विसेज ट्रेड का स्वागत किया, इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### रुपए को अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित करने पर चर्चा

संयुक्त बयान के अनुसार दिसंबर 2024 में भारत की गिफ्ट सिटी आईएफएससी में आयोजित फाइनेंशियल मार्केट्स डायलॉग (एफएमडी) ने बैंकिंग, इंश्योरेंस, पेंशन, कैपिटल मार्केट्स और सस्टेनेबल फाइनेंस में हमारे सहयोग को गहरा करने का अवसर प्रदान किया और हमारी टीमें इस वर्ष के अंत में लंदन में अगले एफएमडी के लिए मिलेंगी। इस डायलॉग में भारतीय रुपए के अंतरराष्ट्रीयकरण पर भी चर्चा की गई। इससे रुपए को एक अंतरराष्ट्रीय करेंसी के रूप में विकसित होने में भी मदद मिलेगी।

### एस्पायरिंग इंजीनियर्स के लिए द्वारका में पेश

# आकाश एजुकेशनल का आकाश इनविक्टस कैंपस अल्टीमेट जेईई प्रिपरेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली (द्वारका)

परीक्षा की तैयारी में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व के साथ आकाश इनविक्टस कैंपस, सेक्टर 12, द्वारका का शुभारंभ किया है। यह जेईई की तैयारी के लिए एक अनूठा और अग्रणी एडवांस्ड प्रोग्राम है, जिसे विशेष रूप से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए डिजाइन किया गया है। यह उच्च-स्तरीय, व्यक्तिगत, एआई आधारित और परिणाम-केंद्रित कार्यक्रम आईआईटी या विदेशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश की तैयारी करने वाले छात्रों को सक्षम बनाने के लिए तैयार किया गया है।



**1 लाख से ज्यादा छात्रों को मिली आईआईटी में सफलता**

आकाश इन्विक्टस लगभग 500 सबसे अच्छे जेईई शिक्षक एक साथ लाता है, जो एक लाख से ज्यादा छात्रों को आईआईटी में सफलता दिलाने में मदद कर चुके हैं। 'आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एम एवं सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहाकि आकाश इन्विक्टस केवल एक कोचिंग प्रोग्राम नहीं है। यह उन छात्रों के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा है, जो शीर्ष आईआईटी रैंक हासिल करने का लक्ष्य रखते हैं। ये प्रोग्राम दशकों के एक्सपीरियंस, एडवांस्ड टीचिंग मेथड्स और पर्सनलाइज्ड, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन एजुकेशन को टॉप-लेवल फैकल्टी के साथ जोड़ता है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे शिक्षकों ने लाखों छात्रों को शीर्ष आईआईटी में प्रवेश दिलाने में सफलता प्राप्त की है।

**कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित**

'आकाश इन्विक्टस कैंपस' उन्नत शिक्षण अनुभव के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। यह कैंपस 13 आधुनिक कक्षाओं से सुसज्जित है, जो केंद्रित और व्यक्तिगत जेईई तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं। यह कैंपस दो शिफ्टों में 1,300 छात्रों को समायोजित करता है, जिससे उन्हें विश्व स्तरीय शिक्षा और सफलता के लिए सर्वोत्तम संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। अपने विशाल और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ, इन्विक्टस कैंपस यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन उपलब्ध हों।

**छात्रों को क्यूआर कोड के साथ सम्मिलित अध्यायवार अभ्यास वर्कशीट प्रदान की**

*अध्ययन सामग्री को पूरी तरह से नए तरीके से तैयार किया गया है, जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल है और इसे उद्योग के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों ने विकसित किया है। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण अध्ययन संसाधनों में नवाचार पर इसका विशेष ध्यान है। छात्रों को क्यूआर कोड के साथ सम्मिलित अध्याय-वार अभ्यास वर्कशीट प्रदान की जाएंगी, जो डिटेल्ड सॉल्यूशंस और स्टेप-बाय-स्टेप मार्किंग स्कीम हैं, इससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्र न केवल जेईई की तैयारी में बल्कि स्कूल और बोर्ड परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।*

### भोपाल दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी बोले

# सांची के पेड़े में फफूंद! क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग फॉल्ट नहीं

उठा-पटक के दौरान होने वाली हैंडलिंग डैमेज की बदौलत लगती है फफूंद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सांची पेड़े में फफूंद क्वालिटी मैन्युफैक्चरिंग फाल्ट नहीं है बल्कि यह हैंडलिंग फाल्ट है। जिसकी पुष्टि क्वालिटी कंट्रोल टीम ने खुद की।



दरअसल जब सांची पेड़ा पैकेट में पैक किया जाता है तो नाइट्रोजन गैस भरकर उसके ऊपर पतली पन्नी को हैंडलिंग से चिपकाई जाती है, लेकिन एजेंसियों और परिवहनकर्ताओं द्वार जब पैकेट सांची पार्लरों को डिलेवर किया जाता है उस दौरान डिस्ट्रीब्यूटर्स और पार्लर संचालक द्वारा किए जाने वाले उठा-पटक के दौरान पैकेट में की गई हैंडलिंग डैमेट हो जाती है। इस दरमियान अगर एक बाल के बराबर भी छिद्र हो गया तो नाइट्रोजन गैस धीरे -धीरे निकल जाती है और फिर फंफूद लग जाती है। पेड़े का पैकेट अगर पूरी तरह ओपन हो या फिर पूर्णतः पैक्ड हो तो फफूंद नहीं लगती। पेड़े में फफूंद गुणवत्ता की वजह से नहीं, बल्कि उठा-पटक के दरमियान हैंडलिंग फाल्ट की बदौलत लगती है। यह बात भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ आरपीएस तिवारी ने कही। श्री तिवारी ने बताया कि बीते दिन सांची के पेड़े में फफूंद मिलने का मामला सामने आया है।

**ग्राहक जागरूक बनें**

*शिकायत पहुंचते ही भोपाल दुग्ध संघ के क्वालिटी कंट्रोल शाखा की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। दुग्ध संघ की जांच टीम के सुदीप तिवारी ने पाया कि पैकेट में लीकेज होने के कारण फफूंद लगी। इसके बावजूद क्वालिटी कंट्रोल टीम को निर्देशित किया गया है सांची पेड़ों के जब पैकिंग हो जाए तो टीम एक बार जांच अवश्य करें। उल्लेखनीय है कि सांची के पेड़ों की पैकिंग पारदर्शी पन्नी में होती है और पैकेट में स्पष्ट उल्लेख होता है कि उपयोग करने से पहले अवश्य देखें, अतः ग्राहक जागरूक बनें।*

### ट्रांसपोर्टर ने की टोल टैक्स वृद्धि की आलोचना

# बोले-टोल टैक्स बढ़ने से एक ट्रक पर 8 से 10 हजार रुपए महीने का बढ़ेगा बोझ

तय नियम के अनुसार तो टोल टैक्स में 60 प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए थी, जिसमें बढ़ोतरी की गई है

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मध्यप्रदेश सहित देशभर के राजमार्गों पर टोल टैक्स में बढ़ोतरी की है। इस फैसले की ट्रांसपोर्टरों ने आलोचना की है और इसे वापस लेने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले से ही अधिक टोल वसूला जा रहा है और अब इसमें और बढ़ोतरी की जा रही है।

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि स्थित यह उत्पन्न हो गई है कि डीजल और टोल टैक्स दोनों का समान खर्च होगा। इससे परिचालन लागत बढ़ेगी और महंगाई बढ़ेगी। इसे लेकर लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिल रहा है। ट्रांसपोर्टर इसे जनता तथा खुद के अंतहीन आर्थिक बोझ बता रहे हैं।

**लगातार बढ़ते टोल टैक्स से परिचालन की लागत में इजाफा**

नियमानुसार इन्हें अब केवल 40 प्रतिशत ही सड़कों के रखरखाव के लिए टोल टैक्स लेना चाहिए था। सभरवाल ने बताया कि इससे संबंधित उनके संगठन का एक मामला गुजरात हाईकोर्ट में चल रहा है। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर के अनुसार भारी भरकम टोल वसूली आम जनता और परिवहन क्षेत्र के लिए एक अंतहीन आर्थिक बोझ बन गई है।

**ट्रांसपोर्टरों से दी कड़ी प्रतिक्रिया, 10 हजार रुपए तक महीने का बोझ**

पहले से ही इतने भयंकर टोल रेट हैं, जिससे मोटर मालिक ट्रांसपोर्टर परेशान हैं। राजमार्गों पर टोल टैक्स



बढ़ने के प्रत्येक ट्रक पर 8 से 10 हजार रुपए महीने का बोझ बढ़ेगा। जिससे ट्रांसपोर्ट की कमर टूटेगी। इसके साथ ही परिचालन लागत तो बढ़ेगी ही साथ महंगाई भी बढ़ेगी।

**विजय कालरा**
ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट

**टोल टैक्स वृद्धि से बढ़ेगा आर्थिक बोझ**

लोगों में एनएचएआई द्वारा टोल टैक्स में औसतन चार से पांच प्रतिशत का इजाफा करने को लेकर



आक्रोश देखने है। ट्रांसपोर्टर इसे आर्थिक बोझ बता रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए टोल वसूली अस्थाई प्रथा होनी चाहिए थी, लेकिन यह एक स्थायी शोषण प्रणाली के तौर पर विकसित हो गई है। लगातार बढ़ते टोल टैक्स से परिचालन लागत बढ़ती है, जिससे महंगाई में इजाफा होता है।

**हरीश डाबर**, मेंबर मैनेजिंग कमेटी,ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट

**टोल टैक्स जो 50 किलोमीटर के दायरे में आ रहे हैं उन्हें हटाया जाए**

गलत नीतियों के कारण ट्रांसपोर्टर बर्बाद हो रहे है।



केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से अनुरोध है कि टोल टैक्स जो 50 किलोमीटर के दायरे में आ रहे हैं उनको हटवाएं।

**अशोक गुप्ता** असाटी , अध्यक्ष भोपाल ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

**सड़कें 10 साल का समय कर चुकी पार**

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सभरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों की अधिकतर टोल पहले से ही अधिक वसूली कर चुकी हैं। उनके अनुसार तय नियम के अनुसार तो टोल टैक्स में 60 प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए थी, जिसमें बढ़ोत्तरी की गई है। उनके अनुसार अधिकतर सड़कें 10 वर्ष की अवधि पार कर चुकी है। जबकि निर्माण, रखरखाव व हस्तांतरण बिल्ट आपरेट ट्रांसफर (बीओटी) आधार पर तय अधिकतम वसूली लक्ष्य को आठ वर्ष में ही पूरी कर चुकी है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही से ये अभी भी पूरा टोल टैक्स वसूल रही है।

**टोल टैक्स वृद्धि का सीधा असर आम जनता पर**

नेशनल हाईवे हो या फिर स्टेट हाइवे सभी पर टोल टैक्स वसूले जा रहे है, जब कि केंद्रीय मंत्रीनितिन गडकरी ने लोकसभा में अपने संबोधन में यह बात कही थी



कि जो 50 किलोमीटर की दूरी पर है वह टोल टैक्स प्लाजा हटा दिए जाएंगे। परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। उल्टे टैक्स पर 5 से 10 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है जो कि आम जनता को महंगाई के बोझ में दबाने का काम करेंगी । ट्रक ऑपरेटर कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। टोल टैक्स बढ़ने से सीधा असर आम जनता पर असर पड़ेगा, जो कि अन्याय पूर्ण है।

**युवराज सिंह राय,** महासचिव, प्रदेश ट्रक ट्रांसपोर्ट एसो.मध्य प्रदेश

**सड़क पर चलने वाहन चालकों पर रहम करें**



परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी जब से बने है तब से सड़कें बहुत अच्छी हो गई है। हम उनका धन्यवाद करते हैं और उनके ऋणी है कि जो ट्रकों और वाहनों का नुकसान सड़कों पर 70 साल से हो रहा था वह बंद हो गया। मौजूदा समय में जितने का डीजल लगता है उतने का टोल टैक्स लग रहा है। मध्यप्रदेश कई ऐसे रोड है जैसे भोपाल का बायपास, जिनके पैसे पूरे हुए सालों हो गए है,लेकिन रिन्यू प्रक्रिया के चलते सही से रख-रखाव नहीं हो पा रहा है और टैक्स पर टैक्स की वसूली हो रही है। अतः सरकार से अपील है कि सड़क पर चलने वाहन चालकों पर रहम करें। लोगों को मुफ्त की रेवड़ी बांटना बंद करें।

**जितेंद्रपाल सिंह गिल** , अध्यक्ष , भोपाल ट्रक ऑपरेटर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर

# प्रेमिका ने तोड़ा रिश्ता, बदला लेने प्रेमी चुरा ले गया पालतू मुर्गा!

**वॉशिंगटन।** प्यार की कहानियां भी कमाल होती हैं। कोई प्यार में इस हद तक पागल हो जाता है कि अपना सब कुछ खोने को तैयार हो जाता है। वहीं, कुछ लोग प्यार में मिले धोखे के बाद यूं बावले हो जाते हैं कि वो कुछ भी करके अपने पार्टनर से बदला लेना चाहते हैं। एक ऐसी ही दिलचस्प कहानी अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन से सामने आई है।



चोरियां बहुत सुनी होंगी आपने लेकिन शायद ही कभी ऐसा कुछ सुना हो। एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका से ब्रेकअप का बदला लेने के लिए उसका पालतू मुर्गा ही चुरा लिया। दिलचस्प ये था कि पुलिस ने उसे ढूंढ भी लिया। खुद किटसैप काउंटी शैरिफ ऑफिस की ओर से इस वाक्ये को शेयर किया गया है, जो सुर्खियों में है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला ने पुलिस को फोन करके कहा कि उसके पूर्व प्रेमी ने उसके घर में आकर पिछला दरवाज़ा तोड़ दिया और घर से पालतू मुर्गा चुरा ले गया। पुलिस ने इस पर तत्काल एक्शन लेते हुए शख्स को जंगलों के बीच से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक वो लगातार चिल्ला रहा था 'मुझे पॉली मिल गया'। जब पुलिस को शख्स मिला, तो बहुत ही अलग सीन था। पुलिस ने बताया कि शख्स वहां मुर्गे को पकड़कर रो रहा था। उसने ऑफिसर्स से कहा – मेरे मुर्गे को चोट मत पहुंचाइएगा। पुलिस ने उसे शांत करते हुए कहा कि तुम अपने मुर्गे को पकड़े रहो, हम उसे चोट नहीं पहुंचाने वाले हैं। उसने पुलिस की बातें मानीं और आखिरकार मुर्गे को पेट्रोलिंग वाले वाहन में बिठाया। शख्स को अरेस्ट करने के बाद मुर्गा उसकी मालकिन को लौटा दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पैन पैंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:-9202613238 (रायपुर /14/अप्रैल 25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
मों. 9340637789

**नितिन गडकरी ने किया ऐलान, नया टोल सिस्टम 8-10 दिनों में होगा लागू**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देशभर के लोगों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सरकार एक नया टोल सिस्टम लाने जा रही है, जिससे आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला बोझ कम होगा। उन्होंने कहा कि हम एक नई नीति ला रहे हैं, जो आम आदमी को राहत देगी। हम टोल वसूली की प्रक्रिया बदल रहे हैं। अभी इससे ज्यादा नहीं बता सकता, लेकिन मेरा मानना है कि इसका एलान अगले 8-10 दिनों में कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे यात्रियों पर आर्थिक बोझ कम होगा, जो लंबे समय से एक बड़ी चिंता बनी हुई है। इससे पहले भी उन्होंने पिछले महीने संसद में इस टोल नीति का जिक्र किया था। और बताया था कि सरकार इस सिस्टम को ज्यादा यूजर-फ्रेंडली बनाना चाहती है।

## राशिफल

**मेष** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। खर्च बढ़ेंगे। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग भी बन रहे हैं।

**वृष** — मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। कारोबार के प्रति सचेत रहेत। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**मिथुन** — यात्रा पर जाना पड़ सकता है। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** — आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। यश की प्राप्ति होगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। किसी मित्र का सहयोग से सम्पत्ति में निवेश हो सकता है।

**धनु** — खर्च बढ़ेंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। भवन सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मकर** — कारोबार का विस्तार होगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान

**कुंभ** — अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति से बचने के प्रयास करें। आत्मसंयत रहें।

### यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में है कारगर

# चीन ने खोजा ऐसा फॉर्मूला कि तुरंत लग जाएगा कैंसर पर ब्रेक

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने लीवर कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण खोज की है। उन्होंने पाया है कि सिलीबिन नामक प्राकृतिक यौगिक एमसीटी1 प्रोटीन को रोककर कैंसर कोशिकाओं में लैक्टेट के संचय को बढ़ाता है, जिससे उनकी वृद्धि रुक जाती है। यह खोज कैंसर के प्रभावी उपचार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकती है। सस्ता उपचार खोजने के बाद चीन के वैज्ञानिकों ने कैंसर को लेकर एक और नई खोज की है। चीनी वैज्ञानिकों ने लैक्टेट के परिवहन तंत्र की खोज की है, जिस दौरान ऐसे तत्व के बारे में पता चला जो कैंसर जैसी घातक बीमारी को पहली स्टेज में ही रोक सकता है। सीजीटीएन के मुताबिक लैक्टेट जो कैंसर कोशिकाओं के लिए महत्वपूर्ण ईंधन है और कैंसर की बढ़ने में मदद करता है, उसे खोजे गए सिलीबिन नामक एक प्राकृतिक यौगिक के जरिए रोका जा सकता है। यह कॉम्पाउंड सिर्फ लीवर कैंसर के केस में कारगर है।




**लीवर कैंसर के बारे में जानिए**

लीवर कैंसर एक ऐसी स्थिति है, जिसमें लीवर की कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बना लेती हैं। यह कैंसर प्रथम चरण (लीवर से शुरू होने वाला) या दूसरा चरण (किसी अन्य अंग से फैलकर लीवर में पहुँचना) हो सकता है। लीवर कैंसर के लक्षण धीरे-धीरे उभरते हैं और शुरुआत में बहुत सामान्य लग सकते हैं, जिससे पहचान करना मुश्किल होता है। आम लक्षणों में पेट के ऊपरी दाएं हिस्से में दर्द या सूजन, अचानक वजन घटना, भूख न लगना, लगातार थकान, मतली, उल्टी और आंखों या त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया) शामिल हैं। लीवर कैंसर के कुछ मामलों में पेट में पानी भरने की समस्या भी हो सकती है। लीवर कैंसर का इलाज रोगी की उम्र, स्वास्थ्य और कैंसर के स्टेज पर निर्भर करता है।

**नए उपचार विकसित करने में मिलेगी मदद**

तिआनजिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ये शेंग और उनकी टीम ने एक रिसर्च में यह पता लगाया कि एमसीटी1 एक ट्रांसपोर्टर प्रोटीन कैंसर कोशिकाओं से लैक्टेट बाहर निकालता है। उन्होंने पाया कि सिलीबिन इस ट्रांसपोर्टर को रोक सकता है। सिलीबिन एमसीटी1 को बंद कर देता है, जिससे लैक्टेट कैंसर कोशिकाओं में जमा हो जाता है और उनकी वृद्धि रुक जाती है। चीन के वैज्ञानिकों का दावा है कि इस खोज से कैंसर का प्रभावी उपचार विकसित किया जा सकता है।

## शब्द पहेली - 5833



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी -2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5832 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | वा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | वा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5843

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5842 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

विशेषः अंबेडकर जयंती, 14 अप्रैल

# डॉ. भीमराव अंबेडकर देश-समाज को दी नई दिशा

प्रेरणास्रोत

अलका जैन 'आराधना'



बच्चो, भारत के संविधान निर्माता और देश के पहले कानून मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर का शुरुआती जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से कस्बे महू में हुआ था। उनका परिवार ऐसी जाति से संबंधित था, जिसे उस समय समाज में अछूत माना जाता था। इस सामाजिक भेद-भाव का अनुभव उन्होंने अपने बचपन से लेकर युवावस्था तक कई बार किया।

**जब नहीं पीने दिया गया पानी:** बचपन में जब भीमराव स्कूल में पढ़ते थे, एक बार उन्हें प्यास लगी। जब वे स्कूल में रखी पानी की हांडी से पानी पीने लगे तो वहां के अध्यापक ने उन्हें डांटते हुए कहा, 'तुम इस हांडी का पानी नहीं पी सकते, ये तुम्हारी जाति वालों के लिए नहीं है।' भीमराव शांत खड़े रहे। इस घटना से वे बहुत दुःखी हुए। उन्होंने इस प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने का दृढ़ संकल्प लिया, 'एक दिन मैं ऐसा समाज बनाऊंगा, जहां किसी को उसकी जाति के कारण पानी पीने से नहीं रोका जाएगा।'

बड़े होने के बाद भी भीमराव, बचपन में लिया गया अपना संकल्प नहीं भूले। उन्होंने 1927 में महाड़ नाम के स्थान पर एक आंदोलन शुरू किया। वहां एक तालाब था, जो सिर्फ ऊंची जाति वाले लोगों के लिए खुला था। अंबेडकर ने उन दिनों मानी जाने वाली निम्न जाति के अपने हजारों साथियों के साथ जाकर उस तालाब से पानी पिया। उन्होंने समाज को संदेश दिया- 'पानी सबका है, इज्जत सबकी है।' इस आंदोलन ने पूरे देश में उन्हें प्रसिद्ध कर दिया।

**संविधान में दिया समानता का अधिकारः** जब भारत आजाद हुआ तो देश को अच्छी तरह चलाने के लिए संविधान तैयार करने की जिम्मेदारी भीमराव अंबेडकर और कुछ अन्य विद्वानों को दी गई। उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि शिक्षा, नौकरी और न्याय में पिछड़े वर्गों को आरक्षण मिले ताकि वे बराबरी से आगे बढ़ सकें। इस तरह उन्होंने हमारे देश और समाज को एक नई दिशा दिखाई।

**लें यह संकल्पः** बच्चो, बाबा साहब की जयंती पर हम यह संकल्प ले सकते हैं कि कभी भी किसी को उसकी जाति, धर्म या रंग के आधार पर उपेक्षा या अपमानित नहीं करेंगे। हम सबको बराबरी का दर्जा देंगे। यही बाबा साहब के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## दुनिया का काम



बच्चो, एक छोटी सी चित्रात्मक कहानी की किताब 'दुनिया का काम', कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें एक मक्खी, एक मुर्गा, एक कुत्ता और एक कौए की कहानी है। इन चारों को लगता है कि ये इंसान की अलग-अलग तरीके से मदद करते हैं। जैसे, मुर्गे को लगता है कि रोज सुबह उसके बांग देने से ही लोगों की नींद खुलती है, उन्हें सुबह होने का पता चलता है। इसी तरह कौए को लगता है कि जब वह किसी घर की मुंडेर पर बैठकर 'कांव-कांव' करता है, तभी उस घर के लोगों को पता चलता है कि कोई मेहमान आने वाला है। इतनी मदद करने के बावजूद इंसान उनकी मदद का महत्व नहीं समझते हैं। इससे नाराज होकर चारों अपना काम बंद कर देते हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए यह किताब तुम्हें पढ़नी होगी। *

**किताबः** दुनिया का काम, **लेखकः** अखिलेश श्रीवास्तव चमन, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

रोचक / अभिव्यक्ति त्रिवेदी



# भारत के अजब-अनूठे गांव

बच्चो, भारत को गांवों का देश कहा जाता है। यहां करीब 6.65 लाख गांव हैं। इन गांवों की अपनी अलग-अलग खूबियां हैं, लेकिन कुछ गांव तो बहुत ज्यादा ही अनूठे हैं। यहां जाने पर ऐसे नजारे दिखते हैं, जिन्हें देखकर बहुत ज्यादा अचरज होता है। अपनी अनोखी विशेषताओं के कारण ये गांव, पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। जानो, किन विशेषताओं के कारण ये गांव अजब-अनूठे कहलाते हैं।

### मावलिननॉन्गः एशिया का सबसे स्वच्छ गांव

**मावलिननॉन्ग** नामक गांव, मेघालय राज्य में स्थित है। इस गांव का आकर्षण है-चमचमाती पक्की सड़कें, रोशनी से चकाचौंध गलियां। मावलिननॉन्ग में सफाई ऐसी रहती है कि दूर-दूर तक पेड़ों से गिरे पत्ते तक नजर नहीं आते हैं। कहते हैं कि एक समय मावलिननॉन्ग महामारियों की चपेट में आ गया था। यहां के लोगों ने अच्छे स्वास्थ्य और व्यवस्थित जीवन के लिए स्वच्छता का महत्व समझा। साफ-सफाई को अपनाकर अपनी किस्मत खुद बदली और अपने गांव को एक आदर्श गांव के रूप में स्थापित किया। यह गांव 2003 से लगातार एशिया महाद्वीप का सबसे 'स्वच्छ ग्राम' चुना जा रहा है। *




### जबूरः गुजरात में बसा 'मिनी अफ्रीका'


**भारत में** गुजरात के 'गिर' के जंगलों के बीच बसा है जबूर गांव। इसे 'गुजरात का अफ्रीका', 'भारत का अफ्रीका' या 'मिनी अफ्रीका' भी कहा जाता है। यहां एक खास आदिवासी जनजाति 'सिद्दी' निवास करती है, जो मूल रूप से अफ्रीका के बनतु समुदाय से संबंध रखती है। अफ्रीकी रीति-रिवाज की छाप छोड़ता यह गांव हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा है। गुजरात में 'गिर' जंगल को देखने आने वाले लोग जबूर गांव को देखना नहीं भूलते। *

### गुलावटः यहां होती है कमल के फूलों की खेती

**मध्य प्रदेश** के इंदौर शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर स्थित है गुलावट गांव। इसे 'लोटस वैली' के नाम से भी जाना जाता है। यह गांव करीब 300 एकड़ क्षेत्र में फैला है। गांव के लगभग 300 किसान कमल के फूलों की खेती करते हैं। मई-जून में जब इस क्षेत्र में पानी नहीं होता है, तब कमल के बीज रोपे जाते हैं। यहां पैदा होने वाले कमल के फूल इंदौर के साथ दिल्ली और अन्य महानगरों में सप्लाई किए जाते हैं। 'लोटस वैली' इंदौर का एक बहुत ही प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बन चुका है। यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन के अलावा घुड़सवारी, बोटिंग, साइकिलिंग, ओपन जीप में साइट व्यू जैसी एक्टिविटीज का मजा लिया जा सकता है। *



### डोंगः जहां सबसे पहले निकलता है सूरज



**डोंग गांव** को 'भारत का पहला सूर्योदय स्थल' कहा जाता है। यहां सुबह 3 से 4 बजे के बीच ही सूरज निकल आता है। यह गांव अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित है। यह गांव चीन और म्यांमार के बीच समुद्र तल से करीब 1240 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस गांव में दिन-रात का चक्र, देश के बाकी राज्यों से कुछ अलग है। बच्चो, तुम्हें जानकर आश्चर्य होगा कि यहां शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है। सूर्योदय और सूर्यास्त की अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण देश-विदेश से पर्यटक इस गांव की सैर करने आते हैं। नए साल पर तो देश के विभिन्न स्थानों से लोग यहां सूरज की पहली किरण देखने आते हैं। *

विशेषः बैसाखी, 13 अप्रैल

# उमंग-उल्लास का त्योहार बैसाखी



पर्व

विनय कुमार पाठक

बच्चो, हमारे देश में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो पूरे देश में मनाए जाते हैं, तो कुछ त्योहार ऐसे हैं, जो किसी विशेष प्रांत में या कुछ प्रांतों में मनाए जाते हैं। कुछ पर्व अलग-अलग राज्य में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, जिन्हें मनाने का तरीका भी थोड़ा अलग हो सकता है। ऐसा ही एक अनूठा पर्व है बैसाखी, जिसे मुख्य रूप से पंजाब और उसके आस-पास के इलाकों में मनाते हैं।

**फसल तैयार होने की खुशी:** बैसाखी पर्व, मुख्य रूप से फसल तैयार होने की खुशी को प्रकट करने से जुड़ा हुआ है। मार्च के अंत से लेकर अप्रैल माह में जब रबी की फसल (गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि) तैयार हो जाती है तो किसान उसकी खुशी को प्रकट करने के लिए बैसाखी पर्व मनाते हैं।

**खालसा पंथ की हुई स्थापनाः** बैसाखी सिख धर्म के लोगों का बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। सिख धर्म में यह पर्व नए साल का प्रतीक भी माना जाता है। इसी दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में विशेष पूजा की जाती है, जुलूस भी निकाला जाता है। लंगर का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म और वर्ग के लोगों को भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अपनी खुशी उमंग को प्रकट करने के लिए लोग पारंपरिक लोकनृत्य भांगड़ा और गिद्दा भी करते हैं। इसमें बच्चे भी बड़े उत्साह से हिस्सा लेते हैं।

**हिंदी महीने वैशाख से भी संबंधितः** तुम्हें हिंदी कैलेंडर के महीनों के नाम (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आसाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, अग्रहण, पौष, मार्गशीर्ष, फाल्गुन) तो याद होंगे ही। इनके बारे में हम इसलिए बता रहे हैं, क्योंकि बैसाखी का संबंध हिंदी कैलेंडर के एक महीने वैशाख से भी संबंधित है। जिस तरह आम बोलचाल में ज्येष्ठ को जेठ, श्रावण को सावन, भाद्रपद को भादो और मार्गशीर्ष को माघ कहते हैं। उसी तरह वैशाख को बैसाख भी कहते हैं। बैसाख माह की पहली तिथि को मनाए जाने के कारण इस पर्व को बैसाखी नाम दिया गया है।

**हर प्रांत में अलग नामः** बैसाखी पर्व, पंजाब के साथ-साथ कई अन्य प्रांतों में भी मनाया जाता है। असम में इसे बीहू, बंगाल में पोइला बैसाख, तमिलनाडु में पुथंडु, केरल में विशु के नाम से मनाते हैं। असम में इसे रोंगाली विहु या वैशाख विहु के नाम से भी जानते हैं। जो नव वर्ष का पहला दिन होता है। इस पर्व को मनाने का उद्देश्य होता है, ईश्वर को अच्छी फसल देने के लिए धन्यवाद देना। *

पहेलियां / हर्ष रमेश

बच्चो, नीचे दी गई प्रत्येक पहेली में किसी शहर का नाम छिपा है। इनके नाम बताओ-

1. ऋषि है पर तप नहीं करता
केश लगाकर आगे बढ़ता।
2. कान है पर सुन नहीं सकता
पुर की पूंछ पकड़ कर रहता।
3. हाथ है पर करता नहीं काम
रस है पर पीता नहीं श्याम।
4. हरि है पर नहीं है देवता
द्वार पर ही हरदम रहता।

उत्तर: 1.ऋषिकेश, 2.कानपुर, 3.हाथरस, 4.हरिद्वार



# श्याम का गांव

श्याम बहुत ही खुशी-खुशी गांव से शहर इस इरादे से आया कि यहां वह बहुत ही अच्छे से पढ़ाई करेगा। लेकिन शहर में उसने जो देखा, उसका मन खिन्न हो गया। उसे अपना गांव बहुत ज्यादा याद आने लगा। श्याम का मन शहर में क्यों खिन्न हो गया? तो क्या वह वापस अपने गांव लौट गया?

कहानी

कल्लोल चक्रवर्ती

श्याम को शहर आए दूसरा दिन है। चाचा उसे आज चिड़ियाघर ले जाने वाले हैं, लेकिन वह खुश नहीं है। गांव से आते हुए वह शहर के बारे में सोचकर बहुत खुश हो रहा था कि यहां वह अच्छे से स्कूल में पढ़कर बड़ा आदमी बनेगा। लेकिन शहर आकर उसका सारा उत्साह खत्म हो गया। श्याम यही सोच रहा था, इससे अच्छा तो उसका गांव है। शहर में चारों ओर बहुत गंदगी है। बस एक छोटे से कमरे में पिता जी और चाचा रहते हैं। इसी कमरे में खाना भी बनता है। दरवाजा खोलते ही बदबू आती है। मां दरवाजा बंद करके रोटी बनाती है। आज सुबह पास के सुलभ शौचालय से लौटने के बाद से ही श्याम का मन घिना रहा है। ऐसी जगह रहने के लिए वह गांव छोड़कर नाहक ही आ गया। श्याम को रह-रह अपनी दादी की याद आ रही है। गांव में भूरी गाय उसके बिना रोटी नहीं खाती। रोटी के इंतजार में शायद वह अब भी उसका रास्ता देख रही होगी। श्याम का बस चलता, तो अभी गांव लौट जाता। उसे बहुत जोर से रोना आ गया।

श्याम को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि वह अपने मन की बात किससे कहे? पिता जी से कहने की हिम्मत नहीं थी। मां बहुत देर से उसका चेहरा देख रही थी। क्या मां को पता चल गया कि उसका मन शहर में बिल्कुल नहीं लग रहा है, वह वापस जाना चाहता था? श्याम को याद आता है, शाम होते ही सारे दोस्त कभी तालाब के किनारे, तो कभी आम के बागान में खेलते हैं। यहां तो कोई दोस्त ही नहीं है। सुबह अपनी उम्र के एक लड़के से भेंट हुई। सोनू नाम था उसका। श्याम को लगा कि कम से कम खेलने के लिए एक साथी तो मिल गया। उसने उस लड़के से हंसकर कहा, 'यहां शहर में तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो भाई?' सोनू ने उसे अजीब निगाहों से घूरा और बोला, 'मेरे पास खेलने का टाइम नहीं है। सुबह चार बजे उठकर दो मोहल्लों में अखबार बांटता हूं। पहले एक फैक्ट्री में काम करता था, लेकिन उम्र कम होने के कारण वहां से हटा दिया। अब नुक्कड़ के रामू चायवाले की दुकान पर काम करता हूं।'

श्याम उसका मुंह देखता रह गया। सोनू को जब पता चला कि श्याम शहर के स्कूल में पढ़ने के लिए गांव से आया है, तो उसे आश्चर्य हुआ। उसने श्याम को बताया, 'बस स्टैंड के पास वाले सरकारी स्कूल में मैंने कुछ दिन पढ़ाई की थी। मास्टर मारते बहुत थे। मां के बीमार होने के बाद मैंने पढ़ाई छोड़ दी।'

श्याम को देखकर आश्चर्य हुआ कि सड़क पर गायों का झुंड है। वे कूड़ों के ढेर में मुंह डाल रही थीं। उसे यह देखकर बुरा लगा। इतनी सारे गायें किसकी हैं? उसके गांव में गायें खूंटे से बंधी रहती हैं। श्याम सोचता है, 'गांव का भोलू कुत्ता यहां के कुत्तों से अच्छा है। खाना खाने के बाद जब भी वह आवाज लगाता है, भोलू उसके पास आकर पूंछ हिलाने लगता है। क्या भोलू भी उसे ढूंढ़ रहा होगा? सुबह मां गांव चली जाएगी, तो इस अंधेरे कमरे में उसे अकेले रहना पड़ेगा। कैसे रह पाएगा वह?' श्याम को यह सोचकर रोना आ रहा था। उसे पूरी रात नींद नहीं आई। उसे चिंता हुई, मां के बिना वह कैसे रह पाएगा? सुबह रोटी बनाते हुए मां ने श्याम को आवाज लगाई, 'उठ, तैयार हो जा।' पिता जी ने पूछा, 'क्यों तैयार होगा वह? मैं तुम्हें गांव छोड़कर कल आ जाऊंगा।' मां तुरंत बोली, 'मेरा बेटा यहां नहीं रह पाएगा। रात भर वह रोता रहा। गांव में ही वह पढ़ाई करेगा।' पिता जी कुछ देर मां की ओर देखते रहे। फिर धीरे-धीरे रोटी खाने लगे।

मां की बात पर श्याम को पहले विश्वास ही नहीं हुआ। मां ही तो उसे शहर में पढ़ाना चाहती थी। अब वही गांव लौटने के लिए कह रही है। मन ही मन खुश श्याम गांव जाने के लिए तैयार होने लगा। *

कविता / करुणा पांडे

# गूगल दादा


गूगल दादा गूगल दादा, उत्तर हमें बता दो।
कल परीक्षा है हमारी, पाठ याद करवा दो।।
प्रश्न का उत्तर दे सकता हूं, याद तुम्हें है करना।
मैं मशीन वाला दादा हूं, याद सदा ये रखना।।
तुम भी दादा वह भी दादा, क्या अंतर है भाई।
मेरे दादा-दादी ने कई, कविता याद कराई।।
दादा-दादी हैं इंसान, भाव संस्कार भरे हैं।
जितना फीड किया मशीन में, उतना काम करे है।।
गूगल दादा गूगल दादा, तुम से कट्टी कर लेंगे।
अपनी दादी नानी की, गोदी में सर रख पढ़ लेंगे।।



मैं मशीन हूं नेट से चलता, काम करूंगा प्यार नहीं।
इस दुनिया में प्यारे बच्चो, दादी मां सा दुलार नहीं।।
मां-पापा से यही प्रार्थना, सीखो खुद और बताओ।
दया सत्य का पाठ सदा ही, दादी-नानी संग पाओ।।

## सही जोड़ा बनाओ

बच्चो, यहां कुछ एनिमल्स के चित्र और उनकी परछाइयां दी गई हैं। तुमको चित्र के साथ उसकी सही परछाई का मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-a, 4-b

## जीके क्विज-149

1. एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
2. देश के वर्तमान रक्षा मंत्री कौन हैं?
3. कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश हरियाणा और पंजाब दो राज्यों की राजधानी भी है?
4. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
5. दुनिया का सबसे बड़ा महासागर कौन-सा है?
6. भारत में सबसे पहले अंडरग्राउंड ट्रेन कहां चली थी?
7. दुनिया का सबसे छोटा देश कौन-सा है?
8. किस मुगल शासक ने फतेहपुर सीकरी की स्थापना की थी?
9. भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी कौन-सी है?
10. 'मधुशाला' किसकी रचना है?



बच्चों, जीके क्विज-149 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-148 का उत्तर :** 1.विनोद कुमार शुक्ल, 2.क्रिकेट, 3.नायब सिंह सैनी, 4.चाड, 5.गुरु रामदास, 6.नरेंद्र मोदी स्टेडियम, 7.प्रोपेन और ब्यूटेन, 8.सहारा मरुस्थल, 9.टोकोफेरॉल, 10. 18 अप्रैल

**जीके क्विज-148 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अमन-रायपुर, दीपक-बिलासपुर, कशिश-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, कुणाल-रोहतक




# लॉस एंजिल्स ओलंपिक : क्रिकेट में भाग लेंगी छह-छह टीमें, जोड़ी 22 नई पदक स्पर्धाएं

## 128 वर्ष बाद क्रिकेट की वापसी, 15 सदस्यीय टीम का चयन करेंगी प्रत्येक टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में जब 128 वर्षों के बाद क्रिकेट की वापसी होगी तो पुरुष और महिला वर्ग में से प्रत्येक में छह टीम स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा पेश करेंगी। आयोजकों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ओलंपिक खेलों में इससे पहले पेरिस में 1900 में आयोजित किए गए खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया था। तब क्रिकेट में फ्रांस और ग्रेट ब्रिटेन ने ही हिस्सा लिया था। इन दोनों टीम के बीच दो दिवसीय मैच खेला गया था जिसे अनधिकृत टेस्ट मैच का दर्जा हासिल है।

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताओं में छह टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 15 सदस्यीय टीम का चयन कर सकती हैं क्योंकि पुरुष और महिलाओं दोनों में 90-90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित किया गया है।




### क्वालीफाईंग तरीके की अभी तक पुष्टि नहीं

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे 12 पूर्ण सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा 94 देश एसोसिएट सदस्य हैं। ओलंपिक 2028 में क्रिकेट में क्वालीफाई करने के तरीके कि अभी तक पुष्टि नहीं की गई है लेकिन अमेरिका को मेजबान देश होने के कारण सीधा प्रवेश मिलना तय है।

### रैंकिंग से मिलेगा प्रवेश

प्रत्येक वर्ग में बाकी पांच टीम क्वालिफिकेशन के जरिए इसमें अपनी जगह बनाएंगी। ऐसा माना जा रहा है कि किसी निश्चित समय सीमा तक आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली पांच टीमों को अमेरिका के साथ ओलंपिक खेलों में प्रवेश दिया जाएगा।

### पांच नए खेलों की एंट्री

क्रिकेट उन पांच खेलों में शामिल है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अगले ओलंपिक खेलों में शामिल करने की मंजूरी दी थी। चार अन्य खेल बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस और स्क्वाश हैं।

### 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी

इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने बुधवार को ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी। आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।


खास खबर

## सैमसन पर धीमी ओवर गति के लिए 24 लाख रुपए का जुर्माना



**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर आईपीएल में यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 24 लाख रुपए का भारी जुर्माना लगाया गया है। गुजरात टाइटंस ने बुधवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया यह मैच 58 रन से जीता था। राजस्थान रॉयल्स की टीम 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई थी। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा, उनकी टीम का यह सत्र का दूसरा अपराध था, इसलिए सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर या तो छह लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'

## गुजरात ने रणनीति पर अच्छे से अमल किया



**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के लिए टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने बल्लेबाजी के लिए अनुकूल विकेट पर अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल किया। साई सुदर्शन (82 रन) ने शानदार अर्धशतक लगाया, इसके बाद सभी गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करके गुजरात टाइटंस को 58 रन से जीत दिलाई। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए तो राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रन पर आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बैडमिंटन : सिंधू और राजावत हारकर बाहर



**निंगबो।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा खिलाड़ी प्रियांशु राजावत गुरुवार को यहां बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में अपने वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज 29 वर्षीय सिंधू ने कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे छह मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में दुनिया की चौथी और तीसरी वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची से 12-21, 21-16, 16-21 से हार गईं। राजावत पुरुष एकल मुकाबले में सातवीं रैंकिंग और पांचवें वरीय जापान के कोडाई नाराओका से सीधे गेम में 14-21, 17-21 से हार गए। पुरुष एकल स्पर्धा में किरण जॉर्ज का सफर भी समाप्त हो गया। उन्हें थाईलैंड के पांचवें वरीय कुनलावुत वितिदसर्ण के खिलाफ 21-19, 13-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह भारत का पुरुष और महिला एकल स्पर्धाओं में अभियान समाप्त हो गया है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 5 | 4 | 1 | 8 |
| दिल्ली | 3 | 3 | 0 | 6 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 |
| राजस्थान | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| चेन्नई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| हैदराबाद | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
288 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
11 विकेट
चेन्नई

# आईपीएल : मैच आज, सीएसके को मिली है लगातार चार हार

# तीन बार का विजेता कोलकाता पांच बार के चैंपियन चेन्नई को देगा चुनौती

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लगातार हार से बेजार चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। चेन्नई की टीम को अभी तक पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है और इसलिए यह मैच उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। उसे अपने पिछले मैच में पंजाब किंग्स से 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। चेन्नई की टीम अब अपना भाग्य बदलने के उद्देश्य से अपने घरेलू मैदान पर खेलने के लिए उतरेगी। उसे हालांकि अभी तक यहां के विकेट से उतनी मदद नहीं मिली है जैसे कि अतीत में मिला करती थी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़ी हार के बाद चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने पिच को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर व्यक्त की थी। चेन्नई की पिछली सफलताओं में उसका घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है लेकिन अब यहां की पिच काफी बदल गई है और उसके खिलाड़ी इससे सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं।




### चोटिल गायकवाड़ आईपीएल से बाहर, धोनी होंगे चेन्नई के कप्तान

चेन्नई सुपर किंग्स को गुरुवार को करारा झटका लगा जब नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए जिससे एक बार फिर महेंद्र सिंह धोनी को टीम की बागडोर मिली है। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इसकी पुष्टि की। फ्लेमिंग ने शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले मीडिया को बताया, 'ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी के फ्रेक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। हमारे पास एक 'अनकैप्ड' खिलाड़ी हैं, एम एस धोनी बचे हुए आईपीएल सत्र में टीम के कप्तान होंगे।' धोनी ने 2008 से 2023 तक सीएसके की अगुआई की थी और टीम को पांच आईपीएल खिताब दिलाए थे। उन्होंने 2024 सत्र से पहले गायकवाड़ को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी थी।

### धोनी पर नजर, फार्म में लौटे सीएसके के बल्लेबाज

सभी की निगाहें एक बार फिर से महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 12 गेंद पर 27 रन बनाए थे जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल है। चेन्नई की टीम के लिए अच्छी बात यह है कि डेवोन कॉनवे, रचिन रवींद्र और शिवम दुबे जैसे बल्लेबाजों ने लय हासिल करने के संकेत दिए हैं लेकिन कप्तान रुतुराज गायकवाड़ से बड़ी पारी की दरकार है। चेन्नई की गेंदबाजी कमोबेश वैसी ही रहेगी, जिसमें खलील अहमद, मुकेश चौधरी और मथीशा पथिराना तेज गेंदबाजी विभाग संभालेंगे जबकि रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा और नूर अहमद पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी।

### केकेआर के गेंदबाज खा रहे मार

जहां तक नाइट राइडर्स का सवाल है, वे तीन दिन पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मिली करीबी हार से उबरने और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। उनके गेंदबाजों को ईडन गार्डन्स में लखनऊ के बल्लेबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था। उन्हें यहां अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में नाइट राइडर्स का दारोमदार फिर से क्विंटन डी कॉक, सुनील नारायण, कप्तान अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों पर रहेगा।

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला हॉकी 26 से करेगी ऑस्ट्रेलिया का दौरा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से चार मई तक होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। भारत श्रृंखला की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से करेगा। इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।

### दो महीने पहले सितंबर में होगा बिली जीन कप

**लंदन।** बिली जीन किंग कप का फाइनल शीर्ष खिलाड़ियों के शेड्यूल को ध्यान में रखकर अब दो महीने पहले सितंबर में आयोजित किया जाएगा। अब यह टूर्नामेंट 16 से 21 सितंबर तक शेंझेन में होगा। अमेरिकी ओपन सात सितंबर को खत्म होगा जिसके बाद डब्लूटीए टूर 24 सितंबर से बीजिंग में चाइना ओपन के जरिए शुरू होगा। बिली जीन किंग कप में गत चैंपियन इटली, मेजबान चीन के साथ छह और टीमें होंगी।

### एक घंटे लेट से शुरू होंगे पीएसएल के मुकाबले

**कराची।** इंडियन प्रीमियर लीग के साथ सीधे प्रसारण समय के टकराव को कम करने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग प्रबंधन ने आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद अपने मैच का समय निर्धारित किया है। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने एक पॉडकास्ट में कहा कि पीएसएल मैच रात 8:00 बजे से शुरू होंगे जो आईपीएल मैच के शुरू होने के एक घंटे बाद कराया जाएगा। पाकिस्तानी स्थानीय समयानुसार आईपीएल मैच शाम सात बजे शुरू होते हैं। पीएसएल शुक्रवार को रावलपिंडी में शुरू होगा।

# लेवांडोव्स्की ने दिलाई बार्सिलोना को बड़ी जीत, पीएसजी भी जीता

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

रफिन्हा और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 4-0 से शानदार जीत दर्ज की। लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए जबकि रफिन्हा ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। इससे बार्सिलोना 2019 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए मजबूत स्थिति में पहुंच गया।



बार्सिलोना की तरफ से लैमिन यामल ने भी गोल किया जिससे जर्मन टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मंगलवार को डॉर्टमुंड में खेला जाएगा। क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के एक अन्य मैच में पेरिस सेंट जर्मेन ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के शानदार गोल की मदद से एस्टन विला को 3-1 से हरा दिया।

मॉर्गन रोजर्स ने 35वें मिनट में विला को बढ़त दिला दी थी लेकिन 19 वर्षीय डेसिरे डोउ ने इसके चार मिनट बाद सत्र का अपना 12वां गोल करके पीएसजी को बराबरी पर ला दिया। क्वारात्सखेलिया ने इस मैच में मध्यांतर के चार मिनट बाद पीएसजी को आगे कर दिया। फ्रांस की टीम की तरफ से लेफ्ट बैक नूनो मेंडेस ने स्टॉपेज टाइम में तीसरा गोल किया।

**कार्यालय नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर ( म.प्र.)**
फोन नं. -07621-220435 ईमेल -cmopatan@mpurban.gov.in

पाटन, दिनांक- 09.04.2024

**बाजार फीस वसूली एवं वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद पाटन की परिषद बैठक दिनांक 08.04.2025 में पारित संकल्प क्र. 03 एवं 02 के अंतर्गत निर्णय अनुसार एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल सम्पत्ति का अतंरण) नियम 2016 तथा संशोधित नियम, मध्यप्रदेश राजपत्र ( असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु (01 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक) 11 माह की अवधि के लिये बाजार फीस वसूली एवं वाहन पार्किंग वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जा रहीं हैं ।निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।इच्छुक व्यक्ति नगर परिषद पाटन में ई-निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते हैं।अतिरिक्त जानकारी इस वेबसाईट पर टेण्डर डॉक्यूमेंट पर देखी जा सकती है, या नगर परिषद कार्यालय की राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालयीन समय पर देखी जा सकती है ।विवरण इस प्रकार है

| निविदा आई.डी. | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_415734_1 NIT No 35/NP/Raj./2025 | दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार बैठकी ठेका | 19,18,000 | 1,92,000 | 5000 |
| 2025_UAD_415733_1 NIT No 37/NP/Raj./2025 | वाहन पार्किंग फीस वसूली ठेका | 9,07,000 | ,91,000 | 5000 |

शर्ते :- (1) प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की वेबसाईट में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा ऑफर प्रस्तुत किया जावेगा ।(2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 10.04.2025 को 18:30 बजे से दिनांक 26.04.2025 को 17:30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं ।(3) ऑनलाईन बिड (बोली) सबमिट करने की तिथि 26.04.2025 को 17:30 बजे तक है।(4) ई - निविदा दिनांक 28.04.2025 को 17:35 बजे से खोली जावेगी ।(5) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

आचार्य जगेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद पाटन, जिला-जबलपुर
दीपेश बबेले, प्रभारी राजस्व शाखा, नगर परिषद पाटन, जिल- जबलपुर
जयश्री चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर**
AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE
इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001 फोन-0761-2622333, एवं फैक्स ई-मेल- eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2025-26 जबलपुर, दिनांक 07-04-2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. -01**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है ।उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑन लाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| सं. क्रं | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_PWDRB _415006_pack1 | रियाना पहुंच मार्ग लं. 0.55 किमी, हडा बडोडा मार्ग लं. 1.10 किमी, बीजा बडोडा मार्ग लं. 1.00 किमी, सहसन पड़रिया मार्ग लं. 2.40 कि.मी., उजरोद पहुंच मार्ग लं. 0.70 किमी एवं नटवारा बम्हनोधा मार्ग लं. 1.85 किमी कुल लंबाई 7.60 किमी में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य । | प्रथम | 84.73 लाख | 84800/- | 10000/- | 06 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 02 | 2025_PWDRB _415008_pack1 | मोहला पहुंच मार्ग लं. 0.80 किमी, चिखली मंदोवर मार्ग लं. 3.60 किमी, मढा बंजर मार्ग लं. 2.60 किमी, घाट सिमरिया पहुंच मार्ग लं. 0.13 किमी, मढा बरेली मार्ग लं. 2.10 किमी, देवरी लमतरा मार्ग लं. 2.43 किमी, मोहसाम गुनहरू राय सिमरिया मार्ग लं. 1.54 किमी, जी. ए.डी. क्वार्टर मार्ग लं. 0.60 किमी, खिन्नी देवरी मार्ग लं. 1.70 किमी एवं घुटना पौण्डीकलां मार्ग लं. 1.50 किमी कुल लंबाई 17.00 किमी में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य । | प्रथम | 160.06 लाख | 160100/- | 12500/- | 08 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 03 | 2025_PWDRB _415010_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पाटन उपखण्ड में मार्गो का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 04 | 2025_PWDRB _415012_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत शहपुरा उपखण्ड में मार्गो का रखरखाव एवं पेंच मरम्मत कार्य | प्रथम | 19.90 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 05 | 2025_PWDRB _415014_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत शहपुरा उपखण्ड अंतर्गत रेस्ट हाऊस एवं अन्य भवनों में विभिन्न मरम्मत कार्य, ड्रेनेज, वाटर प्रूफिंग, सेनेटरी फिटिंग, फ्लाई प्रूफ वायर मेस एवं रेनोवेशन कार्य । | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 06 | 2025_PWDRB _415015_pack1 | पाटन उपसंभाग के अंतर्गत पाटन एवं मुख्यालय उपखण्ड अंतर्गत रेस्ट हाऊस एवं अन्य भवनों में विभिन्न मरम्मत कार्य, ड्रेनेज, वाटर प्रूफिंग, सेनेटरी फिटिंग, फ्लाई प्रूफ वायर मेस एवं रेनोवेशन कार्य । | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 07 | 2025_PWDRB _415016_pack1 | रामलीला मंच गढ़ा जबलपुर में सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु कम्युनिटी हॉल का निर्माण कार्य ।(डिपोजिट कार्य) | प्रथम | 8.40 लाख | 17000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 08 | 2025_PWDRB _415017_pack1 | शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत नवीन मार्ग निर्माण हेतु वाटर सप्लाई पाईप लाईन, चेम्बर लोकेशन एवं विभिन्न कार्य । | प्रथम | 10.00 लाख | 20000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 09 | 2025_PWDRB _415019_pack1 | पचपेढ़ी उपखण्ड के अंतर्गत ऑफीसर्स बंगलों में बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, पार्किंग शेड, पेवर ब्लॉक एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.98 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |
| 10 | 2025_PWDRB _415022_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत न्यायाधीश बंगलों में विट्रीफाईड टाईल्स फ्लोरिंग, एल्युमिनियम सेक्शन, पुट्टी, पेंटिंग, इमलशन कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.99 लाख | 40000/- | 2000/- | 04 माह(वर्षा ऋतु सहित) |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28/04/2025 समय 17.30 बजे तक है ।इलेक्ट्रानिक ई. एम. डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेगें ।( 2 ) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नहीं कराया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र.-2, जबलपुर

G-11373/25

स्वच्छता ही सेवा

### अपराध थाने में सट्टे के साथ आईटी एक्ट का पहला मामला दर्ज, 3 गिरफ्तार

# शुभ-लाभ एप से खिलाया जा रहा था क्रिकेट का सट्टा

जबलपुर।

आईपीएल क्रिकेट सट्टे में जबलपुर जिले में कल पहली एफआईआर क्राइम ब्रांच के थाने में दर्ज हुई जिसमें सट्टे की धारा के साथ साथ आईटी एक्ट की धारा भी लगाई गई है। पुलिस के मुताबिक पाटन कटंगी लिंक रोड पर एक मकान में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा चला रहा जिस पर हर बॉल, हर रन और हर विकेट पर दाव लगवाये जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम ने छापा मारा, यहां तीन सटोरिए पकड़े गए जिनके पास से नगदी 33 हजार 500 रूपये, 8 मोबाईल, 1 लैपटाप आदि जप्त किया गया है।

क्राईम ब्रांच थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीती रात क्राइम ब्रांच की टीम ने माढ़ोताल थाना अतंर्गत कटंगी-पाटन लिंक रोड स्थित एक मकान में दबिश दी गई। क्राइम ब्रांच हुकुम चंद पटेल के बगल वाले घर की छत पर चढ़कर उसके ऊपर वाले कमरे में पहुंची तो वहां तीन लोग बैठकर सट्टा लिख रहे थे, जिनके पास रजिस्टर में लाखों का हिसाब किताब था। तिलक भूमि तलैया बड़ा फुहारा कोतवाली निवासी 29 वर्षीय निखिल उर्फ निक्की जैन, 56 वर्षीय राकेश जैन और सराफा दरहाई कोतवाली निवासी 49 वर्षीय आनंद जैन शुभलाभ सट्टा एम्पलीकेशन से आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिला रहे थे। आरोपियों के पास से 33 हजार 500 रुपए नगद, लैपटॉप जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान एसआई चंद्रकांत झा, एएसआई धनंजय सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश मिश्रा, अमित पटेल, आरक्षक त्रिलोक पादरी और राजेश म्हात्रे मौजूद थे।



### गलत नाम से प्रयोग कर रहे थे मोबाइल

क्राईम ब्रांच के थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि तीनों आरोपियों के फोन नंबर पूछकर जब सायबर सेल की सहायता से नंबरों का सत्यापन कराया गया, तो पता चला कि राकेश जैन द्वारा जो दोनों नंबर बताए गए हैं , वे दोनों गलत नाम से उपयोग किए जा रहे हैं। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (आईटी एक्ट) के तहत भी कार्रवाई की गई। संभवतः यह सट्टा का पहल मामला है, जिसमें सट्टा की धाराओं के साथ आईटी अपराध की धाराएं भी लगाई गई हैं। पुलिस ने तीनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4, 4(क) सट्टा एक्ट तथा 66(सी) आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# एसडीएम की रोक के बावजूद क्यों हटाया जा रहा निर्माण

## हाईकोर्ट ने डिंडोरी कलेक्टर से पूछा, यथास्थिति के दिये निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने डिंडोरी कलेक्टर से पूछा कि जब एसडीएम की अदालत ने रोक लगाई है तो याचिकाकर्ता का निर्माण क्यों हटाया जा रहा है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर, एसडीएम, राजस्व निरीक्षक व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डिंडोरी निवासी मनोज कुमार खांडे की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सुशीला कुशारे ने तहसीलदार के समक्ष आवेदन पेश कर आरोप लगाया कि ग्राम सुखवार में खसरा नंबर 171 में याचिकाकर्ता व उसके परिवार ने अवैध निर्माण कराया है। तहसीलदार ने 22 अगस्त 2024 को याचिकाकर्ता से कब्जा वापस लेकर सुशीला को दिलाने के आदेश दिए। याचिकाकर्ता ने एसडीएम कोर्ट में अपील की, जिस पर स्थगन मिल गया। इसके बावजूद सुशीला ने एसडीएम कोर्ट के आदेश को छिपाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 7 मार्च 2025 को आदेश दिए कि तहसीलदार का आदेश का पालन होना चाहिए बशर्ते उस आदेश पर उच्चाधिकारी की रोक नहीं हो। इसलिए याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की और बताया कि सुशीला ने तथ्य छिपाकर हाईकोर्ट से आदेश कराया था।

### आपराधिक रिकार्ड के आधार पर नही मिली अग्रिम जमानत

**जबलपुर।** जिला अदालत ने चिकनी कुंआ, गढ़ा निवासी अंबर उर्फ मंगल अहिरवार की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अपर सत्र न्यायाधीश विवेक पटेल की कोर्ट ने पाया कि आवेदक का आपराधिक रिकार्ड है। उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में एक दर्ज अपराध पंजीबद्ध हैं। यदि जमानत दी गई तो वह साक्षियों को डराएगा-धमकाएगा। इस तरह अभियोजन साक्षियों को प्रभावित करेगा। वह न्यायालय में उपस्थित भी नहीं हुआ। इसलिए उसके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। अभियोजन की ओर से एजीपी कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने छह फरवरी, 2025 की रात साढ़े 10 बजे सोनू अहिरवार व उसके पिता पर हमला बोल दिया था। शराब पीने के लिए रुपये की मांग पूरी न करने पर डंडा चलाने लगा। दनादन गोलिया चला दीं। इससे शिकायतकर्ता व उसके पिता बुरी तरह लहुलुहान हो गए। यदि समय पर अस्पताल न ले जाते तो उनकी जान भी जा सकती थी। इसीलिए गढ़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण कायम किया।



### सुबह की पाली में दोपहर 1 बजे तक लगेंगे स्कूल


**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और इसका विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुये जिले में स्थित सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर द्वारा आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिले में स्थित सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई और नवोदय विद्यालय अब सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक लगेंगे। विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने जारी किया गया यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। आदेश के मुताबिक परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अनुसार ही होंगे।

# तेज आंधी तूफान के बीच बूंदाबांदी

## फिर पटरी से उतरे मौसम के मिजाज, वर्षा की संभावना

जबलपुर।

एक बार फिर मौसम के मिजाज पटरी से उतर गये। गुरुवार की दोपहर धूप के बीच बूंदाबांदी हुई और शाम को धूल भरी आंधी चलने से लोग हैरान हो गए। मौसम विभाग द्वारा अगले 24 घंटे के दौरान संभाग में कही कही हल्की वर्षा और धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। उधर मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के कारण ऐसा हो रहा है। देश के पश्चिमी इलाकों में हो रही बारिश के बाद नमी भरी हवाओं ने पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना दिया है। यह लोप्रेशर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रहा है। लिहाजा बारिश और आंधी तूफान का माहौल बन गया। यद्यपि तापमान में कोई गिरावट नहीं आई। मौसम शुष्क रहने और बादलों के छाने और बूंदाबांदी होने से उमस बढ़ गई है। फसलों और स्वास्थ्य के लिये मौसम नुकसानदायक साबित होगा, ऐसा मौसम विशेषज्ञों का मानना है।



गुरुवार की सुबह से मौसम शुष्क रहा और आसमान पर तेज धूप खिली रही। दोपहर 3 बजे मौसम ने अचानक करवट बदली। बीच-बीच में बादल छाये और तूफानी गति से हवाएं चली। खिली धूप के बीच छुटपुट बूंदाबांदी हुई।

दोपहर बाद शाम 5 बजे से एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। आसमान पर बादल छाये और तेज हवाएं चलने लगीं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम के तेवर बदले। पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 49 प्रतिशत और सायंकाल 37 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.52 बजे और सूर्यास्त शाम ६.29 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 44.02 डिग्री तापमान रतलाम एवं राजगढ जिले में दर्ज किया गया। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4-5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले २४ घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240